सुप्रभात
रांची, मंगलवार
06.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 143

12 पकड़ुआ बियाह में नेगेटिव किरदार में नजर आयेंगी अनारा गुप्ता

# गुजरात में भाजपा की जीत

## एक्जिट पोल : हिमाचल प्रदेश में टक्कर के बीच बढ़त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एक्जिट पोल में अनुमान लगाया गया है कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में वापसी होगी। अधिकतर टेलीविजन चैनलों ने चुनाव सर्वे करने वाली एजेंसियों के साथ मिलकर कहा है कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आसान जीत होगी। कांग्रेस पार्टी दूसरे स्थान पर रहेगी। गुजरात में सघन चुनाव प्रचार अभियान चलाने वाली आम आदमी पार्टी दहाई तक पहुंच सकती है। रिपब्लिक टीवी और पी मार्ग एक्जिट पोल के अनुसार भारतीय जनता पार्टी को गुजरात में 128 से 148 तथा कांग्रेस को 30 से 42 सीटें मिल सकती हैं, जबकि आप के हिस्से में दो से 10 सीटें आ सकती हैं। जन की बात के अनुसार भाजपा को 117 से 140 तथा कांग्रेस को 34 से 51 सीट मिल सकती हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के हिस्से में 6-13 सीटें आने का अनुमान लगाया गया है। टीवी 9 का गुजरात में अनुमान है कि भाजपा को 125 से 130, कांग्रेस को 40 से 50 और आप को 3 से 5 सीटें मिलेंगी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के एक्जिट पोल में अधिकतर चैनलों ने भाजपा की सत्ता में वापसी का अनुमान लगाया है। हालांकि, एक टीवी चैनल ने कांग्रेस को बढ़त दिलाई है। रिपब्लिक टीवी और पी मार्ग एक्जिट पोल के अनुसार भाजपा को राज्य में 34 से 39 तथा कांग्रेस को 28 से 33 सीटें मिल सकती हैं, जबकि आप के हिस्से में एक सीट आ सकती है। टाइम्स नाउ ने भाजपा को 34 से 42 और कांग्रेस को 24 से 32 सीटें दी हैं। जी न्यूज के अनुसार भाजपा को 35 से 40 और कांग्रेस को 20 से 25 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा की जीत के इन अनुमानों के विपरीत आजतक ने अनुमान लगाया है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में भाजपा से आगे रहेगी। कांग्रेस को 30 से 40 जबकि भाजपा को 24 से 34 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस हर विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के साथ सत्ता की अदला-बदली करते रहे हैं। इस बार चुनाव में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भाजपा जोड़ो यात्रा के कारण प्रचार में भाग नहीं लिया। इसके बावजूद कांग्रेस के अपेक्षाकृत अच्छे प्रदर्शन का अनुमान लगाया गया है। गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणामों के संबंध में सभी सर्वे एजेंसियों का आम राय है कि भाजपा की सत्ता में एक बार फिर वापसी होगी। पार्टी गुजरात में पिछले 27 वर्षों से सत्तारूढ़ रही है। यदि एक्जिट पोल सही साबित होते हैं, तो राज्य में भाजपा की यह लगातार सातवीं चुनावी विजय होगी। पिछले विधानसभा चुनाव (2017) में कांग्रेस ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। राज्य में पाटीदार आरक्षण आंदोलन के कारण सौराष्ट्र क्षेत्र में भाजपा को भारी नुकसान हुआ था। राज्य में हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिगनेश मेवाणी का युवा नेतृत्व उभरा था, जिसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को भी चुनौती दी थी। भाजपा पहली बार 100 के आंकड़े से नीचे 99 पर अटक गयी थी।




### गुजरात चुनाव एक्जिट पोल

| सर्वे टीम | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| जन की बात | 117-140 | 34-51 | 6-13 | 1-2 |
| पी मार्क | 128-148 | 30-42 | 2-10 | 0-3 |
| टीवी 9 | 125-130 | 40-50 | 3-5 | 3-7 |
| इटीजी | 131 | 41 | 6 | 4 |

### हिमाचल प्रदेश चुनाव एक्जिट पोल

| सर्वे टीम | भाजपा | कांग्रेस | आप | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| जी न्यूज | 35-40 | 20-25 | 00-03 | 1-05 |
| आज तक | 24-34 | 30-40 | 00-00 | 4-8 |
| इंडिया टीवी | 35-40 | 26-31 | 0-0 | 0-03 |
| पी मार्क | 34-39 | 28-33 | 00-01 | 1-04 |

## गुजरात : दूसरे चरण में 58.44 % मतदान

एजेंसी

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान सोमवार को छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। दूसरे चरण के मतदान में उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 सीटों पर वोट डाले गये। कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाओं के अलावा मतदान बहिष्कार की भी घटनाएं हुईं। दूसरे चरण में शाम पांच बजे तक औसत मतदान 58.44 फीसदी दर्ज किया गया। इसमें अहमदाबाद में 53.16, अरवल्ली 60.18, बनासकाठा 65.65, आणंद 59.04, छोटो उदेपुर 62.04, दाहोद 55.80, पाटण 56.09, महीसागर 54.26, वडोदरा 56.75, साबरकांठा में 65.84, पंचमहाल 62.03, गांधीनगर 59.14 फीसदी दर्ज किया गया।

दूसरे चरण के मतदान में सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के साबरमती विधानसभा सीट अंतर्गत राणीप क्षेत्र में मतदान किया। प्रधानमंत्री मोदी की माता हीराबा ने भी सौ साल की उम्र में गांधीनगर स्थित रायसणा क्षेत्र में बूथ पर जाकर मतदान किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अहमदाबाद के बूथ पर जाकर मतदान किया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भी अहमदाबाद में मतदान किया। केंद्रीय मंत्री देबूसिंह चौहाण समेत राज्य के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में मतदान किया। क्रिकेटर इरफान पठान और यूसुफ पठान ने भी वडोदरा में अपने मत डाले।

महेसाणा जिले की खेरालू तहसील के तीन गांवों में लोगों ने पानी के मुद्दे पर मतदान का बहिष्कार किया। खेरालू के डाओल, डालीसरा और वरेठा गांव के करीब पांच हजार लोगों ने मतदान का बहिष्कार किया। इसके अलावा वडोदरा के रेलवे गोदी क्षेत्र के लोगों ने भी पानी की समस्या को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। यहां करीब 300 लोगों ने मतदान में भाग नहीं लिया। गांधीनगर के समीप कलोल विधानसभा सीट अंतर्गत संत अन्ना स्कूल में वोटिंग बूथ के बाहर गड़बड़ी का आरोप कांग्रेस उम्मीदवार ने लगाया। इसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई। बात गाली-गलौज से मारपीट तक बढ़ गई। बाद में पुलिस ने मामले को शांत कराया।



## जरूरतमंदों की मदद करें, पर धर्मांतरण के मकसद से नहीं

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से विस्तृत हलफनामा देने को कहा

एजेंसी



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने जबरन धर्मांतरण को एक बार फिर गंभीर मुद्दा करार देते हुए सोमवार को इस पर पुनः सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि यह संविधान के विरुद्ध है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में वकील अश्विनी उपाध्याय ने एक याचिका दायर की है, जिसमें कोर्ट से केंद्र और राज्यों को डरा-धमकाकर, धोखे से उपहार या मौद्रिक लाभ का लालच देकर किये जाने वाले धर्मांतरण को रोकने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने रुपये, भोजन या दवा का लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने वालों को गलत बताते हुए कहा कि जो गरीब और जरूरतमंद की मदद करना चाहता है, जरूर करे। लेकिन, इसका मकसद धर्म परिवर्तन करवाना नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से इस मामले को लेकर सभी राज्यों में लागू कानूनों की समीक्षा तक विस्तृत हलफनामा देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली दो जजों की बेंच दबाव, धोखे या लालच से धर्म परिवर्तन के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग पर सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इस तरह से धर्म परिवर्तन को देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक बताया था। केंद्र ने भी इससे सहमति जताते हुए कहा था कि नौ राज्यों ने इसके खिलाफ कानून बनाया है। केंद्र भी जरूरी कदम उठायेगा। केंद्र ने कोर्ट से कहा कि वह ऐसे तरीकों से होने वाले धर्मांतरण पर राज्यों से सूचनाएं एकत्र कर रहा है। सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता ने इस मुद्दे पर विस्तृत सूचना दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने 12 दिसंबर को सुनवाई की बात कही।

## दिल्ली नगर निगम चुनाव में आप को पहली बार बहुमत की संभावना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को पहली बार बहुमत पाने की संभावना है। राज्य विधानसभा चुनावों में आप लगातार दो बार 2015, 2020 में भारी जीत हासिल कर चुकी है। दिल्ली नगर निगम पर भाजपा का पिछले 15 वर्षों से कब्जा रहा है। वर्ष 2012 में दिल्ली को तीन नगर निगमों में बांट दिया गया था, जबकि इस वर्ष तीनों को फिर एक कर दिया गया। एकीकरण के बाद 250 वार्डों के लिए रविवार को मतदान हुआ था। अधिकतर एक्जिट पोल में दिल्ली नगर निगम में आप की आसान जीत का अनुमान लगाया गया है। आजतक के अनुसार आप को 149 से 171 सीटें मिल सकती हैं, जबकि भाजपा को 69 से 91 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस के खाते में केवल 3 से 7 सीटें आने का अनुमान है। टाइम्स नाउ ने आप को 146 से 156 तथा भाजपा को 84 से 94 सीटें दी हैं। कांग्रेस के हिस्से में 6 से 10 सीटें आ सकती हैं। जन की बात के अनुसार आप को 159-175, भाजपा को 70-92 और कांग्रेस को 4-7 सीटें मिलेंगी। एक्जिट पोल दरअसल मतदाताओं से रायशुमारी होती है। इनसे रिजल्ट से पहले सरकार का संकेत मिल जाता है।

## न्यूज डायरी

### डॉ फारूक अब्दुल्ला फिर बने नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष

**श्रीनगर।** डॉ फारूक अब्दुल्ला सोमवार को श्रीनगर के हजरतबल में एक समारोह के दौरान निर्विरोध तरीके से नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष के रूप में एक बार फिर से चुन लिये गये हैं। उन्होंने पिछले महीने पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और आम धारणा थी कि उनके बेटे उमर अब्दुल्ला पार्टी की बागडोर संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार उमर अब्दुल्ला ने इस महत्वपूर्ण मौके पर जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया, जबकि अगले साल विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। उसके बाद सोमवार को एनसी द्वारा हजरतबल में हुए एक समारोह में डॉ फारूक अब्दुल्ला को निर्विरोध नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

### नाइजीरिया में मस्जिद में घुसकर 12 की हत्या की

**अबुजा।** नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने एक इमाम सहित एक दर्जन उपासकों की हत्या कर दी। इसके अलावा एक मस्जिद से कई अन्य लोगों का अपहरण कर लिया। स्थानीय निवासियों ने देश के उत्तर में शनिवार रात हुई सशस्त्र गिरोह की इस वारदात की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक मैगामजी समुदाय की मस्जिद में यह वारदात हुई। उल्लेखनीय है कि यहां ऐसे गिरोह उन समुदायों पर हमला करते हैं, जहां सुरक्षा कड़ी होती है। यह गिरोह अपहृत लोगों को छोड़ने के बदले फिरौती मांगते हैं। राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी के गृह राज्य कैटसीना के फुनटुआ निवासी लॉवल हारुना के मुताबिक बंदूकधारी बाइक से मैगामजी मस्जिद पहुंचे और गोलीबारी शुरू कर दी। इससे मस्जिद में भगदड़ मच गयी। इस गोलीबारी में मुख्य इमाम सहित करीब 12 लोग मारे गये।

### इंडोनेशिया के माउंट सेमेरू ज्वालामुखी में भयानक विस्फोट

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी माउंट सेमेरू पर एक दिन पहले भयानक विस्फोट हुआ है। इसका लावा थमने का नाम ही नहीं ले रहा। आसपास के इलाकों में गर्म राख और गैस के बादल छा गये हैं। माउंट सेमेरू कुछ दिनों से सुलग रहा था। बारिश के कारण लावा डोम टूटने से वह तेजी से सक्रिय हो गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि ज्वालामुखी से निकलने वाली राख से छह गांव ढक गये हैं। अब तक किसी के मरने की सूचना नहीं है। सैकड़ों निवासी सुरक्षित स्थान पर पहले ही चले गये हैं। धुआं और राख से आसमान काला हो गया है। दिन में भी लोगों को लाइट जलाकर रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।

### छत्तीसगढ़ में मातृ शिशु अस्पताल में 4 बच्चों की मौत

**रायपुर।** सरगुजा जिला स्थित मुख्यालय अंबिकापुर के मेडिकल अस्पताल स्थित मातृ शिशु अस्पताल के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में भर्ती रविवार देर रात चार बच्चों की मौत हो गयी है। सोमवार की सुबह इस बात की जानकारी मिली है। रविवार रात को यहां बिजली गुल हुई थी। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने बयान में सोमवार को कहा कि चार बच्चों की मौत की जानकारी मुझे मिली है। इसलिए विभागीय प्रमुख अधिकारी, हेल्थ सेक्रेटरी को फोन कर तत्काल एक जांच टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। मैंने सीएम को भी इस बात की जानकारी दे दी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |

## लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन सफल

**पटना (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद का सिंगापुर में सोमवार को किडनी ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन सफल रहा। उनकी बेटी रोहिणी आचार्या ने उन्हें अपनी एक किडनी दी है। ऑपरेशन करीब 1 घंटे तक चला। फिलहाल दोनों आइसीयू में चिकित्सकों की गहन निगरानी में हैं। बता दें कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री 74 वर्षीय लालू प्रसाद किडनी की बीमारी और कई अन्य रोगों के ग्रस्त हैं। वे कुछ दिन पहले किडनी की बीमारी का इलाज कराने सिंगापुर गये थे। उनका इलाज दिल्ली के एम्स में भी चला था। राजद प्रमुख के पुत्र बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर लालू प्रसाद के सफल ऑपरेशन की जानकारी शेयर की है। तेजस्वी ने लिखा है- पापा का किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन सफलतापूर्वक होने के बाद उन्हें ऑपरेशन थियेटर से आइसीयू में शिफ्ट किया गया। डोनर बड़ी बहन रोहिणी आचार्या और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी दोनों स्वस्थ हैं। आपकी प्रार्थनाओं और दुआओं के लिए साधुवाद। वहीं, लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती ने भी फेसबुक पर अपने पापा की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- पापा ठीक हैं। आप सभी की दुआओं के लिए धन्यवाद। ऑपरेशन से पहले रोहिणी ने लालू प्रसाद के साथ फोटो ट्वीट की। लिखा- रेडी टु रॉक एंड रोल। मेरे लिए इतना ही काफी है, आपकी खैरियत मेरी जिंदगी है।



### बिजली की आंख मिचौनी का मामला पहुंचा हाइकोर्ट

**रांची।** राज्य में पावर कट का मामला झारखंड हाइकोर्ट की चौखट तक पहुंच गया है। राजधानी समेत झारखंड के अलग-अलग जिलों में बिजली की अव्यवस्था के खिलाफ हाइकोर्ट में पीआइएल (जनहित याचिका) दाखिल की गयी है। प्रार्थी सुनील कुमार महतो ने याचिका में कहा है कि बिजली विभाग में हजारों करोड़ रुपये से ज्यादा का भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी जांच होनी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि 12 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीद कर छह रुपये में बेचने का गोरखधंधा चल रहा है। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए। जनहित याचिका में एसीबी के साथ-साथ केंद्र सरकार, राज्य सरकार, विद्युत नियामक आयोग, संचरण एवं वितरण कंपनियों को प्रतिवादी बनाया गया है।

## पुलिस ने पंकज मिश्रा को रिम्स से जबरन सीआइपी में कराया भर्ती

### कड़ी सुरक्षा में अस्पताल ले गयी पुलिस, नशे की आदत का होगा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अवैध खनन और मनी लांड्रिंग के मामले में आरोपी पंकज मिश्रा का इलाज अब सीआइपी (केंद्रीय मनःचिकित्सा संस्थान) में होगा। पंकज मिश्रा को रिम्स के पेइंग वार्ड से कड़ी सुरक्षा में सीआइपी ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार उन्हें फोर्टविन का इंजेक्शन लेने की आदत है। लेकिन, वे सीआइपी में इलाज के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस के लगातार मनाने और समझाने के बाद भी वह इलाज के लिए सीआइपी नहीं जाना चाहते थे। 5 दिसंबर को पुलिस लाइन से अतिरिक्त जवानों को बुलाकर पंकज मिश्रा को जबरन रिम्स के पेइंग वार्ड से सीआइपी ले जाया गया। अब मनोचिकित्सक वहां पंकज मिश्रा का इलाज करेंगे। पुलिस के जवानों ने जबरन कमरा खाली कराया।



**सीआइपी में जाने से इनकार किया :** विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सीआइपी के नशामुक्ति केंद्र में इलाज नहीं कराना चाहते थे। रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के मेडिकल बोर्ड की सलाह पर रांची पुलिस रिम्स के पेइंग वार्ड पहुंची और पंकज मिश्रा से सीआइपी स्थित नशा मुक्ति केंद्र चलने को कहा, तो उन्होंने जाने से इनकार कर दिया था। (शेष पेज 11 पर) (संबंधित खबरें देखें पेज 2 पर देखें)

## राज्य के किसान कर रहे ऑनलाइन खरीदारी, पहुंचा 85 लाख रुपये का सेब

# ऑनलाइन सेब खरीदने में झारखंड नंबर वन

### धनबाद बाजार समिति से जुड़े किसानों ने ऑनलाइन खरीदे 68 लाख रुपये के एपल

सुधीर

**रांची।** ई-नैम पोर्टल से ऑनलाइन खरीदारी करने में पूरे देश में झारखंड पहले पायदान पर पहुंच गया है। मार्केटिंग बोर्ड के एमडी मनोज कुमार का कुशल नेतृत्व और मार्केट कमेटी के अधिकारियों की मेहनत रंग लाने लगी है। तभी तो सेब के ऑनलाइन कारोबार में झारखंड देश के अन्य सभी राज्यों को पीछे छोड़ पहले पायदान पर आ गया है। ऑनलाइन कृषि व्यापार पोर्टल ई-नैम से डिजिटल कारोबार में राज्य की बाजार समितियों ने पूरे देश में परचम लहराया है। झारखंड की बाजार समितियों ने अक्टूबर-नवंबर महीने में 85 लाख रुपये का इंटर स्टेट ऑनलाइन कृषि व्यापार कर इस श्रेणी में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। देश के दूसरे बाजार समितियों का कारोबार इस श्रेणी में झारखंड के आधे कारोबार के बराबर भी नहीं है। इंटर स्टेट ट्रेड में दूसरे नंबर पर रही उत्तराखंड की मंडियों का कारोबार सिर्फ 35 लाख रुपये का है। वहीं, उत्तर प्रदेश की मंडियां 13.97 लाख रुपये का कारोबार कर चौथे नंबर पर हैं। झारखंड के ई-नैम के अधिकारियों के अनुसार एक हफ्ते में झारखंड में ई-नैम से डिजिटल कारोबार एक करोड़ रुपये तक पहुंच जायेगा।



**जल्द ही झारखंड में आयेगा महाराष्ट्र से ऑनलाइन प्याज :** शीघ्र ही महाराष्ट्र से प्याज की बड़ी खेप झारखंड पहुंचेगी। इसके लिए राज्य के व्यापारियों ने महाराष्ट्र के किसानों से संपर्क कर ऑनलाइन ट्रेड की तैयारी कर ली है। ऑनलाइन ट्रेडिंग में राज्य की धनबाद के अलावा हजारीबाग, रामगढ़ और गढ़वा की मार्केट कमेटियां भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। (शेष पेज 11 पर)

> ऑनलाइन सेब की खरीदारी में झारखंड पूरे देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। यहां के किसान ई-नैम के तहत ऑनलाइन खरीदारी पर जोर दे रहे हैं। यही कारण है कि बाजार समिति धनबाद से जुड़े जिले के किसानों ने 68 लाख रुपये का ऑनलाइन सेब झारखंड मंगाया और उसे राज्य के बाजारों में ऑनलाइन बेचा। ई-नैम के माध्यम से डिजिटल कारोबार में हम आगे हैं। इसमें सरकार, कृषि मंत्री और एमडी का विशेष सहयोग रहा है।
> **राकेश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी, ई-नैम, झारखंड।**

## नौसेना को मिला नया 'प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड एंड कलर' और 'इंडियन नेवी क्रेस्ट'

### भारत की समुद्री विरासत पर प्रकाश डालता है 'राष्ट्रपति के मानक और रंग' का नया डिजाइन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना को नया 'प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड', 'प्रेसिडेंट कलर' और 'इंडियन नेवी क्रेस्ट' मिल गया है। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीनों नयी डिजाइन को मंजूरी दे दी है। नौसेना दिवस पर विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में नये 'प्रेसिडेंट स्टैंडर्ड' को राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के समय नौसेना गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान प्रदर्शित किया गया था।

राष्ट्रपति के मानक और रंग का नया डिजाइन भारत की गौरवशाली समुद्री विरासत पर प्रकाश डालता है। साथ ही शक्तिशाली, साहसी, आत्मविश्वासी और गर्वित भारतीय नौसेना का भी प्रतीक है। अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिह्नों को भारत से दूर करने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत नौसेना पताका की डिजाइन में संशोधन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर आईएसी विक्रांत को नौसेना के बेड़े में शामिल करने के साथ नौसेना की नयी पताका का अनावरण करके औपनिवेशिक काल की गुलाम मानसिकता के प्रतीक से छुटकारा भी दिलाया था।

भारतीय नौसेना के नये ध्वज में सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा दिया गया है।

## कोर्ट ने मामले में प्रवर्तन निदेशालय से 15 दिसंबर तक मांगा जवाब


# पंकज मिश्रा का इडी पर तथ्यों को छिपाने का आरोप, पीएमएलए के कोर्ट ने किया नोटिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ₹1000 करोड़ से अधिक की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा की शिकायत पर पीएमएलए कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी किया है। पीएमएलए कोर्ट ने ईडी से 15 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। खनन घोटाला और टेंडर मैनेज करने संबंधी 1000 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लाउंडरिंग केस में गिरफ्तार किये गये पंकज मिश्रा ने ईडी के वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ शिकायत की थी।

**पंकज मिश्रा ने तथ्यों को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप** : पंकज मिश्रा ने उनके मामले की जांच कर रहे ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी और कहा था कि उनके खिलाफ जांच में कई तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। पंकज मिश्रा की शिकायत याचिका पर सुनवाई करते हुए पीएमएलए कोर्ट के जज पीके शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए 15 दिसंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। सुनवाई के दौरान विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार कोर्ट में मौजूद थे।

**पंकज मिश्रा का दावा, साहिबगंज पुलिस ने दे दी है क्लीन चिट** : पंकज मिश्रा ने अपनी शिकायत याचिका में ईडी के सीनियर ऑफिसर पर गंभीर आरोप लगाये हैं।



उसने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी ने बरहड़वा टेंडर केस से जुड़े तथ्यों को नजरअंदाज किया। उसने पीएमएलए कोर्ट को यह भी बताया कि झारखंड पुलिस ने साहिबगंज जिले के बरहड़वा टोल प्लाजा टेंडर केस में उसे क्लीन चिट दे दी है।

## अधिवक्ता राजीव कुमार इडी के कोर्ट में हुए पेश, वीसी से अमित अग्रवाल की भी पेशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार सोमवार को ईडी कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनकी अगली उपस्थिति की अवधि 14 दिन के लिए बढ़ा दी। राजीव कुमार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वह इस मामले में डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल करना चाहते हैं। वहीं व्यवसायी अमित अग्रवाल की पेशी ईडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। कोर्ट ने उनकी अगली पेशी की तिथि भी 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

**बेल पर हैं राजीव कुमार** : कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह पहले कोलकाता की जेल में थे। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। ₹50 लाख बरामदगी मामले में राजीव कुमार को कोलकाता की निचली अदालत ने जमानत दे दी थी, जिसके बाद उन्हें ईडी की न्यायिक हिरासत में रांची जेल लाया गया। बाद में राजीव कुमार को इस मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। वहीं अमित अग्रवाल की जमानत याचिका नामंजूर कर झारखंड हाईकोर्ट ने इस मामले में षड्यंत्र को देखते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया है। अमित अग्रवाल अभी होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

## आउटर रिंग रोड से पांच नेशनल हाइवे को जोड़ने की योजना

# ₹6000 करोड़ की लागत से रांची में बनेगा 200 किमी आउटर रिंग रोड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जिले में जल्द ही विश्व स्तरीय आउटर रिंग रोड का निर्माण शुरू होगा। छह लेन वाले आउटर रिंग रोड की लंबाई करीब 200 किलोमीटर होगी। पथ निर्माण विभाग ने इसका एलाइनमेंट तैयार कर लिया है। इसमें फ्लाईओवर और ब्रिज का भी निर्माण होगा। भारी वाहनों के खड़े होने के लिए सर्विस लेन भी होगा। आउटर रिंग रोड से पांच नेशनल हाइवे को जोड़ने की योजना है। आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए केंद्र सरकार पहले ही सहमति दे चुकी है। एनएच 57 पर मांडर के उकरीद से रिंग रोड बनना शुरू होगा, फिर इटकी, कालामाटी, नामकुम-अनगड़ा होते हुए यह एनएच 33 के ओरमांझी में टोल गेट से गुजरेगा। कांके से गुजरते हुए यह वापस मांडर में मिल जाएगा।

### आउटर रिंग रोड निर्माण योजना को पहले ही मिल चुकी है केंद्र सरकार की हरी झंडी



प्रतीकात्मक तस्वीर

### कंसलटेंट के चयन की तैयारी में विभाग

आउटर रिंग रोड के सर्किल में पूरी राजधानी कवर हो जाएगी। पथ निर्माण विभाग ने आटर रिंग रोड के निर्माण में करीब 6000 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन किया गया है। फिलहाल, आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए कंसलटेंट का चयन किया जा रहा है। इसके बाद टेंडर खुलेगा। सड़क निर्माण कार्य एनएच से कराया जाएगा। आउटर रिंग रोड के लिए जमीन का भी अधिग्रहण जल्द शुरू होगा।

# झारखंड से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के लिए भी शुरू होगी एसी बस की सेवा

### वर्तमान में दो राज्यों बिहार और बंगाल के लिए है एसी बस सेवा

**राज्य परिवहन प्राधिकार की बैठक में नये एसी-डीलक्स बसों को टाइमिंग के साथ दिया जायेगा परमिट**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड से बिहार, बंगाल, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को बस से सफरर करनेवाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार भी अब, इन राज्यों को झारखंड से बस कनेक्टिविटी देने पर विचार कर रही है। यही कारण है कि बस संचालकों से आवेदन मांगे गये हैं। कोविड-19 के बाद अब राज्य के नये मार्गो पर बसों के परमिट की स्वीकृति व नवीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। बिना परमिट वाले बसों को भी परमिट दिया जायेगा। परिवहन विभाग ने राज्य परिवहन प्राधिकार (एसटीए) की बैठक बुलायी है।



इस बैठक में सभी पड़ोसी राज्यों बिहार-पश्चिम बंगाल, ओड़िशा एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित मार्गों पर नये परमिट की स्वीकृति, नवीकरण सहित अन्य मामलों पर विचार कर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में विगत दिनों परिवहन प्राधिकार की बैठक में लिये गये निर्णयों पर भी चर्चा होगी। परिवहन विभागों की रिक्तियों का ब्योरा भी ऑनलाइन जारी किया है। साथ ही ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन भी लिया गया है। बताया जा रहा है कि इस बैठक में एक साथ सैकड़ों बसों के परमिट और समय-सारिणी जारी होंगे।

**परमिट के लिए इन प्रमाण पत्रों की होगी जरूरत** : बस संचालकों से आवेदित वाहन का टैक्स, फिटनेस, गति नियंत्रक प्रमाण-पत्र, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, भारी वाहन चालक लाइसेंस, भूतपूर्व सैनिक एवं विकलांगता इत्यादि हो तो इसकी प्रति मांगी गई है। एसी व डीलक्स बस एवं एसी होने का प्रमाण भी मांगा गया है। आवेदन के लिए 500 रुपये का शुल्क रखा गया है। स्वीकृत परमिट के मामले में परमिट शुल्क इत्यादि 30 दिनों के अंदर जमा कराने होंगे।

बताते चलें कि नये बसों के परिचालन से यात्रियों के साथ-साथ बस संचालकों को भी काफी राहत होगी। यात्रियों को अच्छी और नये बस और नये रूट पर बस सुविधा मिलेगी। वहीं, कई बस संचालक जिनके पास बस तो है पर परमिट नहीं होने के कारण बस संचालन में दिक्कतें आ रही थी।

## हाइकोर्ट में 16 जनवरी को अगली सुनवाई

# बीजेपी नेता ब्रम्हानंद नेताम को राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छत्तीसगढ़ में कांकेर के भानुप्रतापपुर उप चुनाव में भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम को झारखंड हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। साथ ही मामले की सुनवाई 16 जनवरी 2023 निर्धारित की है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा ने पैरवी की।

बता दें कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने भाजपा उम्मीदवार ब्रम्हानंद नेताम पर नाबालिग से गैंगरेप और देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाया था। पिछले दिनों कांकेर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोहन मरकामन ने कहा था कि भाजपा की ओर से उपचुनाव में प्रत्याशी बनाए गए



ब्रम्हानंद नेताम पर झारखंड के जमशेदपुर में टेल्को थाने में केस दर्ज है। यह एफआईआर मई 2019 में धारा 366ए, 376(3), 376एबी, 376 एडी, 120 बीआइ 4/6 पास्को के तहत दर्ज कराई गई है। उस समय राज्य में भाजपा के रघुवर दास की सरकार थी।

मरकाम ने कहा कि पुलिस ने पहले पांच को नामजद किया था। जांच के बाद फिर 10 से 12 आरोपी सामने आए, इनमें भाजपा प्रत्याशी भी शामिल हैं। ब्रम्हानंद नेताम को 15 साल की बच्ची के साथ बलात्कार और देह व्यापार में धकेलने जाने के मामले में आरोपी बताया गया है। ब्रम्हानंद को गिरफ्तार करने पिछले दिनों झारखंड पुलिस छत्तीसगढ़ पहुंची थी।

### रांची के इडी ऑफिस पहुंचे बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर

**रांची।** बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर सोमवार को रांची के ईडी ऑफिस पहुंचे। ईडी के अधिकारी उनसे पूछताछ किया। आपको बता दें कि इडी ने उन्हें पांच दिसंबर को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया था। पंकज मिश्रा को जेल में नियम विरुद्ध सुविधा देने को लेकर ईडी ने उन्हें हाजिर होने का निर्देश दिया था। बता दें कि बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर को दूसरी बार नोटिस जारी किया गया था।

इधर, ईडी ने पंकज मिश्रा के अब तक रिम्स में जमे रहने की भी जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच के लिए ईडी की एक टीम रविवार की दोपहर करीब दो बजे रिम्स पहुंची थी। रिम्स की ओर से पंकज मिश्रा को डिस्चार्ज करने और इसकी सूचना जेल प्रशासन को दिये जाने की भी जानकारी मांगी गयी।

## जुर्माना लगाने के आदेश को सही ठहराया

# चांडिल डैम प्रोजेक्ट के तत्कालीन जन सूचना पदाधिकारी की याचिका खारिज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चांडिल डैम प्रोजेक्ट के तत्कालीन एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सह जन सूचना पदाधिकारी (पीआईओ) विश्वंभर चौबे की ओर से राज्य सूचना आयोग द्वारा जुर्माना लगाए जाने के खिलाफ दायर रिट याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सूचना आयोग की दलील को सही मानते हुए प्रार्थी विश्वंभर चौबे को राहत नहीं दी। कोर्ट ने विशंभर चौबे की याचिका को खारिज कर दी। साथ ही राज्य सूचना आयोग द्वारा जुर्माना लगाए जाने के आदेश को सही ठहराया है। दरअसल, आवेदक अरुण राय ने टेंडर से संबंधित 11 तरह की सूचना मांगी थी। लेकिन निर्धारित समय सीमा यानी 30 दिन के भीतर जन सूचना पदाधिकारी विश्वंभर चौबे ने सूचना नहीं दी। इसके बाद प्रथम अपील दायर की गई, लेकिन फिर भी सूचना नहीं दी गई। जिसके बाद राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील दायर की गई, तब राज्य सूचना आयोग ने जन सूचना पदाधिकारी विश्वंभर चौबे को अरुण राय को सूचना देने का निर्देश दिया। यह भी पूछा कि सूचना देने में इतना विलंब होने का क्या कारण रहा है। इसके बाद विश्वंभर चौबे ने सूचना तो दे दी, लेकिन सूचना देने में विलंब का कोई सटीक कारण नहीं बताया। जिसके बाद राज्य सूचना आयोग ने विश्वंभर चौबे पर 20 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया था, यह राशि उनके वेतन से काटने का आदेश दिया था। जिसके बाद विश्वंभर चौबे ने रिट याचिका दायर कर राज्य सूचना आयोग के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सोमवार को हाई कोर्ट ने राज्य सूचना आयोग की दलील को सही ठहराते हुए याचिका खारिज कर दी।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आवश्यक सूचना**

नगर निगम हजारीबाग क्षेत्रांन्तर्गत सभी नागरिको/संस्थानों/भवन/व्यापारिक प्रतिष्ठान को सूचित किया जाता है कि वैसे नागरिको/संस्थानों/भवन/व्यापारिक प्रतिष्ठान जो रोजाना 50 KG से ज्यादा कूडा उत्पादन करते है वे अपने परिसर से निकलने वाले कचरा (गीला एवं सुखा) को अलग–अलग करते हुए अपने स्तर से गीला कचरा का निशपादन अपने परिसर में करेंगे अन्यथा जाँच के क्रम में पकडे जाने पर निगम द्वारा आर्थिक जुर्माना के साथ अनुशासनात्मक कारवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR284242 (Urban Development and Housing)22-23*D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**आम सूचना**

शहर को स्वच्छ बनायें रखने हेतु स्वच्छ होटल, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ RWA/मोहल्ला, स्वच्छ क्लब, स्वच्छ ऑफिस, स्वच्छ पार्क, स्वच्छ, स्वच्छ रोड, स्वच्छ वालंटियर और स्वच्छ बाजार प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। निगम द्वारा चुने हुए कर्मियों/पदाधिकारियों द्वारा जाँच के उपरांत सभी जगहो को निगम द्वारा स्वच्छता रैंकिग दी जाएगी।

अतः आप नगरवासियो से अनुरोध है कि हजारीबाग शहर को स्वच्छ रखने हेतु नगर निगम का सहयोग करें।

नगर आयुक्त
नगर निगम, हजारीबाग

PR 284240 Urban Development and Housing(22-23)#D

**Office of Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag**

**Very Short Tender e-Procurement Notice**
**(1st Call)**
**Tender reference:-HZB/State_Plan/Barhi_Re-Org./13/2022-23(1st Call)**
**Date :- 02.12.2022**

| Sl. No. | Name of the work | Value of work (Rs in Lakhs) | Bid Security (Rs. in Lakhs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Detailed survey, designing and drawing, Construction of rest work of Intake Well Cum Pump House 5.0 MLD capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir- 1 no., Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Re-Organization of Barhi Rural Water Supply Scheme** under **D.W. & S. Division Hazaribagh** on turnkey basis." | 1029.21 | 10.30 | 10,000.00 | 18 Months+ 03 Months (Trial and run) |
| 2. | Date of Tender uploading in website | Date:- 08.12.2022 up to 02:00 PM | | | |
| 3. | Date of Pre-bid Meeting | Date:- 13.12.2022 at 12:30 PM in the office of Engineer-in-Chief, D. W. & S. Department Jharkhand Ranchi | | | |
| 4. | Last date receipt of Bid | Date:- 20.12.2022 upto 05.00 PM | | | |
| 5. | Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy) | Date:- 21.12.2022 upto 04.00 PM in the office of the 1. Executive Engineer, D. W. & S. Division, Hazaribag 2. Superintending Engineer, D.W.& S. Circle, Hazaribag 3. Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone, Ranchi | | | |
| 6. | Date of opening tender | Date:- 22.12.2022 upto 03.00 PM | | | |
| 7. | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 8. | Name and address of tender opening officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag | | | |
| 9. | Contact no of e-procurement office | 06546-262291 | | | |
| 10 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

i) Estimated Cost & EMD Cost may be changed.
ii) Only Registered contractor in this department participate in said tender.
iii) Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
D.W. & S. Division, Hazaribag

PR.NO.284211 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


# रजिस्ट्री कार्यालयों में दिनभर ठप रहा आधार वेरिफिकेशन

**देर शाम आधार वेरिफिकेशन संभव हुआ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत झारखंड के सभी निबंधन कार्यालयों में सोमवार को रजिस्ट्री का कार्य काफी हद तक बाधित रहा। तकनीकी परेशानी की वजह से आधार वेरिफिकेशन समेत रजिस्ट्री के लिए की जाने वाली अन्य ऑनलाइन प्रक्रिया नहीं होने के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। सोमवार को निबंधन कार्यालय खुलने के साथ ही काफी संख्या में अधिवक्ता और आम लोग अपना कार्य कराने ऑफिस पहुंचे, जिनमें से ज्यादातर को बैरंग वापस लौटना पड़ा। निबंधन कार्यालय में कार्य सुचारु रूप से नहीं होने के कारण घर, जमीन, फ्लैट समेत अन्य दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराने आये लोगों को परेशानी हुई।

दरअसल, किसी भी दस्तावेज के निबंधन से पूर्व आधार का ऑनलाइन वेरिफिकेशन किया जाता है, लेकिन सोमवार को यह काम ठीक ढंग से नहीं हुआ है। आधार वेरिफिकेशन में हो रही तकनीकी अड़चन से कार्यालय के कर्मचारी भी परेशान रहे। देर शाम आधार वेरिफिकेशन का कार्य पटरी पर लौटा। सिर्फ रांची जिले में करीब 100 दस्तावेजों का निबंधन किया जाता है, लेकिन सर्वर की परेशानी के कारण यह आंकड़ा दहाई पर ही रुक गया।

# रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों ने दिया इस्तीफा

**नये जिलाध्यक्षों को बधाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों की एक बैठक मोरहाबादी राजकीय अतिथिशाला में हुई। बैठक में प्रखंड अध्यक्षों ने एकमत होकर झारखंड के विभिन्न जिलों में नियुक्त किए गए नए जिलाध्यक्षों को बधाई दी तथा साथ ही रांची महानगर के नव मनोनीत अध्यक्ष कुमार राजा को भी उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। सभी प्रखंड अध्यक्षों ने कहा कि नए अध्यक्ष को स्वतंत्रतापूर्वक संगठन को चलाने के लिए एक मन मुताबिक टीम की आवश्यकता होती है इसलिए नए अध्यक्ष को अपनी टीम के गठन को लेकर कोई दबाव न रहे वह अपने मन मुताबिक पदाधिकारियों एवं प्रखंड अध्यक्षों का चुनाव कर सकें इसलिए सभी प्रखंड अध्यक्ष पद से इस्तीफा देते हैं। उम्मीद है कि नवनियुक्त अध्यक्ष भी अपने सांगठनिक अनुभव से संगठन को और अधिक धारदार बनाएंगे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने झारखंड के विभिन्न जिलों में जिला अध्यक्षों के मनोनयन पर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आभार जाताया।

इस अवसर पर सभी ने कहा कि वर्तमान में जिला अध्यक्षों की जो सूची जारी की गई है उसमें महिला, दलित एवं अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व नहीं है। यही कारण है कि इन वर्गों के लोग कांग्रेस में खुद को उपेक्षित मान रहे हैं। सूची से पता चलता है कि सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया को दरकिनार कर तथा आलाकमान को अंधेरे में रखकर उपरोक्त सूची पर सहमति ली गई है।

**इन्होंने दिया इस्तीफा** : इस्तीफा देने वालों में डोरंडा प्रखंड अध्यक्ष गौतम, हटिया प्रखंड अध्यक्ष काजल भट्टाचार्य, जगन्नाथपुर प्रखंड अध्यक्ष पिकलू चटर्जी, धुर्वा प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव, हिंदपीढ़ी प्रखंड अध्यक्ष सरताब मोराबादी प्रखंड अध्यक्ष अमित मुंडा, अरगोड़ा प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक साहू, किशोर गंज प्रखंड अध्यक्ष अजय चौधरी, रातू रोड प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार चुटिया प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, लोअर बाजार प्रखंड अध्यक्ष आरिफ नामकुम शहरी प्रखंड अध्यक्ष रंजीत बड़ाईक शामिल है।

## बच्चों की परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने एवं बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यशाला

# झारखंड में बाल विवाह गंभीर समस्या, इसकी रोकथाम के लिए सरकार जल्द बनायेगी कार्ययोजना : राजेश्वरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था एवं चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट की ओर से सोमवार को बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित करने एवं बाल विवाह की रोकथाम विषय पर राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गयी। इस दौरान राज्य में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत बच्चों के परिवार आधारित देखभाल को प्रोत्साहित कर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को स्थापित करने पर चर्चा हुई ताकि जो बच्चे किसी कारण से बाल देखरेख संस्थानों में रह रहे हैं, उन्हें भी यथाशीघ्र अपने परिवार अथवा वैकल्पिक परिवार में पुनर्स्थापित किया जा सके।



कार्यशाला में इसके लिए राज्यव्यापी रणनीति बनाने की पहल की गई, जिसके लिए राज्य स्तर पर के कार्यकारी समूह बनाने का निर्णय लिया गया।

कार्यशाला के दूसरे चरण में राज्य में बच्चों के अधिकारों के हनन से जुड़े एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे बाल विवाह पर चर्चा की गई। मनरेगा सचिव राजेश्वरी बी ने राज्य में बाल विवाह को एक गंभीर समस्या कहा। उन्होंने विभागीय स्तर पर विभिन्न हितधारकों के समन्वय से इसकी रोकथाम के लिए कार्ययोजना को मूर्त रूप देने की बात कही गई। बाल विवाह की रोकथाम में शिक्षा के महत्त्व को स्वीकार करते हुए बच्चों के शिक्षा से जुड़ाव को सुनिश्चित कर उनके विद्यालय परित्याग की संभावनाओं को कम करने पर भी विचार किया गया। विभिन्न शोध के दौरान यह पाया गया है कि शिक्षा जारी रहने से लड़कियों के बाल विवाह की सम्भावना कम तो हो ही जाती है साथ ही कई प्रकार के शोषण, हिंसा और भेदभाव से भी उनके बचाव में भी कारगर होता है।

**हर स्तर पर बाल संरक्षण की दिशा में संवेदनशीलता से कार्य जारी**

राजेश्वरी बी ने कहा कि बच्चों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। झारखंड राज्य में बाल विवाह एक चिंता का विषय है जो कि कई अन्य समस्याओं को भी जन्म देता है। यह किशोरियों की शिक्षा को कम करता है, उनके स्वास्थ्य से समझौता करता है, उन्हें हिंसा के लिए उजागर करता है और उन्हें गरीबी में फंसाता है। बाल विवाह भी हिंसा, दुर्व्यवहार और शोषण का अनुभव करती हैं।

राज्य के पास बाल विवाह को समाप्त करने के लिए कार्य योजना है। योजना में युवा लड़कियों और लड़कों को ज्ञान और योजनाओं और कार्यक्रमों तक पहुंच के साथ सशक्त बनाना शामिल है। इसमें बाल संरक्षण संरचनाओं को मजबूत करना और कौशल विकसित करना भी शामिल है। साथ ही यह भी निर्धारित किया जायेगा कि जिले से कोई भी बच्चा बाल तस्करी एवं बाल श्रम का शिकार ना हो, बल्कि वह सरकार की सभी योजनाओं का सुचारु रुप से लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि जिले के जितने भी कठिन परिस्थिति में रहने वाले बच्चे हैं उनकी मैपिंग करने में जिला प्रशासन अपने स्तर से सहयोग प्रदान कर रहा है, ताकि हम एक नए जिले की ओर बढ़ सके और बाल सुरक्षा का मजबूत कवच तैयार कर सके।

### डीसी ने जिले में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बैठक की

# रांची में डॉक्टर्स, पारा मेडिकल और टेक्निकल स्टॉफ की होगी नियुक्ति



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में बेहतर चिकित्सा सुविधा की रणनीति के लिए जिला अस्पताल प्रबंधन समिति (गवर्निंग बॉडी) की बैठक हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। इस बैठक में सदर अस्पताल में सिंगल-डबल रुम, पैथोलॉजिकल और अन्य दरों पर संशोधन के लिए समिति की ओर से स्वीकृति प्रदान की गयी। नियुक्ति के संबंध मे चर्चा हुई। जिले में बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए और क्या किया जा सकता है इस पर भी चर्चा हुई।

**नियुक्ति पर अहम फैसला :** बैठक में सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे मेडिकल शॉप को लेकर भी चर्चा हुई। इसके लिए अधिकारियों ने सहमति दी। डॉक्टर्स, पारा मेडिकल और टेक्निल स्टॉफ की नियुक्ति, सदर अस्पताल परिसर के सौदर्यीकरण, ओपीडी, आईपीडी और ओटी के लिए चिकित्सकीय यंत्रों की खरीद के लिए भी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी। समिति ने आवश्यक मैन पावर आउटसोर्स करने की बात कही। बैठक में समिति द्वारा पिछली गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिये गये निर्णयों की हुई समीक्षा करते हुए विभिन्न एजेंडा पर विचार विर्मश कर स्वीकृति प्रदान की गयी।

बैठक जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक सीपी सिंह, सिविल सर्जन रांची, निदेशक रिम्स, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला अस्पताल प्रबंधक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### रिम्स प्रशासनिक भवन के बाहर भाजपा ने दिया एक दिवसीय धरना

# कमीशन के चक्कर में अस्पताल को किया जा रहा बर्बाद : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ भाजपा रांची महानगर-जिला के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के बाहर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस दौरान नेताओं ने अस्पताल की खराब व्यवस्था को लेकर सरकार पर निशाना साधा। भाजपा ने कहा कि तीन साल में सभी विभागों का बंटाधार तो हुआ ही है, गरीबों की लाइफ लाइन कही जाने वाली रिम्स की व्यवस्था भी खराब हो गयी है। लिफ्ट में मरीज की मौत हो जाती है।




धरने पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि वर्तमान सरकार में चौतरफा गिरावट हो रही है। राज्य के प्रमुख अस्पताल रिम्स की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कमीशन खोरी में राज्य डूब चुका है।

रिम्स की कुव्यवस्था के लिए जिम्मेवार रिम्स डायरेक्टर पर स्थानीय विधायक सीपी सिंह जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि डायरेक्टर को पदमश्री की जगह गोबरश्री सम्मान मिलना चाहिए क्योंकि रिम्स अब मरीजों का इलाज करने में असमर्थ है।

कांके विधायक समरी लाल ने कहा कि रिम्स की बदहाली के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, अधिकारी और रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद जिम्मेवार हैं। यही लोग मिलकर अव्यवस्था फैला रहे हैं। अस्पताल में रिश्वतखोरी और कमीशन खोरी हो रही है। रिम्स की लचर व्यवस्था को लेकर कई बार विधानसभा में आवाज उठी। व्यवस्था सुधार को लेकर शासी परिषद की बैठक में एजेंडा रखते हैं, लेकिन शासी परिषद के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री एजेंडे को विलुप्त कर देते हैं। मंत्री का ध्यान सिर्फ बिल्डिंग बनाने और मशीन लगाने तक सिमट कर रह गया है।

प्रदेश महामंत्री सुबोध सिंह गुड्डु ने कहा कि प्राइवेट अस्पताल के दलाल का रिम्स में कब्जा है। यहां के डॉक्टर के कार्यशैली पर सवाल नहीं उठाता हूं, लेकिन अस्पताल की व्यवस्था चरमराने की सबसे बड़ी वजह मैन पावर की भारी कमी है। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

भाजपा रांची महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि रिम्स की कुव्यवस्था पर हाई कोर्ट ने भी फटकार लगायी है। रिम्स डायरेक्टर को इस्तीफा देने तक कह दिया। बावजूद सुधार नहीं हुआ। नर्स और डॉक्टर की भारी किल्लत है। मरीज भगवान भरोसे है। यही वजह है कि प्राइवेट अस्पतालों की कमाई बढ़ गई है।

### रोज तैयार किया जायेगा 2000 किलो कंपोस्ट

# अब गीले कचरे से कंपोस्ट बेचकर कमाई करेगा रांची नगर निगम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची नगर निगम वेस्ट डिस्पोजल को लेकर रेस हो गया है। वेस्ट से बेस्ट करने को सोच रहा है। यही कारण है कि मिनी ट्रांसफर स्टेशन में ही गीले कचरे के डिस्पोजल की योजना बनाई गई है। इसके लिए कंपोस्टिंग मशीन इंस्टालेशन का काम जारी है। फिलहाल सिटी में दो जगहों पर मशीनें लगाई गई है और इसका ट्रायल भी चल रहा है। इसमें कचरा डालकर कंपोस्टिंग की जाएगी। इतना ही नहीं इस कंपोस्ट को बेचकर रांची नगर निगम कमाई भी करेगा।



**2000 किलो प्रतिदिन डिस्पोजल**

नगर निगम ने दो मिनी ट्रांसफर स्टेशनों में मशीनें लगाई हैं, जिसमें एक मशीन नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट एमटीएस में लगाया गया है। इसकी कैपेसिटी 500 किलो प्रति दिन है। वहीं दूसरी मशीन कर्बला चौक एमटीएस में लगाई गई है, जिसकी कैपेसिटी 1500 केजी प्रतिदिन है। इसके लिए स्टाफ को ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वेस्ट का डिस्पोजल किया जा सके।

# शिक्षकों ने महंगाई के अनुरूप मांगा मानदेय

### सेवानिवृत्ति की उम्र 65 साल करने की मांग को लेकर सचिव और जेड़पीसी निदेशक से मिले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य सहयोगी सामुदायिक मोर्चा का दल बिनोद बिहारी महतो के नेतृत्व में सोमवार को स्कूली शिक्षा सचिव एवं परियोजना निदेशक से मिला। दल ने दोनों पदाधिकारियों से कहा कि वे निष्ठा पूर्वक विद्यालय में शिक्षण कार्य करते हैं और विभाग एवं सरकार के आदेशों का निर्वहन भी करते हैं लेकिन उनलोगों के परिश्रम एवं लगन के अनुरूप विभाग उनकी सुख सुविधा एवं भविष्य की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देता है। इसलिए उनकी मांगों पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षकों की मांगों में- बढ़ती हुई महंगाई के अनुरूप एकमुश्त अच्छा मानदेय वृद्धि करने और सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने की मांग की गयी। साथ ही कल्याण कोष अनुकंपा पेंशन का लाभ 2021 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले सहायक अध्यापकों को भी दिया जाए।



प्रतिनिधिमंडल में विनोद तिवारी के अलावा नरोत्तम सिंह मुंडा, विकास कुमार, रविकांत तिवारी, बैजनाथ महतो, भागवत तिवारी, सुशील पांडे, जनेश्वर सिंह और दिलीप पांडे शामिल थे। इसके अलावा एनसी वाले सहायक अध्यापक मई 2019 में ही डीएलएड उत्तीर्ण थे लेकिन उन्हें प्रमाण पत्र देने में विलंब किया गया, जिसके कारण प्रशिक्षित का मानदेय नहीं मिला। उन्हें मई 2019 से प्रशिक्षित के रूप में बकाया राशि की भुगतान किया जाए। आकलन परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम समय दिसंबर तक है लेकिन अभी तक सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन सबों का नहीं हो पाया है जो दुखद है इस पर तेजी लाते हुए सबकी जांच अविलंब की जाये। पोर्टल खुलवाया जाए, ताकि उन शिक्षकों को फॉर्म भरने में दिक्कत न हो। सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन में विलंब का कारण सहायक अध्यापक नहीं हैं इसीलिए सभी सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन होने के बाद ही आकलन परीक्षा ली जाये ताकि कोई भी शिक्षक साथी परीक्षा से वंचित न हों। टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को हाई कोर्ट के निर्णय आने के बाद जल्द ही सहायक अध्यापक अर्थात सरकारी शिक्षक बनाया जाए। इस बहाली में सी-टेट उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को भी टेट की तरह सरकारी शिक्षक बनाया जाए तथा बाकी शिक्षकों को आकलन परीक्षा पास करने के बाद वेतनमान दिया जाए का प्रावधान किया जाये।

## खबर एक नजर में

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपी दोषी

**रांची।** एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म और एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास मामले में पोस्को की अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोषी आरोपियों में सुभाष मुंडा, डेविड होरो तथा प्रेम कच्छप शामिल है। पोस्को की अदालत इन तीनों की सजा पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगी। यह मामला खरसीदाग, नामकुम से जुड़ा है।

### देश की तरक्की में आधुनिक परिवहन अहम : वीसी

**रांची।** बीआईटी मेसरा के यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग में सोमवार को आयोजित आधुनिक परिवहन क्षेत्र में ज्वाइनिंग तकनीक पर कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय विज्ञान संस्थान के प्रो सतीश वी कैलाश एवं संस्थान के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना ने किया। प्रो. सतीश वी कैलाश ने कहा कि ऐसी कार्यशाला देश की तकनीकी समृद्धता में सहयोगी होंगे। कुलपति डा. इंद्रनील मन्ना ने कहा कि आधुनिक परिवहन आने वाले समय में देश की तरक्की में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यांत्रिकी अभियांत्रिकी के विभागाध्यक्ष डा. डीपी मिश्रा ने कहा कि आने वाले समय में इस तरह के और भी आधुनिक तकनीक पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

### रिम्स के सुरक्षाकर्मियों को चार माह से वेतन नहीं

**रांची।** रिम्स में कार्यरत लगभग 250 सुरक्षाकर्मियों को पिछले चार महीनों से वेतन नहीं मिला है। उनका कहना है कि न तो वे अपने घर में सही से राशन ला पा रहे हैं और न ही बच्चों की स्कूल फीस का भुगतान कर पा रहे हैं। ऐसे में सुरक्षाकर्मियों ने प्रबंधन को खुली चुनौती दी है कि अगर वेतन का भुगतान जल्द नहीं किया गया, तो सभी हड़ताल में चले जाएंगे। बताते चलें कि रिम्स में दो तरह के आउटसोर्स कर्मी कार्यरत हैं। रिम्स प्रबंधन के अनुसार, रिम्स से बहाल अनुबंधकर्मियों को नियमित तौर पर भुगतान हो रहा है।

### अरयू के इसी से मिले टेक्निकल छात्र



**रांची।** टेक्निकल छात्र संघ के बैनर तले अभिषेक बनर्जी ने रांची विश्वविद्यालय के नए परीक्षा नियंत्रक (ईसी) का बुके देकर स्वागत किया। श्री बनर्जी ने भी बीटेक के बैकलॉग का परीक्षा जल्द करवाने और रिजल्ट मार्कशीट जल्दी देने की मांग की। मौके पर परीक्षा नियंत्रक राज कुमार शर्मा ने आश्वासन दिया कि जल्दी ही सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी छात्र को विश्वविद्यालय में घूमना और ऑफिस के बाहर रहना नहीं पड़ेगा।

### पहाड़ी मंदिर की पोल पर भव्य त्रिशूल लगायें : सेठ

सांसद ने डीसी को लिखा पत्र



**रांची।** पहाड़ी मंदिर रांची में लगे हुए पोल पर बड़ा और भव्य त्रिशूल लगाने का प्रस्ताव देते हुए सांसद संजय सेठ ने रांची के उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में सांसद ने कहा है कि पहाड़ी मंदिर झारखंड सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है। यह स्थल भगवान शिव का स्वयं सिद्ध है। श्री सेठ ने कहा है कि अवगत कराना है कि वर्ष 2016 में यहां विश्व का सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा लगाया गया था परंतु किन्हीं कारणों से यह फलीभूत नहीं हो पाया। जिस स्थान पर तिरंगा लगाया गया था, वहां अब सिर्फ पोल खड़ा है। उन्होंने कहा है कि उक्त पोल पर एक विशाल त्रिशूल लगाया जाए, जो भगवान शिव के दर्शन का प्रतीक बने। यह त्रिशूल विश्व का सबसे ऊंचा त्रिशूल भी होगा। श्रद्धालु त्रिशूल के दर्शन कर सकेंगे और यह पहाड़ी मंदिर को नया आकर्षण प्रदान करेगा। सांसद ने इस मामले में डीसी रांची को कार्यवाई का निर्देश दिया है।

# आरआरडीए कर्मियों ने अधिकारियों और अभियंताओं के खिलाफ निकाली भड़ास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आरआरडीए के कर्मचारियों ने सोमवार को कैंपस में धरना प्रदर्शन कर अभियंताओं और अधिकारियों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने धरना दिया और कहा कि आरआरडीए में राज्य सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और अभियंताओं का सिर्फ नक्शा स्वीकृति पर ही ध्यान रहता है। आरआरडीए के विकास कार्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यही कारण है कि आरआरडीए की छवि धूमिल हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रतिनियुक्त अभियंताओं और पदाधिकारियों को सातवां वेतनमान दिया जा रहा है। परंतु बोर्ड के कर्मचारियों को बोर्ड की बैठक का हवाला देकर इस से वंचित रखा गया है।



वहीं कुछ विशेष कर्मचारियों को नियुक्ति के पश्चात दो-तीन वर्षों में ही निम्न वर्गीय पद से सहायक के पद पर प्रमोशन दे दिया गया। परंतु 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को अब तक किसी प्रकार की प्रोन्नति नहीं दी गई है। कुछ निम्न वर्गीय कर्मचारियों को जबरन सहायक का प्रभार देकर कार्य लिया जा रहा है। परंतु परिणति मांगे जाने पर बोर्ड की बैठक का हवाला देकर मांगों को खारिज कर दिया जाता है। 10 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारियों ने एक मांग पत्र नगर विकास मंत्री सह राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी दिया है। कर्मचारियों ने धरना के उपरांत इसकी कॉपी नगर विकास सचिव, उपाध्यक्ष आरआरडीएऔर भू संपदा अधिकारी आरआरडीए को भी दिया है।

### कांके विधायक समरी लाल के इलेक्शन एजेंट की गवाही दर्ज

**रांची।** झारखंड में वर्ष 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में कांके विस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाईकोर्ट में सोमवार को भी सुनवाई जारी रही। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित 13वें गवाह विजय लाल की गवाही हुई। विजय लाल इस चुनाव में विधायक समरी लाल के इलेक्शन एजेंट थे। विजय लाल ने कोर्ट को बताया कि वे रांची में आजादी से पहले से रह रहे हैं। उनके पास खतियान भी उपलब्ध है। अब तक हाईकोर्ट में आये अन्य गवाहों की तरह उन्होंने भी विधायक समरी लाल से परिचित होने और आजादी के पूर्व से समरी लाल के रांची में रहने की बात कही लेकिन इससे जुड़ा प्रमाण मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने लायक कोई दस्तावेजी प्रमाण उनके पास उपलब्ध नहीं है। मंगलवार को दूसरे गवाह का बयान अदालत में दर्ज किया जाएगा।

# परीक्षा पे चर्चा 2023 के लिए 30 दिसंबर तक करें आवेदन

**ऑनलाइन क्रिएटिंग राइटिंग प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थी ही ले सकेंगे हिस्सा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रत्येक साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परीक्षा पे चर्चा करते हैं। इसमें देशभर के छात्र शामिल होते हैं। परीक्षा पे चर्चा के लिए छात्र 30 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित करते हैं। इसे लेकर सीबीएसई ने ऑनलाइन क्रिएटिंग राइटिंग प्रतियोगिता रखी है, जो छात्र इस प्रतियोगिता में सफल होंगे। वह प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा में शामिल होंगे।

**अलग-अलग विषयों पर होगी प्रतियोगिता :** सीबीएसई ने छात्र, शिक्षक और अभिभावकों के लिए अलग-अलग थीम दिया है। इसे बोर्ड की वेबसाइट पर डाल दिया गया है। छात्रों के लिए हमारी आजादी के नायक, विद्यालय में सीखने के लिए खिलौने, सीमाओं के बिना शिक्षा, हमारी संस्कृति हमारा गर्व, मेरी प्रिय किताब, आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण सुरक्षा, अच्छा स्वस्थ क्यों जरूरी, आपका सपना आदि विषय दिया गया है। वहीं, शिक्षकों को सीखने के लिए समर्थ वातावरण, कौशल के लिए शिक्षा, पाठ्यक्रम का काम भार और परीक्षा का भय नहीं, भविष्य में शिक्षा की चुनौती दी गई है। इसके अलावा अभिभावकों के लिए मेरा बच्चा मेरा अध्यापक, प्रौढ़ शिक्षा सभी को साक्षर बनाये थीम दिया गया है।

**रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 30 दिसंबर :** ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 25 नवंबर से शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 30 दिसंबर है।


### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस पर चलाया गया जागरूकता अभियान

# मिट्टी के बिना जीवन एक कोरी कल्पना हर हाल इसकी गुणवत्ता बढ़ाएं : कुलपति

**किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूक करने की आवश्यकता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विश्व मृदा दिवस पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग के प्रायोगिक प्रक्षेत्र में सोमवार को विश्व मृदा दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि मिट्टी के बिना जीवन एक कोरी कल्पना है। खाद्यान सुरक्षा के लिए मिट्टी का स्वास्थ्य प्रबंधन जरूरी है। कृषि एवं अन्य कार्यों में मिट्टी के दोहन एवं प्राकृतिक आपदाओं की वजह से मृदा का स्वास्थ्य एक विकराल रूप धारण करती जा रही है। इस वैश्विक समस्या की पूरे विश्व में काफी चर्चा है। इसके बचाव के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। कृषि विश्वविद्यालय के बहुतायत छात्र-छात्राएं ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए हैं। छात्रों को अपने गांवों में भ्रमण के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर जागरूक करना चाहिए।



**झारखंड की मिट्टी कृषि कार्यों के लिए बेहद उपयुक्त :** कुलपति ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के मामले में झारखंड धनी राज्य है। प्रदेश की जलवायु एवं मिट्टी लगभग सभी कृषि कार्यों के लिए बेहद उपयुक्त है। प्रदेश में मृदा स्वास्थ्य को विशेष प्राथमिकता एवं उचित प्रबंधन से देश के अग्रणी कृषि प्रधान राज्य के रूप में स्थापित किये जाने की व्यापक संभावनाएं है। विशिष्ट अतिथि निदेशक अनुसंधान एवं डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने कहा कि अत्यधिक जल बहाव, भूमि अपरदन, अम्लीय भूमि एवं बंजर भूमि बड़ी समस्या है। इनका निराकरण के लिए भूमि संरक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता तथा किसानों को जागरूक करने की जरूरत है।

**60 प्रतिशत खाद्यान उत्पादन बढ़ाने की जरूरत :** मुख्य वैज्ञानिक डॉ बीके अग्रवाल ने कहा कि मिट्टी एक जीवित पदार्थ है। मिट्टी में प्रचूर मात्रा में जैविक पदार्थ तथा लाखों जीवाणु मौजूद होते हैं, जिनकी कमी से भूमि की गुणवत्ता प्रभावित होती है। असंतुलित उर्वरक प्रयोग, भूमि प्रदूषण, भूमि का कटाव एवं अपरदन आदि वजहों से भूमि की गुणवत्ता में कमी तथा खाद्यान सुरक्षा का भावी संकट है। हमारी भावी पीढ़ी की खाद्यान सुरक्षा के लिए करीब 60 प्रतिशत खाद्यान उत्पादन बढ़ाने की जरूरत होगी। आबादी तो बढ़ती जा रही है, जबकि खेती योग्य भूमि स्थिर एवं सीमित है।

मौके पर डॉ सोहन राम, डॉ पीबी साहा, भूपेंद्र कुमार, डॉ आरबी साह, डॉ बसंत उरांव एवं डॉ अनिल कुमार सहित कृषि एवं वानिकी संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे।

### विश्व मृदा दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन

# पर्यावरण को बचाने के लिए उठाये जा रहे सकारात्मक कदम : एल ख्यांगते

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आज हमारी पृथ्वी का भू-क्षरण एवं मृदा की उपजाऊ क्षमता का तेजी से ह्रास होता जा रहा है। हरियाली कम होती जा रही है एवं उपजाऊ धरती सिकुड़ रही है। आज पूरा विश्व मृदा अपरदन एवं बढ़ते मिट्टी कटाव से काफी चिंतित हैं। झारखंड का वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग भी धरती की इस विषम परिस्थिति से चिंतित है। सारी दुनिया के साथ इस भू-संरक्षण एवं मृदा संरक्षण हेतु जन-जागृति पैदा करने के लिए प्रयत्नशील है। पूरे देश में पहली बार झारखंड में सभी वन प्रमंडल पदाधिकारियों को फॉरेस्ट स्वायल हेल्थ कार्ड बांटा गया है। उक्त बातें वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने विश्व मृदा दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार में कही।



बता दें कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा समान्य जन में जन-जागृति बढ़ाने हेतु बीएनआर चाणक्या होटल में विश्व मृदा दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस मौके पर एल ख्यांगते ने कहा कि विभाग पर्यावरण को बचाने हेतु कई सकारात्मक कदम उठा रहा है।

**इनकी रही उपस्थिति :** बैठक में झारखंड के प्रधान मुख्य वन संरक्षक-एवं-वन बल प्रमुख डॉ संजय श्रीवास्तव, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, रांची कुलवंत सिंह, मुख्य वन संरक्षक प्रशिक्षण, रांची दीक्षा प्रसाद के अलावा शैलजा सिंह, डॉ नितिन कुलकर्णी, अंजना तिर्की, सिद्धार्थ त्रिपाठी, विजय शंकर दुबे, डॉ अंशु माली, डॉ वीपी पांवर, अमरेश बिहारी झा, डॉ एन बाला, तथा अन्य मुख्य वन संरक्षक एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### हुसैनाबाद : मवेशी लदे ट्रक चालक के साथ हंगामा करने वालों पर मुकदमा

**हुसैनाबाद,पलामू।** शनिवार की रात मवेशियों से लदे ट्रक चालक के साथ मारपीट करने एवं गाड़ी तोड़ फोड़ तथा पुलिस बल के साथ हंगामा करने के मामले में 8 लोग नामजद और 50 अज्ञात के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जिसमें मंतोष चौधरी, सूरज तिवारी, राजा सिंह, छोटू चंद्रवंसी, विपुल कुमार, राजेश सोनी, पवन पटेल, हर्ष केशरी के अलावा 50 अज्ञात लोग शामिल है। पुलिस सूत्रों की माने तो शनिवार के रात्रि करीब 8:30 बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि रेलवे क्रॉसिंग आकाशदीप होटल के समीप एक प्रतिबंधित मवेशियों से भरे ट्रक को पकड़ कर कुछ लोग चालक के साथ मार पीट कर रहे हैं। जिसके बाद हुसैनाबाद थाना के एसआई जिम्मी हांसदा ने सहस्त्र बल के साथ घटना स्थल पर गये, जहां पर कुछ लोग भीड़ बनाकर ट्रक चालक के साथ मारपीट एवं तोड़ फोड़ कर रहे थे। मना करने पर वे उग्र होकर नारेबाजी करने लगे एवं पुलिस बल के साथ भी धक्का मुक्की करने लगे। सभी पर सरकारी काम में बाधा डालने एवं उग्र भीड़ के साथ मारपीट, गली गलौज, धमकी व अन्य भादवि दंड विधान की धाराओं को अंकित करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया।

### कृषकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण



**सतबरवा।** जिला गव्य विकास विभाग ने प्रखंड क्षेत्र के कृषकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को जोगिया पोखरी सामुदायिक भवन में किया। उद्घाटन जिला भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी अनूप विलियम लकड़ा तथा जिला गव्य तकनीकी पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने किया। श्री लकड़ा ने कहा कि सरकार पशुधन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिसके तहत किसानों को अनुदानित दर पर दुधारू गाय, बकरी, सूअर व मुर्गी पालन प्रोत्साहन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी आर्थिक रूप से संपन्न हो सके। वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रशिक्षित किसानों को कुट्टी काटने की मशीन, दूध दुहने की मशीन और दो गायों की योजना व डीप बोरिंग योजना में सरकार की ओर से 90 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। मौके पर कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता नंदू प्रसाद, चंदन कुमार, ओम प्रकाश यादव, सुरेश विश्वकर्मा, प्रवैधिक सहायक सुरेंद्र गिरी समेत कई किसान रेणु बाला पाठक, अरुण पांडे, सत्येंद्र राम, ओमप्रकाश पाठक, गुड्डू पाठक, राजेश पाठक, संजीव पाठक भी थे।

### डालसा में विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू



**मेदिनीनगर।** झालसा के दिशा निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के निर्देशन में पांच दिसंबर से नव दिसंबर तक पांच दिवसीय विशेष मध्यस्था अभियान की शुरूआत की गयी। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। बताया कि पारिवारिक विवाद से संबंधित मामले को विशेष मध्यस्था अभियान के माध्यम से निपटारा करने का प्रयास है।उन्होंने बताया कि मामले का निपटारा पक्षकारों के रजामंदी के आधार पर किया जायेगा। पूरे मामले को कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्त्तंड प्रताप मिश्रा व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव लगातार देख रहे कर रहे हैं। विशेष मध्यस्था अभियान में पांच कुशल मध्यस्थ लगाए गए है। इसका मुख्य उद्देश्य पारिवारिक विवादों का निपटारा कर घर बसाना है।

### मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक में स्थापना दिवस मनाने पर जोरदार चर्चा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष अनवर अहमद की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पलामू जिले के सभी पदाधिकारी /महिला मोर्चा अध्यक्ष /उपाध्यक्ष व सभी मेंबर ने एसोसिएशन का स्थापना दिवस को मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की। अध्यक्ष अनवर अहमद ने कहा कि 10 दिसंबर को मेदिनिनगर के छह मुहान चौक पर मानवाधिकार एसोसिएशन की स्थापना दिवस को लेकर भव्य प्रोग्राम किया जायेगा, जिसमें मानव अधिकारों का हो रहे हनन की आवाज बुलंद करना उनके हक दिलाने का काम मानवाधिकार एसोसिएशन से जुड़े सभी लोगों की प्राथमिकता होगी। मौके पर मुख्य सचिव अरशद अहमद सन्नु, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता गुप्ता, रंभा गुप्ता, बरखा गुप्ता, मधुमती देवी, सुमन्ती देवी, प्रभा कुमारी, कौशल्या कुमारी, मुकेश सिंह, बुलबुल तिवारी, वीरेंद्र सिंह दिप्तेस भगत पिन्टू चौरसिया ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर अनिल गुप्ता, मोहमद इरशाद, रंजन कुमार, यूसुफ अंसारी, गुड्डु राइन बाबल खान, उषा देवी, राशिद खान, अहमद खान, मुन्ना खान, फरहा परवीन, इशरत परवीन, चिंता देवी, अरबाज शाह थे।

### हेमलता शास्त्री ने कराया भगवान बालकृष्ण की लीलाओं का रसपान



**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में डालटनगंज झारखंड राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी रेडमा प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन मथुरा से पधारीं अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुखारबिंद से सभी भगवत प्रेमियों ने भगवान बालकृष्ण की अनेकानेक लीलाओं का रसपान किया। कथा के पांचवें दिन उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने माखन लीला की से लेकर सभी को कंस के कर्ज से मुक्त किया। ब्रज की रक्षा हेतु भगवान ने गिरिराज जी को धारण किया और इंद्र के कोप से बचाया, इंद्र का मान मर्दन किया। उन्होंने कथा के मध्य में कहा कि जो राष्ट्र भक्त नहीं वह प्रभु भक्त नहीं हो सकता इसलिए हम सबको राष्ट्र से प्रेम करना चाहिए। इस दौरान सुंदर झांकी के साथ भारत माता की झांकी निकाली गई। आयोजक समिति द्वारा भारत माता का पूजन व देवी जी को पगड़ी और तलवार भेंट किया गया। इस दौरान मुझे चढ़ गया भगवा रंग मेरा रंग दे बसंती चोला,हो जाओ तैयार साथियों,उठो घर-घर नाथ बजा दो इन सभी भजनों के माध्यम से भक्तों तक राष्ट्र का संदेश पहुंचाया। इसके पूर्व श्री मद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस को मुख्य अतिथि के रुप में सनातन धर्म के रक्षक राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के मार्गदर्शक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय), शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग चिकित्सक डॉ संजय पांडेय सपत्नीक व सत्येन्द्र तिवारी ने धर्मपत्नी सीमा तिवारी के साथ भागवत आरती में भाग लिया।

# डीसी ने सीएम के संभावित पलामू भ्रमण को लेकर पदाधिकारियों संग की बैठक

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी की बनायी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को मुख्यमंत्री का संभावित पलामू भ्रमण को लेकर बीडीओ-सीओ समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक की। उपायुक्त ने किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, पशुधन, सर्वजन पेंशन, केसीसी, सुखाड़ राहत, विभिन्न प्रकारों के छात्रवृत्ति समेत मनरेगा संबंधित योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग को आपस में बेहतर समन्वय बनाते हुए आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में किशोरी समृद्धि योजना के आवेदनों को तेज गति से निष्पादन हेतु निर्देशित किया।



**कार्यक्रम की खास बातें :** इसी तरह उन्होंने कल्याण पदाधिकारी को सभी प्रकार की छात्रवृत्ति का भुगतान शिक्षा विभाग से समन्वय बनाते हुए करने पर बल दिया साथ ही मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिकाधिक आवेदन जेनरेट करने एवं प्राथमिकता के आधार पर सभी आवेदनों का निष्पादन करने पर बल दिया। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के तहत लाभुकों की भी जानकारी ली साथ ही पशुधन योजना की भी समीक्षा की। इसी तरह उन्होंने मनरेगा, सुखाड़ राहत योजना, पर्यटन संबंधित योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर प्रशिक्षु आईएएस, अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दूसरी बार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर बिट्टू पाठक को बधाइयों का तांता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनाये जाने पर जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष एवं उत्साह देखा गया। दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर सुबह से ही कांग्रेसियों ने उनके आवास पर पहुंचकर फूल माला हुए पटाखे फोड़ कर अपनी खुशी जाहिर की। मौके पर पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि बिट्टू पाठक में पार्टी के प्रति काम करने की इच्छा शक्ति है। श्री पाठक ने एनएसयूआई यूथ कांग्रेस एवं जिलाध्यक्ष के कार्यकाल में आक्रामक राजनीति करते हुए पलामू जिला में कांग्रेस को मजबूती दी है।



आज बूथ स्तर एवं पंचायत एवं प्रखंड स्तर तक जिले में कांग्रेस सशक्त और मजबूत बनी है। कांग्रेसियों ने कहा की आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा के चुनाव में पलामू में कांग्रेस परचम लहरायेगा। मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जन जन के नेता राहुल गांधी सोनिया गांधी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम साहब का आभार प्रकट करता हूं और साथ ही साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गण तथा प्रदेश के सम्मानित नेतागण एवम जिला के सभी वरिष्ठ कांग्रेस जानो का और सभी सहयोगियों का मुझ पर फिर से विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार प्रकट करता हूं।

# जमीन-मकान के मुआवजा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना

राजेश प्रसाद



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब बिजनीबार ग्राम में सोमवार से एनएच 98 फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि व मकान के उचित मुआवजा सहित सात सूत्री मांग को लेकर रैयतो का अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ शुरू हो गया है।

धरना में सिमरबार मुखिया जितेंद्र पासवान तथा राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि पर बने मकान का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। वहीं फोरलेन बना रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया नहीं करा रही है। जो नियम के विपरीत है। अगर इस संबंध में कार्रवाई नहीं की गई। तो सभी रैयत आत्मदाह करने को तैयार हैं। अन्य मांगों में भूमि मापी की त्रुटि सुधार करने, सिमरबार तथा चौखटवा में अंडरपास बनाने, विस्थापित परिवार को जमीन व मकान उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

मौके पर पूर्व मुखिया सुनील भुइयां, प्रमुख पति अनिल पासवान, विजय मेहता, अखिलेश गुप्ता, श्यामलाल यादव, दीनानाथ साव, कामेश्वर यादव, शेषनाग मेहता, शिवशंकर, कृष्णा मेहता, जमुना साव, पिंटू साव, प्रेमचंद साव, मनोज भुईयां, बैजनाथ प्रसाद, विजय प्रसाद मेहता, तूफान गुप्ता, महाराजा मेहता, अनुज मेहता, रविंद्र साव, हरि यादव, उमेश मेहता व बड़ी संख्या में रैयत शामिल थे।

# पलामू : चोरी मामले में शहर थाना पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

### ›› चोरी का लैपटॉप और ज्वेलरी बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र में दो स्थानों पर चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया था। इसमें पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस टीम का गठन कर चोरी उद्भेदन करने का निर्देश दिया था। इस निर्देश के आलोक में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने अपने टीम के साथ चोरी की घटना को उद्भेदन करने में लगे थे।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने साहित्य समाज चौक स्थित डोम टोली मोहल्ला से लक्ष्मण राम के पुत्र आकाश कुमार को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया। जिसमें अकाश कुमार ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए इसमें संलिप्त लोगों का नाम बताया। शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि 30 नवंबर को पंचवटी नगर सूदना निवासी विनय शंकर प्रसाद के घर में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर मोबाइल एवं ज्वैलरी की चोरी की थी।



**खास बातें :** वहीं दूसरी ओर 26 नवंबर को अंबेडकर पार्क में लगे म्यूजिक सिस्टम रूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों घटना का अंजाम एक ही गिरोह के द्वारा दिया गया था।इस मामले में पुलिस काफी दिनों से संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी बीच एसपी के गुप्त सूचना के आधार पर चोरी की घटना का उद्भेदन किया गय। पुलिस ने चोरी के दो लैपटॉप, सोने चांदी का ज्वेलरी एवं मोबाइल गिरफ्तार लोगों के पास से बरामद की है। पुलिस टीम में रेवाशंकर राना, नबी अंसारी, जितेंद्र कुमार, श्रवण यादव, संतन, राकेश कुमार सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# पांकी विधायक ने दिया 11,000 वोल्ट के बिजली तार को हटाने का निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी पलामू।** पांकी की ललिता देवी, रिंकी देवी, नारो कुंवर, सरिता देवी, यशोदा कुंवर, बिसी देवी समेत कई महिलाओं ने विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता से मुलाकात कर बिजली तारों से उनके पीएम आवास निर्माण में आ रही बाधा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन के ऊपर से 11,000 वोल्ट तार गुजरने से वो पीएम आवास की ढलाई नहीं कर पा रही हैं। जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। मामला संज्ञान में आते ही विधायक ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उपरोक्त स्थान से बिजली तार अविलंब हटायें। ताकि इनके मकान निर्माण में कठिनाई न हो और वो इस योजना से वंचित न रह सके।

# कर्नल कप : सड़ेयां-मोहम्मदाबाद ने जीते मैच, झरगाड़ा टूर्नामेंट से बाहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार को मोहम्मदाबाद बनाम झरगाड़ा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिला। दोनों टीमों ने भरपूर प्रयास किया और मध्यांतर के बाद झरगाड़ा ने गोल कर बढत बना लिया। लेकिन मोहम्मदाबाद भी ने अपना बेहतरीन खेल दिखाया और लागातार दो गोल करके 1-2 से इस मैच को जीतने में सफल रहीं। मोहम्मदाबाद के अभिषेक रंजन ने दोनों गोल किया। दूसरे मुकाबले में हीरा सिकनी का सामना टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं सड़ेया के साथ हुआ जिसमें सड़ेया ने रोमांचक मुकाबले में हीरा सिकनी को 2-0 से हरा दिया। सड़ेया के तरफ से करण कुमार ने दोनो गोल किया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि डंडीला पंचायत के वर्तमान मुखिया मंजू देवी और महुअरी पंचायत के भुत पूर्व मुखिया लालधन ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### प्रेरणा परमार्थ का दो दिवसीय वस्त्र वितरण कल से

**मेदिनीनगर।** आदि गुरु दत्तात्रेय जी की जयंती पर प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला शाखा की ओर से जरूरतमंदों के बीच 7 और 8 दिसंबर को वस्त्र वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रंजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया की श्रद्धेय भैया जी के निर्देशन में 7 दिसंबर को रेहला रेलवे ओवर ब्रिज स्थित शिव अवतार ट्रेडर्स में 500 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा की लातेहार के महुआडांड़ में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की सोहर पाट शाखा में 2000 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरण किया जा;२गा। उन्होंने बताया की रेहला शिव अवतार ट्रेडर्स में 7 दिसंबर को 9:30 आदि गुरु दत्तात्रेय जी का पूजन के साथ कार्यक्रम का शुरूआत होगा। इसके बाद 10:30 से वस्त्र वितरण कार्यक्रम प्रारंभ होगा। श्री सिंह ने आश्रम के सभी अनुयायियों एवं बुद्धिजीवी नागरिकों से भी सादर अनुरोध किया है कि कार्यक्रम में यथा समय उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान व सहयोग दें।

### लातेहार की टीम ने मनिका को 2-1 से हराया



**पाटन पलामू।** प्रखंड के किशनपुर में विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के 10वें दिन लातेहार प्रखंड बनाम मनिका प्रखंड के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें लातेहार प्रखंड की टीम 2-1 गोल से विजयी रही। फुटबॉल टूर्नामेंट में कसवाखाड़ पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह, पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुशील सिंह, सूठा पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम और उपमुखिया शुकुल मियां शामिल थे। मैच का शुभारंभ किशुनपुर पश्चिमी क्षेत्र के पंसस मनोरंजन गिरी, किशुनपुर पंचायत के पूर्व उपमुखिया राकेश चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि हरेंद्र ने विजेता लातेहार टीम के खिलाड़ी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मौके पर उद्घोषक अविनाश कुमार सिंह उर्फ मुकेश सिंह व कई लोग शामिल थे।

### मंदबुद्धि नाबालिग से दुष्कर्म, शिकायत करने पर आरोपी और परिजनों ने की पिता-भाई की पिटाई

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत पाठकपगार पंचायत क्षेत्र में मंदबुद्धि नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस संबंध में शिकायत करने पर आरोपी और उसके परिवार के लोगों ने मिलकर पीड़िता के पिता और भाई की जमकर पिटाई कर दी। दोनों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इस मामले में घटना के 48 घंटे बाद सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बताया जाता है कि पाठकपगार के इलाके में तीन दिसंबर को एक मंदबुद्धि नाबालिग (17) को मंदीप पासवान (18), पिता विजेन्द्र पासवान जबरन गन्ने के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया।

# पाटन: प्रखंड कार्यालय का ताला तोड़ लाखों की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन, पलामू।** रविवार की रात चोरों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का ताला तोड़कर लाखों के सामान की चोरी कर ली व फरार हो गये। चोरी की घटना के बारे में बीडीओ मनोज तिवारी ने बताया कि अंचल कार्यालय के कंप्यूटर रूम से कंप्यूटर प्रिंटर पेज आदि सामानों का चोर चोरी कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि जब वह सुबह प्रखंड कार्यालय पहुंचे तो देखा कि प्रखंड कार्यालय का ताला बाहर से टूटा हुआ है। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कंप्यूटर रूम का ताला भी टूटा हुआ था। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी पाटन थाना को दी। घटना की जानकारी मिलने पर एक-दो घंटे के बाद चोरी की घटना की खबर सुनकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने प्रखंड परिसर में लगे सीसीटीवी की फुटेज की जांच करायी।

# नीलांबर-पीतांबरपुर: डायन का आरोप लगाकर पति-पत्नी की जमकर पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर-पीतांबरपुर, पलामू।** आज दुनिया के लोग चांद पर चले गए गया लेकिन लेस्ली गंज में डायन-बिसाही के शक में लोग कानून अपने हाथ में लेने से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोइरी पतरा गांव का है। जहां एक पति पत्नी को डायन बताकर कुछ लोगों ने मार पीट कर दी। जिससे उक्त महिला को काफी चोट आई है।

इसको लेकर पीड़िता मिथलेश मेहता और पत्नी शोभा देवी ने रविवार को लेस्लीगंज थाना में कुछ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसके बाद लेस्लीगंज पुलिस द्वारा कहा गया की मामले को जांच कर उचित कारवाई की जायेगी। पीड़ित महिला शोभा देवी ने बताया कि कोइरी पतरा गांव के निवासि बृजनारायण मेहता, अक्षय मेहता, सत्येन्द्र मेहता, अभय मेहता, रानी देवी, सीता कुमारी ने डायन बताकर गली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिस बात का आवेदन लेस्लीगंज थाने को दिया है।

# चैनपुर: झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने बनायी सीएम के जोरदार स्वागत की रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत की तैयारी पर चर्चा करते प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी।

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम कूदागाकला में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में एक बैठक आहूत की गयी। बैठक का संचालन झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड उपाध्यक्ष सह बसरिया मुखिया नीतीश कुमार सिंह चोरों ने सभी कार्यकर्ता को उन्होंने कहा कि खतियान 1932 के बारे में लोगों को जानकारी दें।

साथ ही उन्होंने कहा कि 9-12- 2022 दिन शुक्रवार को झारखंड जोड़ो जोहार यात्रा की जनसभा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया जा रहा है जिसमें हम सभी कार्यकर्ता को एकत्रित होकर उसके बारे में विस्तार से जानकारी लोगों को मिले इसके लिए शिवाजी मैदान में भारी संख्या में लोगों को लेकर जाना है जिससे कि पूरे देश में एक अलग संदेश जाए और लोगों को खतियान 1932 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी मिल सके मौके पर बैठक में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव मुखिया मुस्तफा अंसारी जितेंद्र यादव फारुख मियां दीनानाथ सिंह चेरो मंजर अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में शामिल थे।

# निपुण भारत : पलामू के दो शिक्षक राज्य स्तरीय कार्यशाला में शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल 'निपुण भारत' कार्यक्रम के तहत शिक्षक प्रशिक्षण निर्माण हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में राज्य भर से दो दर्जन शिक्षक एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थाएं यथा प्रथम,सम्पर्क फाउंडेशन, केयर इंडिया, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए। इस शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल निर्माण कार्यशाला में पलामू के सदर प्रखंड मेदिनीनगर स्थित पोलपोल बुनियादी विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शुक्ल एवं चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय शाहपुर के विज्ञान शिक्षक अमरेंद्र नारायण कार्यशाला में सम्मिलित हुए। इस वर्कशॉप को लेकर एसआरजी समूह के राज्य साधनसेवी दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि झारखंड राज्य में राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पहल 'निपुण भारत मिशन' के क्रियान्वयन हेतु 3 से 9 उम्र के बच्चों को मूलभूत साक्षरता व संख्या ज्ञान शिक्षण हेतु प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल का निर्माण 01 से 4 दिसंबर तक जेसीईआरटी डाइट, रांची में सम्पन्न हुआ। प्रखंड स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 19 दिसम्बर से आयोजित है। जिसमें प्रत्येक प्रखंड से 2 प्राथमिक शिक्षक एवं दो उच्च प्राथमिक शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया जाना है। पुनः वे मास्टर ट्रेनर अपने प्रखंड में प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।

स्पीड न्यूज

### युवक ने गला काट किया आत्महत्या का प्रयास

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्चू में एक 25 वर्षीय युवक राम मुंडा तेजधार हथियार से अपना गल्ला काट हात्महत्या का प्रयास किया। बताया गया कि युवक राम मुंडा के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। अपने भाईयों के साथ नाना बिरसा मुंडा के घर कुच्चू में रह शादी-पार्टी व होटल में कूक का काम करता है। रविवार को रात एक बजे के करीब राम ने घर का आइना तोड़ कर पहले कांच से अपने उपर हमला करने लगा। उसके छोटे भाई उसे रोकरने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहा और वह घर में रखे सब्जी काटने वाले बैठी से अपना गल्ला रेत लिया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया गया कि युवक राम का कभी-कभी मानसिक हालत बिगड़ जाती है।

### आपसी विवाद में गार्ड ने मजदूर को मारी गोली, मौत

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना अंतर्गत मदनपुर गांव स्थित निमार्णाधीन टाना भगत महिला छात्रावास के सुरक्षा गार्ड ने रविवार की रात को बिल्डिंग पर कार्यरत मजदूर को अपने हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है। गोली लगने के बाद मजदूर की घटना घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पिठोरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की एबताया जाता है कि टाना भगत महिला छात्रावास का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसकी सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षाकर्मी फरार है। वही जानकारी के अनुसार फरार सुरक्षाकर्मी और मृतक मजदूर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस घटना में शामिल सुरक्षा कर्मी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

### हाथी से गांव की सुरक्षा को लेकर बैठक में चर्चा

**सोनाहातू।** प्रखंड के बारेंदा पंचायत सचिवालय में प्रमुख विक्टोरिया देवी के अध्यक्षता में सोनाहातू पूर्वी के ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई । बैठक में ग्रामीणों को हाथी से गांव की सुरक्षा को लेकर जागरूकता किया गया। वनपाल दिलीप मुंडा ने ग्रामीणों को हाथी से गांव की सुरक्षा के साथ हाथी भागने के लिये आवश्यक जानकारी दिये। इन्होंने गांव के वन समिति को सक्रिय करने के साथ आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिये। हाथी मित्र तापस कर्मकार ने ग्रामीणों को हाथी के प्रति सकारात्मक सोच रखने को कहा। इन्होंने फसल नष्ट के मुआवजे प्रक्रिया की जानकारी दिये समाजसेवी निशिकांत गोंझु ने वन विभाग से मुआवजा राशि बढ़ाने की अपील किया तथा धान ओर सब्जी के लिये अलग अलग राशि तय करने को कहा। मौके पर वनपाल मुकेश कुमार एउप प्रमुख सविता देवीए मुखिया सुभद्रा देवी, तुलसी महतो एमलखान महतो, जीवन महतो, देवपाल, धर्मेंद्र, सोनू सहित ग्रामप्रधान उपस्थित थे।

### पिपरवार: सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के परियोजना वर्कशॉप के प्रांगण में सेवानिवृत्त क्लर्क के सम्मान में विदाई सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया द्य इस विदाई सह सम्मान समारोह में सीनियर क्लर्क पिपरवार एक्सवेशन से सेवानिवृत श्रीनिवास द्विवेदी को उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया । साथ ही उनके सहकर्मियों द्वारा विदाई कार्यक्रम के दौरान उनके मंगलमय भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर सीनियर मैनेजर मिथिलेश कुमारए सुशील यादव ए मनोज पांडेए रवि रंजनए विजेंद्र कुमार सिंहए मनोज कुमार सिंहए रामू गोपए मिथिलेश सिंहए अरुण कुमार सिंहए शमशुल होदाए अगनु देशवालीए संतोष कुमार रामए राजेंद्र साहूए रियाज अंसारीए प्रमेंद्नाथ सिंहए संजय विश्वकर्माए श्याम ठाकुर एसहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# रूक्का फिल्ट्रेशन प्लांट के समक्ष मजदूरों का प्रदर्शन



प्लांट के आगे धरना प्रदर्शन करते लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** चार माह से मजदूरी नहीं मिलने से नाराज रूक्का फिल्ट्रेषन प्लांट के कर्मियों द्वारा सोमवार को प्लांट का कार्य वाधित कर मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्षन किया गया। आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के बैनर तले धरना-प्रदर्षन करने वाले में रूक्का, बूटी, सुकुरहुटु, दलदली, लालपुर, जिला स्कूल व कांटोटोली प्लांट के कर्मियों भी शामिल थे। बताया कि लगभग दो वर्ष से एपीएलसीएल अहमदाबाद गुजरतात की कंपी के माध्यम से सभी प्लांट में कुल 192 कर्मी कार्यरत है। कंपनी द्वारा मजदूरी के अलावे सात माह से पीएफ फंड नहीं दिया गया। मजदूरी व अन्य मांगों को लेकर कंपनी के प्रबंधक से वार्ता के लिए कर्मियों द्वारा पहल किया की गई थी, लेकिन कंपनी द्वारा कुछ कर्मियों को मात्र एक माह का मजदूरी दी, लेकिन प्रबंधक द्वारा कर्मियों के मांगो पर कोई ध्यान नही दिया। जिससे नाराज कर्मियों ने प्लांट का कार्य बंद कर धरने में बैठ गए। धरना-प्रदर्शन में शामिल कर्मी मेरी मांगो पुरी करो का नारा भी लगा रहे थें। बताया गया कि ठेकेदार द्वारा विभाग से राशि निकासी के लिए प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का धरना-प्रदर्शन किए जाते हैं। धरना-प्रदर्शन के बाद ही राशि की निकासी होती है और इसके बाद मजदूरी का भुगतान होता है।

**मजदूरी नहीं मिलने से मजदूरों में है नाराजगी**

**दो दिन में वार्ता और 15 दिन में मांगे होंगी पूरी**

कार्य वाधित होने व कर्मियों के धरना प्रदर्शन किए जाने की जानकारी मिलने पर विभाग के एसी निरंजन दास, सीओ विजय केरकेट्टा व थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के साथ पहुंचे। कर्मियों से वार्ता की और कंपनी के प्रबंधक से दो दिन में वार्ता कराने व अन्य मांगे को आश्वासन दिया। जिसके बाद कर्मी धरना प्रदर्षन समाप्त कर फिल्हाल कार्य पर लौट गए हैं।

**शहर में पहुंचा अनफिल्टर्ड पानी**

एलेम ढुलाई व प्लांट संचालन में लगभग 80 कर्मी कार्यरत हैं। कर्मियों के हड़ताल व धरना प्रदर्षन करने से प्लांट का कार्य वाधित हो गया। 80 कर्मियों का कार्य मात्र चार सरकारी कर्मियों से किया जा रहा था। जिसके कारण शहर में अनफिल्टेड पेयजल की सप्लाई हुई।

# रातू के झिरी से मिले अज्ञात युवक के शव की हुई पहचान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** थाना क्षेत्र के झिरी के कुंए से शनिवार की सुबह मिले अज्ञात युवक का शव की शिनाख्त हो गयी है। मृतक 26 वर्षीय राहुल कुमारए रवि स्टील चौक स्थित बसंत विहार कॉलोनी निवासी नरेश साहू का पुत्र था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह 27 नवंबर की रात घर से निकला था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। लेकिनए कोई पता नहीं चला। रविवार को विभिन्न समाचार पत्र में खबर छपने के बाद परिजन रिम्स पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद उसे फ्रीजर में रखा गया था। उनके पिता नरेश साहु ने मृतक की पहचान की। यह जानकारी थानेदार सपन कुमार महथा ने दी। उन्होंने बताया कि शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। हरमू मुक्तिधाम में उसकी अंत्येष्टि की गयी।

**मुहल्ले में मातम**



मृतक के परिवार में पिता नरेश और मां सविता देवी हैं। बहन बबली कुमारी व रिंकी कुमारी की शादी हो चुकी है। घटना के बाद सविता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार बेहोश हो रही थी। राहुल दो भाईयों में छोटा था। 12 साल पहले बड़े भाई शनि कुमार की कैंसर से मृत्यु हो गयी थी। नरेश साहू ऑटो चला परिवार का भरण-पोषण करते हैं। राहुल कुमार की आकस्मिक मौत से परिवार का सहारा ही छिन गया।

# ग्रामीणों ने बंद कराया पीसीसी सड़क निर्माण कार्य

**● अनियमितता बरते जाने का लगाया गया आरोप**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** इटकी गुलजार रोड में सोमवार को सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा करीब दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से पलमा मोड़ से तरगड़ी रहमत नगर होते हुए इटकी बाजार टांड़ के अंतिम छोर तक संवेदक के मार्फत सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमे ग्रामीणों ने ठीकेदार पर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में सीमेंट, बालू, गिट्टी की मात्रा में अनियमितता बरती जा रही है। प्राक्कलन के विपरीत घटिया सामग्री सड़क निर्माण में लगाया जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग गयाए और सड़क जल्द ही खराब हो जाएगा। ग्रामीणों की सूचना पर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख निर्माण स्थल पहुंच कर काम को बंद कराया और कहा कि प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने पर ही आगे कार्य शुरू होने दिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क निर्माण में डाले गए घटिया सामग्री को जेसीबी से हटाया गया। इधर आजसू जिला सचिव मूर्तजा आलम ने आरईओ के कनीय अभियंता विजय राम को सड़क निर्माण कार्य मे संवेदक द्वारा बरती जा रही अनियमितता से अवगत कराया। घटिया निर्माण कार्य की जांच कर और संवेदक पर नियम संगत कारवाई की मांग की है। साथ ही घटिया सड़क निर्माण की सूचना ग्रामीण विकास मंत्री को देने की बात कही है।



# डीएसओ ने सील निजी गोदाम को खोल कर किया निरीक्षण, एफआइआर का दिया निर्देश

**खाली पाया गया है सील गोदाम, माफिया पर कारवाई के संकेत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलुंग द्वारा 30 नवंबर को झखराटाड़ स्थित सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता के दो निजी गोदाम को सील करने के बाद पांचवें दिन सोमवार को खोला। गोदाम में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एक गोदाम पुरा खाली हैए जिसमें खाना खाकर रखे गये 20 से अधिक प्लेट, रोटी व सलाद रखा हुआ है। वहीए दुसरे में खाली ट्रक जेएच 19ए 1578 व सैकड़ों प्लास्टिक बोरी में चावल है। गोदाम के स्टाफ बिंदू कुमार ने स्टॉक व बिक्री पंजी लेकर उसे जब्त कर लिया गया है।

**जांच के लिये भेजा चावल का सैंपल**

बोरी में रखे चावल का सैंपल जांच के लिये नामकुम स्थित आरसीएच भेजा गया। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि चावल सरकारी है या नहीं। श्री बिलुंग ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि राशन माफिया से गोदाम संचालक के साथ गठजोड़ की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बीएसओ को सुरेंद्र गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया नौसेना दिवस

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर चार गांधी चौक के समीप नव आयोजित हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम के दौरान शहरवासियों ने पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर केक काटा और भारतीय नौ सेना की गौरवगाथा को याद कर गर्व की अनुभूति की।अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने देशवासियों को अपनी सेना की तरफ से विश्वास दिलाया कि हर परिस्थिति में नौसेना आपके सहयोग एवं अपनी समुद्री सीमाओं की रक्षा के लिए सदैव प्रयत्नशील है।परिषद के प्रांतीय सचिव राकेश मिश्रा ने बताया कि नौ.सेना दिवस सभी देशवाशियों सहित पूर्व सैनिकों के लिए एक यादगारए गौरवान्वित करने वाला और यादों के अनगिनत पलों को आत्मसात करने वाला दिन है। कार्यक्रम में बोकारो स्टील के अधिशासी निदेशक व प्रशासन संजय कुमार, बोकारो स्टील आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह, ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी के लीड ऑफिसर जयदीप सरकारए बोकारो चैम्बर ऑफ कामर्स के संजय बैद मौजूद थे।

**एक नजर में**

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल : रोमांचक मुकाबले में सालहन पंचायत विजयी



**अनगड़ा।** प्रखंड मैदान में हो रहे पंचायत एंव प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल बालक एंव बालिका प्रतियोगिता 2022.23 के आयोजन में सोमवार को साल्हन पंचायत रोमांच पूर्ण खेल का प्रदर्शन करते हुए चतरा पंचायत को हराकर एक गोल से विजय हुआ। वहीं अनगड़ा पंचायत टीम ने एक गोल से गुड़ीडीह पंचायत को हराया स फुटबॉल मैंच का उद्घाटन अनगड़ा प्रखुख दीपा उराँव ने कीक मारकर एंव साल्हन मुखिया सरिता तिर्की और उप मुखिया विमला चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया स हो रहे पंचायत एंव प्रखण्ड स्तरीय आमत्रंण फुटबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने में पंचायत सचिव सज्जाद खान व पंकज तिर्की का अहम योगदान रहा है स उद्घाटन के मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उतम प्रसाद सांसद प्रतिनिधि उमेश कुमार बड़ाईक पंचायत सचिव जितेन्द्र बड़ाईक गुन्ना टुटी गुण्तानाथ कुमार धनेश्वर महतो सोमरा नायक और मुखिया सुमित्रा देवी पीताम्बर बेदिया विरेन्द्र सिंह भोगता शिबु मुंडा सिकंदर अंसारी श्रवण महतो मुन्ना मुंडा आदि उपस्थित थे।

### अधिवक्ता परिषद ने सुलभ न्याय के लिए प्रतिबद्धता प्रकट की

**बोकारो।** संविधान दिवस व अधिवक्ता दिवस पखवारा के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद झारखंडए बोकारो इकाई द्वारा स्थानीय सिटी पार्क में अधीनस्थ न्यायालयों की महत्ता एवं भारतीय संविधान विषय पर एक सेमिनार एवं जिला इकाई का वार्षिक सम्मेलन आयेजित किया गया।प्रथम सांगठिनक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के क्षेत्रीय मंत्री सुनील कुमार ने सुद्दढ़ीकरण पर मार्गदर्शन किया।परिषद के झारखंड प्रदेश महामंत्री विजयनाथ कुंवर ने कहा कि अधिवक्ता परिषद सर्वसाधारण को सस्ता व सुलभ न्याय प्राप्त कराने के लिए कार्यशील है। वहीं कोषाध्यक्ष उमाकान्त पाठक दो वर्षों का अर्थिक लेखाजोखा प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन अर्चना ठाकुर ने एवं स्वागत वरुण पांडे ने किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राजेन्द्र कृष्णा सेमिनार विषय अधीनस्थ न्यायालयों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

# नगड़ी प्रखंड कार्यालय के समक्ष स्कूल के निदेशक की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन

**धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए ग्रामीण और जन प्रतिनिधि**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित सेक्रेड मिशन स्कूल के निदेशक सुरेश्वरी महतो को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सोमवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय के सामने पीड़ित छात्रा के परिजनो, ग्रामीण महिलाओं और जनप्रतिनिधियों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन बीडीओ नूतन कुमारी और सीओ संतोष कुमार शुक्ला को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन कर रहे लोग आरोपी सुरेश्वरी महतो को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। मौके पर उपस्थित खिजरी के विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों का बचाव नहीं कर अविलंब कारवाई करें। पुलिस प्रशासन की सुश्ती से ही आरोपी इतने दिनों से गिरफ्तार नहीं हो सका है। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा पुलिस प्रशासन आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित कर रही है।



**जन प्रतिनिधियों ने किया संबोधित**

नगड़ी जिला परिषद सदस्य पुनम देवी ने कहा हम जनप्रतिनिधि पीड़ित नाबालिग छात्रा के साथ न्याय की मांग शांति पूर्ण तरीके से कर रहे हैं और पुलिस प्रशासन हमलोगो पर ही 107 के तहत केस दर्ज कर हमें डराने का प्रयास कर रही है। धरना प्रदर्शन को इटकी जिला परिषद सदस्य रीना देवी, ओरमांझी जिला परिषद सदस्य कमिश्ननर मुंडा, मांडर जिला परिषद सदस्य परमेश्वर भगत लापुग जिला परिषद हिंदीयाए चान्हो जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारीए मांडर जिला परिषद सदस्यए नगड़ी प्रखंड उप प्रमुख अफसाना परवीन, समाजसेवी बजरंग महतो नगड़ी पंचायत समिति सदस्य शीला देवी नारो पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी चेटे पंचायत समिति सदस्य दुर्गी पूर्ति, बलालोंग पंचायत समिति सदस्य सोमनाथ तिर्की, साहेर पंचायत समिति सदस्य गुलरेज अंसारी, यासिन अंसारी, ऐनुल हक, आमया के एस अली ने भी संबोधित किया।

### सीएन होडा ने किया पुरस्कार वितरण, अमित को मिला फ्रिज



**ओरमांझी/पिठोरिया।** सीएन होंडा पिठोरिया द्वारा सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर लक्की ड्रॉ विजेताओं को उपहार प्रदान किया गया। प्रबन्धक बीरू प्रसाद ने विजेता ग्राहक अमित महतो को फ्रीज व राहुल गुप्ता को माइक्रोवेन प्रदान किया। इसके अलावे अन्य को विभिन्न प्रकार के उपहार मिले। बाद में सीएन होंडा की ओर से रोड सेफ्टी अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियम व वाहन दुर्घटना से सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर प्रबन्धक वीरु प्रसाद, अनिल केसरी, विक्की अहीर, राणा कुमार रॉय, यशवंत गुप्ता, प्रकाश कुमार, गोपाल कुमार, सुरज कुमार, पप्पू और असलम आदि उपस्थित थे।

# रोहिणी कोल डंप के मजदूरों की बैठक

**रोहिणी कोयला खदान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** रोहिणी कोल डंप के मजदूरों की बैठक रोहिणी में हुई।बैठक की अध्यक्षता झामुमो वरिष्ठ नेता राजकिशोर राम पासवान ने किया।बैठक में रोहिणी परियोजना कोयला खदान की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई।कहा गया कि रोहिणी खदान में अभी जमीन के कारण कोयला उत्पादन की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण रोड सेल में कोयला कम मिल रहा है जिससे कोल डंप के मजदूरों को भी कम मजदूरी मिल रहा है। मजदूरों ने संचालन समिति के समक्ष मजदूरी बढ़ोतरी की मांग की।मजदूरों ने कहा कि महंगाई को देखते हुए मजदूरी में बढ़ोतरी होनी चाहिये।जिस पर रोहिणी संचालन समिति के सदस्यों ने मजदूरों की मजदूरी बढ़ोतरी करने का आश्वासन दिया है। कहा कि जैसे ही रोहिणी परियोजना की स्थिति ठीक होगी और रोड सेल में कोयला ज्यादा आने लगेगा मजदुरी तुंरत बढ़ाई जाएगी।वही मजदूरों ने एक स्वर में कहा कि सभी मजदूर वर्तमान संचालन समिति के साथ है और कोई भी दूसरे लोग जो मजदूरी बढ़ाने के नाम पर बरगलाने वाले लोगों के साथ वे नही है। मजदूरों की जो समस्या है उसके लिए वर्तमान समिति के साथ है। बैठक में मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, अनिल पासवान, बालेश्वर भोगता, सी कुजूर, सागर गोप, महेंद्र चौहान, बसन्त उरांव, जैनुल खान, बुला अंसारी, राजकुमार गंझू, रोबिन पासवान, सूरज लोहरा, मेघु मुंडा, बीरबल भुइयां मौजूद थे।

# फाइनल मैच में तुमांग 2-1 से जीता और हुताप की टीम रही उपविजेता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** गुलजारबाग खेल मैदान में सोमवार को दूसरा सेमीफाइनल तुमांग और बुकबुका के बीच खेला गया। जिसमें तुमांग 2-0 से विजेता रहा और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। फाइनल में तुमांग एवं हुटाप के बीच खेला गया जिसमे तुमांग 2-1 से विजेता रहा और फाइनल मैच जीत कर कप अपने नाम किया एवम हुताप की टीम उपविजेता रहा । मैन ऑफ द मैच आयुष कुमार तुमाग पंचायत के रहे जबकि मैन ऑफ द सीरीज हुटाप पंचायत के मनेश गंझू रहे। फाइनल मैच में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्या, प्रखंड समन्वयक 15 वित्त असित कुमार ,विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, खलारी पंचायत समिति सदस्य किरण तिर्की, बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, चूरी दक्षिणी के मुखिया मलका मुंडा, तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली, सहदेव वाली पंचायत समिति सदस्य तुमांग, शिवरथ मुंडा हुटाप पंचायत के मुखिया, लपरा पंचायत के मुखिया पुतुल देवी, अनुज कुमार गुप्ता शिक्षक , सुनील मिंज शिक्षक कुलदीप एक्का, रेफरी बंटी सिंह , अरुण उरांव एवं उनके टीम, राजकुमार चिकित्सा टीम। कॉमेंटेटर सागर राम। फील्ड सहायक के रूप में विजय गोप एवम रवि कुमार उपस्थित रहे।

### इटकी के नये बीइइओ ने पदभार संभाला



**इटकी।** इटकी के नये बीईईओ सुनील कुमार केशरी ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। पूर्व बीईईओ अनुराधा रानी ने उन्हें पदभार सौंपा। मौके पर नये प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी ने कहा की सभी स्टाफ समय पर ईमानदारीपूर्वक काम करें तो हर काम आसानी के साथ होगा और इससे प्रखंड का नाम भी रौशन होगा। मौके पर वहाब हमजाए पम्मी सिन्हाए रूबाना परवीनए श्याम कुमार, सशांक कुमार, बांधना उरांव, विकाश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# खेलो झारखंड : पिपरवार के खिलाड़ियों ने जीता पांच गोल्ड

**जिला स्तरीय खेल कूद का आयोजन**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिपरवार।** चतरा जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता में पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों ने लहराया परचम जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुटकी के छात्र हंसराज महतो ने जैवलिन थ्रो में चतरा जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुंदुवा के छात्र संजीत उरांव 100 मीटर दौड़ए उत्क्रमित मध्य विद्यालय राहम के छात्र आशा कुमारी 100 मीटर दौड़एकिचटो पंचायत के भगवान टोला मध्य विद्यालय के छात्र राहुल कुमार ने डिस्कस थ्रो मैं प्रथम स्थान एडैमबुआ मध्य विद्यालय के छात्र अर्जुन उरांव 200 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान सहित उत्क्रमित मध्य विद्यालय विजैन के छात्र सिकन्दर उरांव ने 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर पिपरवार कोयलांचल का नाम रोशन किया। इन छात्रों द्वारा जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के द्वारा जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किए जाने को लेकर सभी विद्यालय के प्राचार्य एवं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय विजैन के प्रधानाचार्य रूपनाथ उरांव सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रों को बधाई दी हैए साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चुनावी शुचिता

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की साख के लिये जरूरी है कि चुनाव प्रक्रिया को अंजाम देने वाली संस्था सशक्त व स्वतंत्र हो। तभी आम व्यक्ति का चुनाव प्रक्रिया में भरोसा कायम रह सकता है। जरूरी है कि देश का निर्वाचन आयोग किसी राजनीतिक दल या सरकार के दबाव से मुक्त होकर नियम-कानून के अनुसार फैसले ले। अब चाहे कार्यपालिका के शीर्ष व्यक्ति का चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा मसला ही क्यों न हो। पिछली सदी के अंतिम दशक में पूरे कार्यकाल में काम करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने अपने विजन से चुनाव प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन किये। बिना किसी राजनीतिक दबाव के चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी व विश्वसनीय बनाया। उनकी अनुशासित व सख्त कार्यशैली से राजनीतिक दल निरंकुश व्यवहार नहीं कर पाये। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ को इस बाबत एक याचिका पर सुनवाई के दौरान तल्ख टिप्पणी करनी पड़ी। कोर्ट को कहना पड़ा कि संविधान में मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया तय न करके यह कार्य संसद पर छोड़ा गया था, जिसका सरकारें अनुचित लाभ उठाती रही हैं। शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे की सुनवाई के दौरान नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये। साथ ही सरकार से इस चयन से जुड़ी फाइल पेश करने को कहा गया है। कोर्ट का कहना था कि मुख्य चुनाव आयुक्त को इतना सशक्त होना चाहिए कि यदि किसी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकार के मुखिया के खिलाफ कोई शिकायत आये तो उस पर भी कार्रवाई की जा सके।शीर्ष अदालत की टिप्पणी से पहले भी इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। निश्चित तौर पर बड़ी चिंता का विषय है।

# पाक में बदलाव

पाक सेना के नये प्रमुख बनने से भारत के साथ रिश्तों में कोई खास बदलाव होगा। लेकिन पाक राजनीतिक टकराव की ओर अग्रसर जरूर हो जायेगा। दरअसल, जनरल बाजवा के उत्तराधिकारी की नियुक्ति को देश में छाये राजनीतिक संकट के घटक के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पूर्व आईएसआई प्रमुख आसिम मुनीर को सेना प्रमुख तथा साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी का अध्यक्ष नामित किया था। पूर्व में इमरान खान सरकार के दौरान राष्ट्रपति बने आरिफ अल्वी ने दोनों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। इमरान की पार्टी के सदस्य रहने के बाद राष्ट्रपति बनने के चलते कयास लगाये जा रहे थे कि वे इन नियुक्तियों को कुछ समय के लिये टाल सकते हैं। बाजवा के बाद सबसे वरिष्ठ सेना अधिकारी की सेना प्रमुख के रूप में नियुक्ति को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिये एक झटके के रूप में देखा जा रहा है। जो इमरान के समय से पहले चुनाव कराने के लिये चलाये जा रहे आंदोलन के मार्ग में एक बाधा बन सकते हैं। आसिम मुनीर के पाक की कुख्यात गुप्तचर संस्था इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस यानी आईएसआई के मुखिया रहने के दौरान ही वर्ष 2019 में पुलवामा हमला हुआ था। जिसके उपरांत दोनों देशों में तनाव चरम पर पहुंच गया था। तब उन्हें इमरान खान के आदेश पर पद से हटा दिया गया था। इस शीर्ष खुफिया एजेंसी के मुख्य अधिकारी के रूप में उनका कार्यकाल सबसे छोटा यानी सिर्फ आठ माह का रहा था। बाद में आसिम मुनीर द्वारा इमरान की पत्नी के कदाचार के मामले उजागर करने की चर्चा भी रही थी। कुल मिलाकर इमरान खान व आसिम मुनीर के रिश्ते तल्खी भरे रहे हैं।

# फीफा कप का इस्लामीकरण क्यों?




**जाकिर** नाईक जैसे घनघोर कट्टरवादी कठमुल्ले को विशेष अतिथि के रूप में फीफा वर्ल्ड कप 2022 में बुलाकर कतर ने यह साबित कर दिया है कि उसके इरादे नेक तो कतई नहीं है। जाकिर नाईक के खिलाफ भारत में वारंट जारी है । हमेशा टाई सूट पहनने वाले जाकिर नाईक पर सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने के गंभीर अभियोग हैं। भारत सरकार इन अभियोगों के आधार पर मलेशिया सरकार से जाकिर नाईक को प्रत्यर्पित करने की लगातार मांग कर रही है। मलेशिया की सरकार धूर्त नाईक को बचाती किसी न किसी बहाने बचाती फिर रही है।

दरअसल कतर की तरफ से फीफा की मेजबानी को लेकर पूरी दुनिया में विवाद भी छिड़ा हुआ है और सभी यह मान रहे हैं कि कतर ने पैसे के दम पर मेजबानी हासिल की। लेकिन , सवाल यह है कि वह कौन सी वजह है, जिसके लिए कतर इतना बड़ा आयोजन करवाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए राजी था। अब पता चल रहा है कि वह वजह थी इस्लाम के प्रचार का तगड़ा प्लेटफार्म तैयार करना। कई जानकार तो ऐसा ही मानते हैं। कतर सरकार का फीफा के आयोजन के समय जाकिर नाईक को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाना समझ से परे है। उसका कतर में होना ठोस संकेत है कि वह वहां पर फीफा कप के मैच देखने के लिए आए फुटबॉल प्रेमियों के बीच इस्लाम का प्रचार करने के लिए ही आया है या यूं कहें कि बुलाया गया है। जाकिर नाईक अपनी सभाओं में गैर- मुसलमानों से खुलकर कहता है कि वे इस्लाम धर्म अपना लें।

दरअसल कतर फीफा विश्व कप का आयोजन करने के बहाने अपने को दुनिया का सबसे मुखर इस्लामिक देश साबित करना चाहता है। उसे पता है कि फीफा कप को दुनिया के कोने-कोने में देखा जाता है। इसलिए यह एक बेहतर मौका है , फीफा के बहाने इस्लाम के प्रवक्ता बनने का। उसने फीफा कप से पहले बीयर कंपनी बडवाइजर के लिए एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी। उसने फीफा कप के दौरान बीयर की सेल पर रोक लगा दी। इसके चलते बडवाइजर को भारी नुकसान हुआ। कतर ने अपने वादे से पलटते हुए फीफा कप की शुरूआत से पहले स्टेडियम में बीयर की बिक्री को प्रतिबंधित कर दिया है। यह बीयर कंपनी के साथ-साथ फुटबॉल फैंस के लिए भी निराश करने वाली खबर है।

कतर में शराब की सेल होती है। कतर सरकार ने स्टेडियमों के भीतर बीयर की सेल पर रोक लगाकर अपने को एक बड़ा इस्लामिक देश के रूप में पेश करने की कोशिश की है। जाकिर नाईक घनघोर हिन्दू विरोधी है। उसने कुछ समय पहले पाकिस्तान सरकार को इस्लामाबाद में हिन्दू मंदिर निर्माण की इजाजत न देने की सलाह भी दी थी। कह सकते हैं कि जाकिर नाईक ने पाकिस्तान में मंदिर न बनाने संबंधी बयान देकर पाकिस्तान के कठमुल्लों को खुश कर दिया। यानी अगर उसे मलेशिया से कभी बाहर किया गया तो उसे पाकिस्तान में सिर छुपाने की जगह तो मिल ही जाएगी। जाकिर के हक में हाफिज सईद और मौलाना अजहर महमूद जैसे कठमुल्ले पाकिस्तान सरकार पर दबाव डालने लगेंगे ताकि उसे पाकिस्तान में शरण मिल जाए। इसीलिए ही वह पाकिस्तान में मंदिर के निर्माण का विरोध कर रहा था। नाईक को कहीं न कहीं यह भी लगता होगा कि उसे मलेशिया के अलावा भी अपना कोई ठिकाना तलाश कर ही लेना चाहिए। क्योंकि, वहां पर उसका संरक्षक महातिर मोहम्मद तो अब सत्ता से बाहर हो चुका है। महातिर मोहम्मद भी भारत का दुश्मन है। वह कश्मीर से लेकर 370 जैसे मसलों पर भारत की निंदा करने से बाज नहीं आता था।

जाकिर नाईक पिछले कई दशकों से भारत में शांतिपूर्ण सामाजिक वातावरण को विषाक्त करता रहा है। वह एक जहरीला किस्म का शख्स है। उसके तो खून में ही हिन्दू-मुसलमानों के बीच खाई पैदा करना है। जाकिर नाईक लगभग पांच-छह सालों से भारत से भागकर अब मलेशिया जाकर बसा हुआ है। मलेशिया में रहकर नाईक भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हिन्दू समाज की हर रोज मीनमेख ही निकालता रहता है। जाकिर नाईक ने मलेशिया के हिंदुओं को लेकर भी तमाम घटिया बातें कही हैं। एक बार उसने कहा था कि मलेशिया के हिन्दू मलेशियाई पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद मोहातिर से ज्यादा मोदी के प्रति समर्पित हैं। अब आप समझ सकते हैं कि कितना नीच किस्म का इंसान है नाईक। मलेशिया में करोड़ों भारतीय मूल के लोग रहते हैं। ये अधिकतर तमिल हिन्दू हैं। कुछ भारतीय मुसलमान और सिख भी हैं।

वहां के भारतवंशी भारत से भावनात्मक स्तर पर तो जुड़े हैं, पर वे मलेशिया को ही अपना देश मानते हैं। वे वहां की संसद तक में हैं। मंत्री भी हैं। उन पर जाकिर नाईक की बेहद गैर-जिम्मेदराना और विद्वेषपूर्ण टिप्पणी कतई सही नहीं मानी जा सकती है। इस बीच,आपने देखा होगा कि भारत का मित्र राष्ट्र होने के बाद भी कतर भारत के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार नहीं कर रहा है। नूपुर शर्मा की विवादित टिप्पणी के बाद कतर अकारण ही कुछ जरूरत से ज्यादा ही नाराज हो गया था। हालांकि इसकी कोई जरूरत नहीं थी , क्योंकि भारत सरकार ने नूपुर शर्मा के बयान को खारिज कर दिया था। इस तरह , उसका रवैया कतई मित्रवत नहीं था।

बहरहाल, यह तो स्वीकार करना ही होगा कि चालू फीफा कप को एक अलग रंग देने की कोशिश हो रही है। सोशल मीडिया पर बहुत सारे लोग कतर की इस बात के लिए भूरि-भरि प्रशंसा भी कर रहे हैं कि एक छोटे से देश ने इतना बड़ा आयोजन कैसे कर दिया। इस प्रशंसा में यह सिद्ध करना भी सांकेतिक है कि इस्लामिक देश कुछ भी कर सकते हैं। हालांकि इस क्रम में दो तथ्य नजरअंदाज कर दिए जाते हैं। पहला, कतर में उन श्रमिकों का कसकर शोषण हुआ है जो फीफा कप से जुड़े निर्माण कार्यों से जुड़े हुए थे। उनमें भारतीय, नेपाली, पाकिस्तानी और बांगलादेश के मजदूरों की संख्या ही अधिक थी। यानी मजदूरों का शोषण करते समय कतर भूल गया कि पाकिस्तान और बंगलादेश भी तो इस्लामिक मुल्क ही हैं। दूसरा, फीफा कप के लिए बने स्टेडियम और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी प्रोजेक्ट को चीनी कंपनियों ने ही पूरा किया। चीन से तो मानो कतर और इस्लामिक देशों के संगठन ओआईसी की जान ही निकलती है।



- आरके सिन्हा

> नाईक को कहीं न कहीं यह भी लगता होगा कि उसे मलेशिया के अलावा भी अपना कोई ठिकाना तलाश कर ही लेना चाहिए। क्योंकि, वहां पर उसका संरक्षक महातिर मोहम्मद तो अब सत्ता से बाहर हो चुका है। महातिर मोहम्मद भी भारत का दुश्मन है। वह कश्मीर से लेकर 370 जैसे मसलों पर भारत की निंदा करने से बाज नहीं आता था।

## खास बात
### वक्त का हिसाब

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

**अपने** समय की लोकप्रिय फिल्म वक्त के एक विख्यात गीत में साहिर लुधियानवी ने भी बड़ी गंभीरता से समझाया था- आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहे, कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज। ऐसी सीखें हम भारतीयों के मन में इस रूप में घर कर गईं कि होनी होकर रहेगी।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में रेल के चक्के चार घंटों तक जाम कर दिए, लेकिन तमाम क्षेत्रीय रेल सेवाओं ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि इस अभियान से रेल सेवाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडा। पड़ता भी कैसे, रेलगाड़ियां चार क्या चौदह घंटे की देरी से भी चलें, रेल प्रशासन और यात्रियों का ध्यान केवल कुछ ह्वउच्च श्रेणी की राजधानी, शताब्दी या वंदे भारत जैसी गाड़ियों के समय से चलने पर केंद्रित रहता है। मुझे याद है वह दिन, जब पटना से कानपुर आने वाली महानंदा एक्सप्रेस के छह घंटे देर से आने की सूचना फोन पर मिल गई थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद घोषणाएं होती रहीं और देरी छह से आठ, आठ से दस और दस से बारह घंटों में बदलती रही। मैंने जब भुनभुना कर अपनी भड़ास निकाली तो स्थानीय लोगों ने शांत स्वर में इसे मेरी मूर्खता घोषित कर दिया और कहा कि ह्वसब जानते हैं यह ट्रेन महागंदा एक्सप्रेस के नाम से कुख्यात है। इसे आपने चुना ही क्यों! हमारी सड़कों पर किसी न किसी कानून से क्षुब्ध लोग आए दिन प्रदर्शन और जुलूस के नाम पर चक्का जाम कर देते हैं।

उसके बिना भी बंगलुरु, दिल्ली आदि महानगरों में सड़कों पर कब कितना जाम लग जाएगा, कोई नहीं जानता। रेलवे स्टेशन, एअरपोर्ट आदि जाने के लिए लोग घंटों पहले घर से निकलते हैं और फिर भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि समय से पहुंच पाएंगे।

इसी स्थिति का फायदा उठा कर दफ्तरों में देर से आने वाले कर्मचारी सारा इल्जाम यातायात की कठिनाइयों पर थोप पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में और निजी संस्थाओं के दफ्तरों में इन बहानों का अलग-अलग तरीके से इलाज किया जाता है। खासतौर पर यह वहां आसानी से संभव हो पाता है, जहां उच्च अधिकारी खुद समय की पाबंदी में विश्वास रखते हों और सही मिसाल सामने रखते हों।

# पुत्र बने भगवान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** हरण के बाद राम ने रास्ते में रक्त देखकर कहा लक्ष्मण लगता है कि लड़ाई भी हुई है क्योंकि खून नजर आ रहा है। आगे बढ़ने पर मांस के टुकड़ें भी नजर आ रहें हैं। फिर आगे जाने पर गिद्धराज जटायु घायल गिरे हुए मिले। श्रीराम ने कहा आपकी यह दशा। जटायु ने कहा रावण ने यह दशा कर दिया है। वह अक्सर ही इधर आता था। जब आज आपलोगों के निवास के निकट जा रहा था तब मैं सचेत हो गया। थोड़ी देर बाद जब वह सीता का हरण करके लौटा तब मैंने उसके रथ को रोका और कहा कि मेरे रहते हुए तुम सीता को लेकर नहीं जा सकते हो। मुझे इतना ही दुख है कि वह मुझसे तलवार का धनी निकला। मुझे घायल करके गिरा दिया औरमेरी आंखों के सामने सीता को लेकर चला गया। ये प्राण निकलना चाहते थे लेकिन मैंने रोककर रखा था इसलिये कि मैं यह खबर आपको कर दूं तब मरूं। श्रीराम दौड़कर जटायु के देह को स्पर्श किये और कहा कि मैं आपके प्राण को रोक दूं। जटायु ने कहा प्रभु मुझे मरने दीजिए, मत रोकिए। क्योंकि एक न एक दिन इस शरीर को मरना ही है और मरने के लिये ऐसा बहाना नहीं मिलेगा कि सीता के लिये लड़कर और कटकर मर जांए। दूसरी बात यह कि मेरी मुक्ति हो रही है। जिस मुक्ति के लिये मुनि लोग जन्म साधन करते हैं और अंत तक नहीं मिलती। वो मुक्ति मुझे हासिल हो रही है। मेरी आंखों के सन्मुख आप है। मेरा ध्यान आपमें लगा हुआ है और आपको देखते-देखते मैं प्राण छोड़ रहा हूं। अतः मुझे मरने दीजिए। गीधराज ने प्राण छोड़ दिया। राम ने कहा लक्ष्मण पिता के मित्र थे इसलिये पिता तुल्य हैं। लकड़ियां इकट्ठा करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

इस अहम मुद्दे पर मैंने लोकसभा में आवाज उठायी है, सालों से चली आ रही इस व्यवस्था को बदलने की जरुरत है।

(संदर्भ कड़िया मुंडा की उक्ति धर्म परिवर्तन करने वालों को आदिवासी की सुविधा न मिले। )

**– निशिकांत दूब सांसद**

## आपके ट्वीट

झारखण्ड की माटी के वीर सपूत, महान आंदोलनकारी वीर शहीद शक्तिनाथ महतो जी के शहादत दिवस पर शत-शत नमन।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





शिक्षा, हरियाली और विकास ? हमारी तैयारी है कि सिल्ली विधासनभा क्षेत्र के शिक्षा मॉडल की गूंज पूरे देश में हो। सीमित संसाधनों में बड़ी लड़ाई जीतने के मकसद के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। पढ़ेगा सिल्ली, बढ़ेगा सिल्ली।

**–सुदेश महतो, आजसू**

# विगत एक हजार साल से खड़ा है बृहदेश्वर मंदिर

## पर्यटन

**अभिषेक नारायण**

**कैसे** पैसे वाले भारतीय सैलानी तो इटली होकर भी आए होंगे। पीसा की मीनार के बारे में, वहां हमें बताया जाता है कि उस मीनार की ऊँचाई 180 फुट है और इसके निर्माण में 200 वर्ष लगे थे तथा सन 2010 में इस मीनार ने अपनी आयु के 630 वर्ष पूर्ण कर लिए। हमें और आपको बताया गया है कि यह बड़ी ही शानदार और अदभुत किस्म की वास्तुकला का नमूना है। यही हाल मिस्त्र के पिरामिडों के बारे में भी है। आज की पीढ़ी को यह जरूर पता होगा कि मिस्त्र के पिरामिड क्या हैं, कैसे बने, उसके अंदर क्या है आदि-आदि।

लेकिन क्या आपको तंजावूर स्थित बृहदीश्वर मंदिर के बारे में जानकारी है? बहरहाल बात हो रही थी बृहदीश्वर मंदिर की। दक्षिण भारत के तंजावूर शहर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर भारत का सबसे बड़ा मंदिर कहा जा सकता है। यह मंदिर तंजावूर प्रिय कोविल के नाम से भी प्रसिद्ध है। सन 1010 में अर्थात आज से एक हजार वर्ष पूर्व राजराजा चोल ने इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। कावेरी नदी के तट पर स्थित यह मंदिर पूरी तरह से ग्रेनाईट की बड़ी-बड़ी चट्टानों से निर्मित है। ये चट्टानें और भारी पत्थर पचास किमी दूर पहाड़ी से लाए गए थे। दसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में चोल वंश के अरुल मोझिवर्मन नाम से एक लोकप्रिय राजा थे जिन्हें राजराजा चोल भी कहा जाता था। इस मंदिर का नाम राजराजेश्वर रखा था और तत्कालीन शासन के सभी प्रमुख उत्सव इसी मंदिर में संचालित होते थे। उन दिनों तंजावूर चोलवंश की राजधानी था तथा समूचे दक्षिण भारत की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र भी। बाद में जब पश्चिम से मराठाओं और नायकरों ने इस क्षेत्र को जीता तब इसे बृहदीश्वर मंदिर नाम दिया। तंजावुर प्रिय कोविल अपने समय के तत्कालीन सभी मंदिरों के मुकाबले चालीस गुना विशाल था। इसके 216 फुट के विराट और भव्य मुख्य इमारत को इसके आकार के कारण दक्षिण मेरु भी कहा जाता है। 216 फुट ऊँचे इस शिखर के निर्माण में किसी भी जुड़ाई मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इतना ऊँचा मंदिर सिर्फ पत्थरों को आपस में इंटर-लॉकिंग पद्धति से जोड़कर किया गया है। इसे सहारा देने के लिए इसमें बीच में कोई भी स्तंभ नहीं है, अर्थात यह पूरा शिखर अंदर से खोखला है। भगवान शिव के समक्ष सदैव स्थापित होने वाली नंदी की मूर्ति 16 फुट लंबी और 13 फुट ऊँची है तथा एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है।. गर्भगृह दो मंजिला है तथा शिवलिंग की ऊँचाई तीन मीटर है। आगे आने वाले चोल राजाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से 270 मीटर लंबी 130 चौड़ी बाहरी दीवार का भी निर्माण करवाया. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी तक यह मंदिर कपड़ा, घी, तेल, सुगन्धित द्रव्यों आदि के क्रय-विक्रय का प्रमुख केन्द्र था. आसपास के से लोग सामान लेकर आते, मंदिर में श्रद्धा से अर्पण करते तथा बचा हुआ सामान बेचकर घर जाते. सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि यह मंदिर अभी तक छः भूकंप झेल चुका है, परन्तु अभी तक इसके शिखर अथवा मंडपम को कुछ भी नहीं हुआ। दुर्भाग्य से ऐसे अदभुत मंदिर की जानकारी भारत में कम ही लोगों को है. इस मंदिर के वास्तुशिल्पी कुंजारा मल्लन माने जाते हैं। सही तीन बटे आठ या 1-3/8 अर्थात, एक अंगुल) फामूर्ले का उपयोग किया. इसके अनुसार इस मात्रा के चौबीस यूनिट का माप 33 इंच होता है, जिसे उस समय हस्त, मुजमह्व अथवा किश्कु कहा जाता था। वास्तुकला की इसी माप यूनिट का उल्लेख चार से छह हजार वर्ष पहले के मंदिरों एवं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माण कार्यों में भी पाया गया है। कितने इंजीनियरों को आज इसके बारे में जानकारी है?(लेखक मेक माई ट्रिप के रांची लोकेशन हेड हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




साभार:कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**-पुलकित जैन,रांची**

### नस्लवाद से नुकसान

**नस्लवाद** या प्रजातिवाद की अवधारणा को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। अश्वेतों की मात्र इसलिए खिल्ली नहीं उड़ाई जानी चाहिए कि वे अश्वेत हैं, क्योंकि ऐसा करना वसुधैव कुटुंबकम की भावना के विपरीत है। इस संकीर्ण मानसिकता का खात्मा तभी संभव हो सकता है जब हम सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास होगा।

**– सुनील कुमार, हजारीबाग**

# सर्वसमावेशी हिंदू सनातन संस्कृति भारत का मूलतत्व

## संस्कृति

**प्रहलाद सबनानी**

**भारत** ने अन्य देशों में हिंदू धर्म को स्थापित करने अथवा उनकी जमीन हड़पने के उद्देश्य से कभी भी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया है।परंतु, वर्ष 1947 में, लगभग 1000 वर्ष के लम्बे संघर्ष में बाद, भारत द्वारा परतंत्रता की बेड़ियों को काटने में सफलताप्राप्त करने के पूर्व भारत की हिंदू सनातन संस्कृति पर बहुत आघात किए गए और अरब आक्रांताओं एवं अंग्रेजों द्वारा इसे समाप्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई थी। परंतु, भारतीय जनमानस की हिंदू सनातन संस्कृति के प्रति अगाध श्रद्धा एवं महान भारतीय संस्कृति के संस्कारों ने मिलकर ऐसा कुछ होने नहीं दिया।

भारतीयों का हिंदू सनातन संस्कृति एवं एकात्मता में विश्वास ही इनकी विशेषता रही है। अध्यात्म आधारित दृष्टिकोण है इसलिए हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। आध्यात्मवाद ने ही भारत के नागरिकों की रचना की है और आपस में जोड़ा है। परंतु अभी हाल ही में भारत के अंदर एवं वैश्विक स्तर पर कुछ इस प्रकार की घटनाएं घटित हो रही हैं जिसके चलते एक बार पुनः यह आभास हो रहा है कि कहीं यह घटनाएं हिंदू सनातन संस्कृति एवं सनातन चिंतन पर विपरीत प्रभाव तो नहीं डाल रही हैं। भारत राम और कृष्ण का देश भी माना जाता है, इसलिए यहां हिंदू परिवारों में बचपन से ही वसुधैव कुटुम्बमक सर्वे भवन्तु सुखिनःएवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्व की भावना जागृत की जाती है जिसके चलते भारत में जीव, जंतुओं एवं प्रकृति को भी देवता का दर्जा दिया जाता है। दरअसल हिंदू सनातन संस्कृति एकात्म दर्शन पर आधारित सर्वसमावेशी है। इसमें ईश्वरीय भाव जाहिर होता है। जो मेरे अंदर है वही आपके अंदर भी है। हिंदू सनातन संस्कृति, अन्य संस्कृतियों को भी अपने आप में आत्मसात करने की, क्षमता रखती है। भारत में जनसंख्या असंतुलन पैदा कर भारत के हिंदू सनातन चिंतन पर आघात किए जाने का प्रयास हो रहा है। आज भारत में प्रजनन दर हिंदुओं के लिए 1.94 है, सिखों के लिए 1.61 है,बौद्धों के लिए 1.39 है और जैनियों के लिए 1.60 है। वहीं मुसलमानों के लिए 2.36 है तो ईसाईयों के लिए 1.88 है। दूसरे, भारत के पड़ोसी देशों के माध्यम से रोहिंग्या मुसलमानों को भारत में बहुत बड़ी मात्रा में प्रवेश कराया जा रहा है। तीसरे, हिंदुओं का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान अथवा ईसाई बनाया जा रहा है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष लगभग 8 लाख हिंदुओं का धर्मांतरण कर मुसलमान बनाया जा रहा है। भारत में लव जिहाद भी इसी दृष्टि से फलता फूलता दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से वर्ष 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से तो भारत में हिंदुओं की स्थिति लगातार दयनीय होती जा रही है। आज भारत के 9 प्रांतो में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं एवं इस्लामी/ईसाई मतावलंबी बहुमत में आ गए हैं। जैसे, नागालैंड में 8%, मिजोरम में 2.7%, मेघालय में 11.5%, अरुणाचल प्रदेश में 29%, मणिपुर में 41.4%, पंजाब में 39%, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 32%, लक्षद्वीप में 2%, लदाख में 2% आबादी हिंदुओं की रह गई है। कुछ राज्यों में तो हिंदुओं की आबादी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है। जिन जिन क्षेत्रों, जिलों अथवा प्रदेशों में इस्लाम को मानने वाले अनुयायियों की संख्या बढ़ी है उन उन क्षेत्रों, जिलों एवं प्रदेशों में हिंदुओं द्वारा निकाले जाने वाले धार्मिक जुलूसों पर पत्थरों से आक्रमण किया जाता है एवं हिंदुओं को हत्तोत्साहित किया जाता है ताकि वे अपने धार्मिक आयोजनों को नहीं कर पाएं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा कुजू, जंगल में जमाया है डेरा

वन विभाग रातभर लगा रहा हाथी को भगाने में, विफल



जंगल में विचरण करता हाथियों का झुंड।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कूजू।** नावाडीह जंगल से खदेड़ने के बाद हाथियों का झुंड रविवार को कुजू क्षेत्र के जंगलों में बसेरा बना लिया है। ग्राम मुरपा स्थित श्री राम पावर एंड स्टील प्लांट के पीछे के जंगल में विचरण कर रहे लगभग दो दर्जन हाथियों के झुंड को लोगों ने देखा। किसी संभावित अनहोनी को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग के अधिकारी व वन कर्मियों का दल उक्त जंगल पहुंचे। वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने वाली टीम को बुलाया गया। जिसके बाद ढोल-नगाड़ा बजाकर, आग जलाकर व पटाखे फोड़कर हाथियों को भगाने का प्रयास किया गया, परन्तु हाथी समूह बनाकर रातभर जंगल में हीं भ्रमण करते रहें। वन विभाग के द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद हाथियों का झुंड अभी कुंदरिया बस्ती छठू टोला जंगल में अपना डेरा डाले हुए हैं। जिससे आसपास के कई बस्तीवासी दहशत में हैं। वहीं वन विभाग के अधिकारी, वनरक्षी सह क्षेत्र प्रभारी रंजीत कुमार, वन क्षेत्र अध्यक्ष रंजीत साहू समेत कई अन्य लोग हाथियों को अन्यत्र भेजने की तरकीब निकालने में लगे हैं।

### सतर्क रहने की सलाह

इधर वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। कहा है कि लोग फिलहाल जंगल जाने से परहेज करें। आवश्यकता पड़ने पर समूह बनाकर जाएं। रात में घर से बाहर न निकलें। घर के बाहर अलाव जलाकर रखें। मशाल जलाएं, पटाखे फोड़े। हाथियों के नजदीक न जाएं और न उन्हें छेड़े। वन विभाग के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए जंगल की ओर नहीं जाने की निर्देश दिया।

## स्व. रामनारायण यादव जीवन के आदर्श हैं : मनोज कुमार यादव



**बरही।** बरही स्थित आरएनवाईएम कॉलेज परिसर में स्व. रामनारायण यादव की 38 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव व संचालन प्रो बद्री साव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इसके अलावा महाविद्यालय सचिव परमेश्वर यादव, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ चंद्रशेखर सिंह, शिक्षाविद्द साशी निकाय के सदस्य बिनोद कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य सह परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय वर्णवाल, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेंद्र रजक, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता शामिल थे। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि जनहित कार्य के कारण ही कोई भी व्यक्ति समाज को प्रेरणा देने का काम करता है। विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि स्व. रामनारायण यादव गरीबों, दलितों, शोषितों के आवाज बना करते थे। आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने महाविद्यालय के तीन छात्रों को उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने को लेकर सम्मानित किया। जिसमें एनसीसी के छात्र सन्नी कुमार निशानेबाजी में स्वर्णपदक, आरडीसी गणतंत्रता दिवस पर राजपथ में गणतंत्र दिवस पर एनसीसी के छात्र विक्रम कुमार दास का चयन और कोनरा निवासी मो हुसैन इनकम टैक्स इंस्पेक्टर शामिल है।

## न्यायालय में शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिलना कठिन : अधिवक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चौपारण।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग सचिव गौरव खुराना के निर्देशन में प्रखंड मुख्यालय परिसर में चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। चलंत लोक अदालत शिविर में अधिवक्ता सह पैनल लॉयर मुरली कुमार राणा, पीएलवी छोटू राम, हरेंद्र राणा शामिल थे। अधिवक्ता राणा ने कानूनी जागरूकता से संबंधित जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग कानून के बारे में जानकारी नही होने के कारण सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं। भारत के एक भी व्यक्ति न्याय से वंचित नही रहे, जिसमे विशेषकर महिलाओ को सुगमता पूर्वक कानूनी जानकारी व न्याय मिल सके, इसके लिए चलंत लोक अदालत को प्रखंड के भिन्न-भिन्न क्षेत्रो में शिविर लगा कर लाभान्वित किया जाना है। इसी कड़ी में चौपारण में चलंत लोक अदालत का शिविर लगाया गया। अधिवक्ता ने कहा कि न्यायालय में शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिलना अभी के समय में बहुत कठिन हो गया है। संविधान के अनुच्छेद 39 (क) में हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान करने की बात की गई है। जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति आर्थिक या किसी अन्य कारण से न्याय से वंचित नहीं रह सकता। लोगों को सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस के लिए खर्च, अभिलेख कागजातों को तैयार करने का खर्च, गवाहों को आने-जाने का खर्च, मुकदमे से संबंधित अन्य जरूरी खर्च कि सुविधाएं लोगों को प्राप्त करवाना है। विधिक सेवा प्राप्त करने का हकदार व्यक्ति अपने संबंधित जिले के सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा झारखंड उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति सचिव को प्रखंड में नियुक्त पीएलवी व अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन पत्र दिए गए प्रारूप पर अपने मुकदमे का संक्षिप्त विवरण के साथ दे सकते हैं। जिससे उन्हें निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके। चलंत लोक अदालत शिविर में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, कांग्रेस नेता बैजू गहलौत, पंसस विजय मधेसिया, बीरबल साहू, पीएलवी छोटू राम पीएलवी हरेंद्र राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।



चलंत लोक अदालत शिविर में जानकारी दी गयी।

## तीन माह में न्याय दिलाने का पीड़ित मुकेश पांडेय को मिला आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल प्रबंधन व चंद्रावती देवी के पुत्र के साथ सोमवार को जीएम कार्यालय में वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन ने सकारात्मक पहल करते हुए तीन माह का समय मांगा है। साथ ही कहा है कि हर संभव प्रयास कर न्याय दिलाया जायेगा। मालूम हो कि अपने पति के ड्यूटी कार्य में लापता हो जाने पर पत्नी चंद्रावती देवी ने सीसीएल प्रबंधन से मुआवजा व पुत्र की नौकरी की गुहार लगाई थी। 25 वर्ष पूर्व 1997 में रामनारायण पांडेय लापता हो गए थें। प्रबंधन द्वारा कई वर्षों तक नौकरी व मुआवजा नहीं देने के बाद चंद्रावती देवी ने न्यायालय का सहारा लिया था। जिसमें न्यायालय ने सीसीएल प्रबंधन को नौकरी व मुआवजा देने का आदेश पारित किया था। बावजूद इसके सीसीएल प्रबंधन द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। मामले को ले चंद्रावती देवी को वार्ता के लिए बुलाया गया। इसी आलोक में सोमवार को जीएम ऑफिस में वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने भी जीएम से दूरभाष पर वार्ता की। वहीं जीएम अजय सिंह ने कहा कि मामला पुराना होने के चलते समाधान में थोड़ा वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि तीन माह के अंदर इस समस्या का समाधान कराने के लिए प्रबंधन हर संभव कदम उठायेगा। वार्ता में मुकेश पांडेय के अलावे, पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, सीओ शिव शंकर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, लोजपा के अर्जुन पासवान, कोल माईंस वर्कस यूनियन के ड आशीष कुमार, सीसीएल के लीगल एडवाईजर आफताब खान, आदि शामिल थें।



वार्ता के दौरान जीएम, मुकेश पांडेय व अन्य।

## जन्म के समय से ही लड़कियों के साथ होता है भेदभाव: देवयानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** मुझे नहीं, मेरे अधिकारों को सुरक्षित करो की मांग के साथ महिला मुक्ति संस्था के द्वारा क्रिया नई दिल्ली के सहयोग से 16 दिवसीय अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय जन विकास केंद्र, हजारीबाग में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद् सदस्य रेनू देवी ने कहा घर के अन्दर और बाहर महिलाओं को हिंसा का सामना करना पड़ता है जिसका विरोध महिलाऐं और लड़कियां खुलकर नहीं कर पाती हैं। सामाजिक रूप से घर के अन्दर और बाहर लड़कियों को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर महिला मुक्ति संस्था की सचिव देवयानी वर्मा ने कहा कि लड़कियों को उनके जन्म के समय से ही भेद-भाव किया जाता है, घर से लेकर कार्य स्थल तक उनके साथ परेशानी आती है इसके पीछे पित्रिसतात्मक सोंच है, जो महिलाओं को कमजोर करती है और इस सोंच का शिकार महिलाऐं होती है। इन मुद्दों के प्रति महिलाओं और पुरुषों के द्वारा जन्म से ही लड़कियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, और अन्य सभी अधिकारों के प्रति जागरूक करना होगा। कार्यक्रम को किशोरी लीडर-रुक्सार, डौली खातून एवं रजनी भारती, सोनम कुमारी, गंगा कुमारी ने अपनी समस्याओं को रखा। इस अवसर पर इब्तिदा नेटवर्क से जुडी लीला कुमारी, मैत्री नेटवर्क की ज्योत्स्ना वर्मा, महिला मुक्ति संस्था से शांता सांगा, मनोज कुमार अकेला, बबिता देवी, मोना कुमारी, अनीता देवी, रिंकी देवी, पिंकी देवी, रानी कुमारी, पूनम देवी, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुषमा कुमारी सहित कई ग्रामीण महिला शामिल रही। कार्यक्रम का सञ्चालन किशोरी-रुक्सार खातून, और रजनी भारती ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डौली खातून ने किया।



सभा को सम्बोधित करतीं अतिथि।

## बच्चों को प्रतिस्पर्धात्मक बनाना अभिभावकों का दायित्व: प्राचार्य



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को कक्षा दशम एवं द्वादश बोर्ड के परीक्षार्थी भैया -बहनों के अभिभावकों की गोष्ठी संयुक्त रूप से अभिभावक अरविंद कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें उनके साथ भैया - बहनों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उनकी उपस्थिति, दिनचर्या, कक्षाकार्य-गृहकार्य की नियमितता, आगामी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की तैयारी, तनाव-मुक्त परीक्षा का वातावरण बनाना, अभिभावकों की अपेक्षाएं एवं सहयोग आदि विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक परिवेश एवं तकनीकी युग में बच्चों को उसके अनुकूल बनाने में शिक्षको एवं अभिभावको का दायित्व प्रमुख है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अरविंद कुमार द्वारा अभिभावकों से बच्चों की दिनचर्या पर ध्यान देने तथा स्नेहपूर्वक मनोबल को बढ़ाने का आग्रह किया गया। गोष्ठी में अमरदीपनाथ शाहदेव, रेखा कुमारी, मिथिलेश कुमार खन्ना, गायत्री कुमारी, शशिकांत, बचुलाल तिवारी की प्रमुख भूमिका रही।

## झरपो से सिवाने नदी पेटो पथ का किया गया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत के बुधबाजार प्रांगण मोड़ पर कोडरमा लोकसभा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अनुपूर्णा देवी बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र विधायक अमित कु.यादव झरपो पंचायत मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, जीप सदस्य रामप्रसाद ,टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल ,उप प्रमुख रवि कु.वर्णवाल के हाथों संयुक्त रूप से पूजा अर्चना नारियल तोड़कर शिलान्यास किया गया। मंच संचालन झरपो निवासी सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद सह राज्य शिक्षामंत्री ने कहा कि आज हमारे कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखण्ड अंतर्गत झरपो बुध बाजार से पेटो जाने वाले रास्ते सिवाने नदी जो जिला मुख्यालय को जोड़ती है। जहां लोगो को आवागमन के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पथ निर्माण होने से क्षेत्र वासियो को समस्याओ का सामना नही करना पड़ेगा। कहा कि झरपो पावर सब स्टेशन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। उसे भी जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद में सांसद और विधायक ने उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय झरपो का प्रांगण पहुंचकर शिक्षक शिक्षिकाए छात्र छात्राओं से मिलकर समस्याओ से अवगत हुए। समस्याओ को सुन उन्होंने जल्द समाधान करने के लिए आश्वासन दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल,राम प्रसाद कुशवाहा,महेश अग्रवाल,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय,प्रविल प्रसाद, दसरथ नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव,बद्री भुइंया,मिथलेश कुमार,सुरेंद्र राणा समेत कई जनप्रतिनिधि संग ग्रामीण उपस्थित थे।



शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अन्य।

स्पीड न्यूज

### मुखिया ने वर्षों पूर्व बने शौचालय का निरीक्षण किया

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के मुखिया ने वर्षों पूर्व बने शौचालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा वर्षों पहले तापीन साउथ के 45 नंबर कांटा के समीप सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। पानी के अभाव में शौचालय बंद पड़ा है। यह भी बताया कि जबसे निर्माण हुआ है तबसे लेकर आज तक बंद पड़ा है। इस निर्माण में सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। श्री महतो ने विभाग के अधिकारियों से मांग किया है कि बंद पड़े शौचालय को चालू कराया जाय। मौके पर संतोष राय,राजन महतो,महादेव रविदास सहित कई लोग थे।

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### गरीब, जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण

**चरही।** बहेरा पंचायत के कजरी भुरकुंडा टोला में ठंड को देखते हुए मुखिया देवकी महतो ने गरीब, असहाय और जरूरत मंद लाभुक सुरती देवी और मतयो देवी के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया श्री महतो ने कहा कि बहेरा पंचायत में विकास कार्य कराया जायेगा। साथ ही जरूरत मंद लोगों को हर संभव मदद किया जाएगा। श्री महतो ने पंचायत के गावं-गावं में घुमकर ग्रामीण समस्याओं से अवगत हो रहे हैं। ग्रामीणों से कहा कि हर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। पंचायत में विकास कार्य तेजी होगा।

### 33वीं सीनियर टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप के लिए दो खिलाड़ियों का चयन

**इचाक।** जम्मू कश्मीर मैं होने वाली 33 सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल के लिए चयन हुआ जिसमें सुरेंद्र कुमार, पिता श्री छोटन महतो शुभम कुमार,पिता दिलीप प्रसाद सोनी दोनों खिलाड़ी ग्राम मोकतमा का है जिसमें दोनों खिलाड़ियों को प्रखंड कार्यालय ईचाक से जिला परिषद सदस्य रेनू देवी प्रखंड विकास पदाधिकारी रिंकू कुमारी अंचल अधिकारी मनोज कुमार महथा खिलाड़ियों को माला एवं गुलदस्ता देकर रवाना किया वही रेनू देवी ने खिलाड़ियों को बैट, बॉल एवं ट्रैक सूट देकर शुभकामनाएं दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य का कामना की श्रीमती ने कहा कि हमारा इचाक प्रखंड खेलकूद में हमेशा आगे रहा हैं इस बार जीतकर जरूर आएंगे। मौके पर समाजसेवी अशोक मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, नरेश प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता कैलाश मेहता, 20 सूत्री सदस्य दिगंबर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह झारखंड आंदोलनकारी, कुंदन मेहता, उत्तम गुप्ता, नवल सिंह, रामचंद्र दुबे समेत कई लोग मौजूद रहे।

### संजय साव को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया

**रामगढ़।** विधायक ममता देवी द्वारा छावनी परिषद क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीओ कार्यालय चेकपोस्ट निवासी संजय साव पिता उपेंद्र प्रसाद साव को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। विधायक ममता देवी ने उनसे छावनी क्षेत्र के लोगों की मदद करने को कहा है।

### लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करें : विनोद सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गायत्री नगर (पटेलनगर) भुरकुंडा निवासी निवासी नकुल सिंह व ललिता देवी का पुत्र सह एस्पायर कोचिंग का छात्र अश्विनी कुमार सिंह उर्फ प्रिंस का चयन कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सीआईएसएफ जीडी में हुआ है। अश्विनी के चयन पर सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान लोगों ने अश्विनी सिंह को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उसे उपहार देकर सम्मानित किया।

## दारू प्रखंड में दो महीने से नही है एक भी 108 एंबुलेंस का वाहन

घायलों को वक़्त पर नही मिल पाता है इलाज

हरली मुखिया फरजाना खातून ने अबिलंब वाहन को उपलब्ध कराने की मांग की



108 एंबुलेंस का वाहन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दारु।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले 60 से भी अधिक दिनों से 108 एम्बुलेंस वाहन की सुबिधा उपलब्ध नही है जिस कारण सड़क हादसे में घायल लोगो को वक़्त पर इलाज नही मिल पा रहा है। एम्बुलेंस वाहन के खराब होने की बात कहकर इस वाहन को रांची के किसी गेराज में खड़ा कर दिया गया है। प्रखंड में एम्बुलेंस की सुबिधा नही रहने के कारण पिछले दो महीने से यहां के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क दुर्घटना में घायल लोग घंटो सड़क पर करहाने को विवश है। कुछ लोगों को समय पर इलाज नही मिल पाने के कारण उनकी मौत भी पिछले दिनों हुई है। यह सुबिधा नही रहने के कारण प्रखंड वासी काफी परेशान है। हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से जल्द एम्बुलेंस सेवा बहाल करने की मांग की है ताकि सड़क दुर्घटना होने पर घायलों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सके।

एक नजर में

### 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

**बरही।** प्रखंड परिसर में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बरही की एक आवश्यक बैठक कार्यालय में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा व संचालन 20 सूत्री सदस्य रंजीत कुमार पाण्डेय ने किया। बैठक में विश्व त्रि अध्यक्ष व सदस्यों के बीच चर्चा किया गया कि 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के प्रखंड कार्यालय हेतु उपयोगी संसाधन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने, बरही प्रखंड अंतर्गत विकास कार्यों के गति एवं संबंधित विभागों की समीक्षा कार्यक्रम से संबंधित चर्चा किया गया। जहां सभी सदस्यों ने चर्चा किया कि 20 सूत्री कार्यालय में उपयोगी संसाधन उपलब्ध कराने से सम्बंधित एक लिखित 20 सूत्री अध्यक्ष बीडीओ को दिया गया है किंतु बीडीओ ने इसपर बताया है कि संसाधन से सम्बंधित सामग्री का आवंटन नही किया गया है, जिसके कारण संसाधन उपलब्ध नही कराया इन सका है। उपस्थित सदस्यों प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि पुनः बीडीओ से मिलकर एक आवेदन उन्हें सौंपी जायेगी। इसके अलावा प्रखण्ड में विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर चर्चा किया गया। 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा ने कहा कि प्रखण्ड में हो रहे विकास कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उसे गति प्रदान करना है तांकि क्षेत्र के विकास में अपना योगदान हों।मौके पर 20 सूत्री सदस्य रंजीत कुमार पांडेय, रघुवीर यादव, विवेक कुमार विश्वकर्मा, मीणा देवी, अब्दुल इम्तियाज मौजूद थे।

### बाघमारा गोलीकांड की सीबीआइ जांच हो : डॉ.आशीष



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भाकपा माले के वामपंथी युवा नेता सह अल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार, मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक व कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा मुंडा ने बाघमारा गोली कांड की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने पिछले दिनों धनबाद के बाघमारा में हुए गोलीकांड में मारे गए मृतक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसकी कड़ी शब्दों में निंदा की। साथ ही मामले की उच्चस्तरीय सीबीआई से न्यायिक जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की बात कही है। डॉ आशीष कुमार ने हेमंत सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह सरकार भाजपा के तर्ज पर ही चल रही है। गरीब-गुरबों की सरकार बताकर गरीबों पर ही गोली चला शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि विधायक विनोद सिंह ने मामले को जोरदार तरीके से उठाते हुए मुख्यमंत्री से मांग की है कि मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी व परिजनो को 10-10 लाख रूपया मुआवजा दी जाये। मांग करने वाले में मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री नकुल प्रसाद, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू, मोर्चा के प्रधान महासचिव राजेश वर्मा, राजेंद्र नायक, मनोज बेदिया, शहजाद आलम आदि शामिल हैं।

### तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**पदमा।** प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन रोमी मैदान में किया गया फाइनल मैच का उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं जिला परिषद सदस्य बसन्त नारायण मेहता आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर करने के बाद किक मार कर किया। बालक वर्ग में रोमी पंचायत बनाम बंदरबेला पंचायत ने फाइनल मैच खेला जिसमें रोमी पंचायत के टीम दो - शून्य से विजय हुवे एवं बालिका वर्ग में कुटिपिसी पंचायत बनाम पदमा पंचायत फाइनल खेल में शानदार प्रदर्शन किया। पदमा के टीम 01 गोल से विजेता रही। अब दोनो वर्ग के विजेता टीम जिला स्तर पर आयोजित तारीख 9 दिसंबर 2022 से 13 दिसंबर 2022 तक आयोजित आने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर रोमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार मेहता,पदमा पंचायत के मुखिया अनिल मेहता, बंदर बेला पंचायत के मुखिया परमेश्वर मेहता, सूरजपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता, पंचायत राज पदाधिकारी मजहर आलम, पंचायत सचिव सत्य किशोर मेहता सहित सैकड़ों के संख्या में दर्शक मौजूद रहें।

### विधायक उमाशंकर अकेला ने छोटकी केवाल में चेकडैम का किया शिलान्यास

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत छोटकी केवाल में निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने राज्य संपोषित योजना से बनने वाले चेक डैम के शिलापट्ट का अनावरण कर नारियल फोड़कर इसका विधिवत शिलान्यास किया। चेक डैम राज्य संपोषित योजना से 34 लाख 36 हजार 400 रुपये प्राक्कलित राशि से बनाया जा रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला के साथ प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि उक्त चेक डैम के निर्माण से क्षेत्रवासियों को कृषि कार्य में काफी लाभ मिलेगा। साथ ही कई एकड़ जमीन में कृषि कार्य को सम्पन करते हुए कई किसान लाभान्वित होंगे। क्षेत्र के लोगों को सड़क, पानी व बिजली उपलब्ध कराना ही उनकी प्राथमिकता है। मौके पर कांग्रेस नेता बासुदेव यादव, कांग्रेस विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, पंचायत समिति सदस्य केदारुत विकास सिंह, बरही पश्चिमी पंसस जीतू ठाकुर, राजू राणा, उमेश यादव, बिरेंद्र यादव, सुधीर राणा आदि उपस्थित रहे।

### समस्याओं को लेकर तलासवार पंचायत भवन में बैठक

**बड़कागांव।** मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में संघ की बैठक तलासवार पंचायत भवन में किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जन समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक दिन मुख्य चौक में जाम से निजात पाना, एनटीपीसी और उनके सहायक कंपनी थ्रिवेणी सैनिक मे स्थानीय लोगों को नौकरी दिलाना,बड़कागांव में बस स्टैंड की व्यवस्था करना, सड़क और नाली बनाने वाली कंपनी सिंह कंस्ट्रक्शन के द्वारा टैक्सी स्टैंड के पास नाली बनाने छोड़ देने की वजह से रोड पर नाली का बदबूदार पानी आ जाना जिसको लेकर स्थानीय लोगों की मदद से फिलहाल पानी के दिशा बदल देने से अभी रोड में पानी बहना बंद है। इन सभी समस्याओं को लेकर 9 दिसंबर को मुखिया संघ के एक प्रतिनिधि मंडल के द्वारा उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

15वें वित्त आयोग की राशि से वर्ष 2021-22 में की गयी हेराफेरी, ग्रामीण उपायुक्त से पूरे मामले की जांच की कर रहे हैं मांग

# डस्टबिन लगे नहीं, कागजों में काम दिखा लाखों की निकासी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कोहीपाठ पंचायत में डस्टीबन लगाने के नाम पर लाखों रूपये हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। कागजों पर ही डस्टबीन लगाकर आपूर्ति कर्ता ने योजना की सारी राशि निकासी कर हड़प ली। 15 वें वित्त आयोग की राशि से वर्ष 2021-22 में डस्टबिन लगाया जाना था। इस बात का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने पत्रकारों को दूरभाष पर पूरे मामले से अवगत कराया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में डस्टबिन लगाने के नाम पर घाघरा के ही तत्कालीन उप प्रमुख के द्वारा फर्जी दस्तावेज डालकर पैसे की निकासी की गई।

## मामले बाहर आने के बाद सप्लायर व अन्य के फुलने लगे हैं हाथ पांव

### मैंने सभी वार्ड में एक एक डस्टबिन बांटने को कहा था : पंचायत सचिव

पंचायत सचिव कुंवर राम मोची जो वर्तमान में घाघरा प्रखंड से स्थानांतरण हो गए है पर यह पूरा मामला उनके कार्यकाल का है इसलिए उनसे दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा मैंने सभी डस्टबिन को पंचायत के सभी वार्ड में एक-एक बांट देने के लिए कहा था।

### जांच कमेटी बनाकर करायेंगे जांच, दोषी पाने पर होगी एफआइआर : बीडीओ

यह काफी गंभीर मामला है पूरे मामले को लेकर के कमेटी बनाकर जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने पर सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए पैसे की रिकवरी की जाएगी और कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा।

अब जब पूरे मामले को लेकर के खुलासा हुआ तो सभी के पांव फूलने लगे। अधिकारियों के पास शिकायत करने पर वही रटा रटाया जवाब जांच होगी और कार्रवाई करेंगे। लेकिन अब तक किसी भी मामले पर कोई कार्रवाई नहीं होने से अब ग्रामीण भी समझ रहे हैं कि भ्रष्टाचार में कहीं ना कहीं पदाधिकारियों की भी मिली भगत है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि पूरे मामले को लेकर जिला के उपायुक्त से गंभीरता से जांच कराने और ऐसे भ्रष्टाचारी सप्लायर और अधिकारियों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। मुखिया पंचायत सचिव व सप्लायर के मिली भगत से फर्जी तरीके से ग्रामसभा कॉपी में फर्जी लाभुक समिति बनाया गया और लाभुक समिति को पैसा भुगतान करने के बजाये सीधे सप्लायर को भुगतान किया गया है। जबकि सप्लायर कृ के द्वारा डस्टबिन कहीं से खरीदा ही नहीं गया और ना ही उनका कोई उत्पाद यूनिट है बावजूद उनके द्वारा फर्जी तरीके से डस्टबिन का सप्लाई किया गया।

**मामला खुल गया है तो अब लगा देंगे डस्टबिन पूर्व मुखिया पति :** पूर्व मुखिया राजमुन्नी देवी के मोबाइल पर जब संपर्क किया गया तो उनके पति मुकेश ने फोन उठाया उनसे पूरे मामले की जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि आचार संहिता लग रहा था इसलिए राशि का भुगतान पहले कर दिया गया था. भुगतान के बाद आचार संहिता लग गया तो बाद में हम उस योजना को नहीं कराए लेकिन अब करा देंगे।

**पत्रकारो को धमकाया जा रहा है :** घोटाले का न्यूज को प्रकाशित करने वाले पत्रकारों को आदिवासी जनप्रतिनिधि होने की बात कहते हुए कहा जाता है की हमारे घोटाला को पदार्फाश करने वाले पत्रकारों के विरुद्ध अधिवक्ता से राय लेकर एसटी एससी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए प्राथमिकी दर्ज कराएंगे।

# भंडरा में बागवानी में विशेष अभिरुचि दिखा रहे किसान

आम आसपास के बाजारों में अपना अलग पहचान बना चुका है



आम की बागवानी का दृश्य।

**संदीप गुप्ता**

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में आम बागवानी के प्रति किसानों में खास अभिरुचि है। यहां के किसान आम बागवानी करते हुए इसआस पास के क्षेत्र में आम बागवानी में अग्रणी बने हुए हैं। आम बागवानी से क्षेत्र के किसान अच्छी नकदी आमदनी भी करते हैं। इस क्षेत्र में आम बागवानी लगभग 30 साल से किया जा रहा है। जिसमें सेमरा, धनामुंजी, गरिया टोली, पलमी, बलसोता, सोरांडा, मसमानो, बेदल, मलंगटोली, मुकुंदा, नगरी सहित अन्य गांव में आम की बागवानी पहले से की जाती है। जिसमें आम के विभिन्न किस्म के पौधे लगाए गए हैं। क्षेत्र के ऊपज आसपास के बाजार में छाए रहते हैं। व्यापारी इस छेत्र के आम खरीद कर रांची रामगढ़ जमशेदपुर लोहरदगा गुमला सहित आसपास के बाजार में पहुंचाते हैं। किसानों को आम की बागवानी से अच्छी आमदनी होती है। आने वाले आम की फसल के लिए किसान तैयारी करने लगे हैं। आम के पेड़ों में कीटनाशक के छिड़काव कर आम के पेड़ को मंजर लगने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में भी यहां के किसानों को खास लगाव है। आम बागवानी के किसान आम के पेड़ों में छिड़काव के लिए विशेष तरह का दवा कोलकाता से मंगाते हैं। किसानों का कहना है कि इस जगह या आसपास में इन दवाओं की कमी है। एक अनुमान के अनुसार भंडारा प्रखंड क्षेत्र में एक हजार एकड़ से भी अधिक जमीन में आम की बागवानी की जा रही है। किसानों की आम बागवानी में अभिरुचि को देखते हुए मनरेगा योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के लगभग 200 एकड़ जमीन में आम बागवानी की गई है। जिसमें किसान अपना अभिरुचि दिखा रहे हैं। किसान आम बागवानी के साथ-साथ मिश्रित खेती भी कर रहे हैं। जिसमें मटर, टमाटर, आलू सहित विभिन्न तरह के फसल भी उप जाया जा रहा है।

देश में फैले बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के कारण फैला नफरत का माहौल : राजेश ठाकुर

# राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों को पैरों से नापकर नफरत मिटा रही है कांग्रेसः सुबोध

## जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पदयात्रा कार्यक्रम में एकजुटता का संकल्प दिखाते प्रदेश कांग्रेस के नेता।



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी।

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोमवार को जिला स्तरीय भारत जोडों पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में किया गया। भारत जोडों पदयात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत सहित कई दिग्गज कांग्रेसी शामिल हुए। भारत जोडों यात्रा के माध्यम से जहां कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश व उत्साह का संचार किया। वहीं आम लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि देश में फैले बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व महंगाई के कारण एक नफरत का माहौल पैदा हो गया था। जिसे दूर करने के लिए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोडो यात्रा प्रारंभ की गई है। उसी के तहत गुमला में भी भारत जोड़ा पदयात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगार के कारण युवाओं में नफरत की भावना पन्न रह है। वहीं महंगाई से लोग टूटा महसूस कर रहे हैं। इय पदयात्रा के माध्यम से युवाओं में उत्साह का संचार किया जा रहा है ताकि देश की नफरती ताकतों को मिलकर परास्त किया जा सके।

झारखंड में एक भी मुस्लिम अल्पसंख्यक को जिलाध्यक्ष नहीं बनाये जाने पर पूछे गये सवाल के जवाब में श्री ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों की गलत सोच रहती है। ऐसा कुछ भी नहीं है। हम लोग फीडबेक लेकर मामले से आलाकमान कोक अवगत कराएंगे। अभी पीसीसी, बोर्ड निगम, 15 सूत्री का गठन किया जाना है। जिसमें निश्चित रूप से अल्पसंख्यकों को स्थान मिलेगा। पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भारत जोडो पदयात्रा कांग्रेस पार्टी की महत्वकांक्षी कार्यक्रम है। जिसके तहत राज्य के 81 विधान सभा क्षेत्र के हर प्रखंड, पंचायत तक यह पदयात्रा आयोजित की जा रही है। कांग्रेस पार्टी पूरे झारखंड से पैरों को नाप रही है और लोगों में फैले नफरत के स्थान पर विश्वास का भाव जागृत कर रही है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भारत जोडो यात्रा झारखंड वासियों में एक नयी उत्साह का संचार कर रही है। लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। वहीं इस पदयात्रा से नफरती ताकतों के खिलाफ लोगों को एकजुट किया जा रहा है। कार्यक्रम को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, रोशन बरवा, चैतु उरांव आदि ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व पदयात्रा कार्यक्रम गुमला शहर के करमडीपा से आरंभ हुआ जो शहर के सिसई रोड, टावर चौक, पटेल चौक, जशपुर रोड होते हुए तेलंगा खड़िया स्टेडियम में सभा में तब्दील हो गई। पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान नफरत छोड़ो दिल से रिश्ता जोड़ा जैसे नारे लगाये गये। पदयात्रा कार्यक्रम में पूरे जिले से सैकडों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रोशन बरवा, भारत जोडों यात्रा के जिला संयोजक चैतु उरांव, संगीता जायसवाल, यूथ कांग्रेस के प्रदेश नेता अभिनव सिद्धार्थ, लोहरदगा से आलोक साहु, रमेश कुमार चीनी, मानिक चंद साहु, राम निवास प्रसाद, भानू प्रताप बड़ाईक, राजनील तिग्गा, अकील रहमान, चुमनू उरांव, पति तपावन शाही, बॉबी भगत, अमृता भगत, आशिक अंसारी, आजाद अंसारी, रघुनंद प्रसाद, रामेश्वरी उरांव, अजीत गुड़िया, सुनिता टोपनो, गुलाम सरवार, कृष्णा लोहरा, अरूण पांडेय, मो. कलाम, खालिद शाह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# केंद्रीय संयुक्त सचिव व आकांक्षी जिला प्रभारी ने किया गुमला का दौरा

## सिसई रेफरल व आयुष अस्पताल, कल्याण गुरुकुल, नारी निकेतन, इंडोर स्टेडियम, गांधी पार्क के ओपन जिम का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**





इंडोर स्टेडियम परिसर में बने ओपन जिम का निरीक्षण करते संयुक्त सचिव, अधिकारियों से बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करते संयुक्त सचिव।

**गुमला।** आयुष विभाग के केन्द्रीय संयुक्त सचिव और आकांक्षी जिला प्रभारी श्री राहुल शर्मा ने सोमवार को गुमला जिला का दौरा किया। दौरे के क्रम में श्री शर्मा ने सिसई के आयुष अस्पताल व वैलनेस सेंटर, गुमला के कल्याण गुरुकुल, नारी निकेतन और एस एस +2 उच्च विद्यालय गुमला, इंडोर स्टेडियम, गांधी पार्क स्थित ओपन जिम का निरीक्षण किया। उन्होंने कल्याण गुरुकुल के बच्चों को विशेष रूप से यहां प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की कवायद को बहुत अच्छी पहल बताया। ज्ञात हो कि इस कल्याण गुरुकुल की स्थापना तब की गई थी जब श्री राहुल शर्मा गुमला के उपायुक्त थे। उन्हीं की पहल पर इसकी स्थापना की गई थी। जिसकी सफलता देखकर पूरे राज्य के जिलों में इसकी स्थापना की गई। वर्तमान उपायुक्त सुशांत गौरव के प्रयासों से कल्याण गुरुकुल में आए सकारात्मक बदलावों और प्रगति को देखते हुए सचिव ने हर्ष व्यक्त किया। उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि गुरुकुल में टाना भगत जैसे समुदाय के बच्चे भी ट्रेनिंग लेकर बेहतर कैरियर बना रहे हैं।

### पशुधन योजना को लेकर हुई बैठक

**कैरो।** प्रखण्ड सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में पशुधन योजना के साथ साथ समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रुप से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पशुधन योजना को गांव गांव तक पहुँचाने के उद्देश्य से मिली लक्ष्य के अनुरूप ग्राम सभा के माध्यम से अनुदानित दर पर पांच, तीन व दो गाय व बकरा बकरी सहित पशु देने के लिए लाभुक चयन करने की प्रक्रिया के बारे में पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया, जिसके तहत जनता दरबार में मिली आवेदन के आधार पर वितरण करने की बात कही गई। बैठक में आवास, मनरेगा दीदी बाड़ी योजना पर समीक्षा किया गया।

# सीएम हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर डीसी ने की बैठक

## विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जल्द से योजना के लाभुको की सूची जिला भेजने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक करते डीसी।

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित लोहरदगा भ्रमण व समीक्षा बैठक को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक समाहरणलय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी, सूखा राहत, मुख्यमंत्री ऋण माफी योजना, प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पर्यटन एवं खेलकूद में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में आये आवेदन व उक्त योजनाओं में जिला को प्राप्त लक्ष्य व उसकी उपलब्धि की समीक्षा की गई। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में जिला को लक्ष्य और उसके आलोक में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से सभी आवेदनों को प्राप्त कर व उनका सत्यापन कर जिला को उपलब्ध कराएं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को उनका निष्पादन कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के बिंदु पर जिला कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग कर जल्द उसका निष्पादन पूर्ण कर लिया जाय।मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में प्राप्त लक्ष्य व उसके आलोक में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि ग्रामसभा करा कर बुधवार तक लाभुकों की सूची उपलब्ध कराएं।केसीसी की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कुल 12305 आवेदन केसीसी हेतु बैंकों में भेजे गये हैं।

उपायुक्त द्वारा एलडीएम, लोहरदगा को निदेश दिया गया सभी आवेदनों का बैंकवार विवरणी उपलब्ध कराएं तकि उसका निष्पादन त्वरित कराया जा सकें। सूखा राहत की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कुल 12312 आवेदन सृजित किये गये हैं। इस बिंदु पर निदेश दिया गया कि तीन दिनों के अंदर इसका सत्यापन कर भेजा जाय।

मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया जिन किसानों केवाईसी के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, वैसे छूटे हुए किसानों का तीन दिनों के अंदर डोर-टू-डोर जाकर केवाईसी पूर्ण कराने का कार्य सभी अंचल अधिकारी कराएं। प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना में उपायुक्त द्वारा प्रखण्डवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई और सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि आवेदनों पत्रों की इंट्री सौ फीसदी सुनिश्चित की जाय। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, सहायक जिला कृषि पदाधिकारी कुलदीप ओहदार, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी सुधीर मुर्मू, आत्मा परियोजना पदाधिकारी तृप्ति तिर्की, जिला उद्योग परियोजना प्रबंधक कुमार रविशंकर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

गुमला। बार एसोसियन गुमला की आम सभा की अध्यक्ष अगन गिध्वार उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सिविल कोर्ट गुमला के वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिंह के सेवानिवृति होने पर भावपूर्ण विदाई दिया गया। ज्ञात हो कि उदय कुमार सिंह 1977 में गुमला बार एसोसिएशन को जॉइन किये थे। 45 वर्ष इन्होंने वकालत की पेशा में सेवा दिया और स्वतः गुमला बार एसोसिएशन से रिटायरमेंट का आवेदन दिये और बार को जानकारी दिये कि वे स्टेट बार काउंसिल में पेंशन के लिये भी आवेदन कर चुके हैं।

### कुटुंब न्यायालय में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता ड्राइव आरंभ

**गुमला।** कुटुंब न्यायालय में लंबित मुकदमों का निपटारे के लिए सोमवार को स्पेशल मेडिएशन ड्राइव का शुभारंभ झालसा के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश गुमला श्री संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन पर किया गया। यह कार्यक्रम 5 से लेकर 9 दिसंबर 2022 तक चलेगा। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायधीश श्री लोलार्क दुबे ने इस अवसर पर कहा कि यह ड्राइव परिवारिक विवाद जो फैमिली कोर्ट में पेंडिंग है का निपटारा त्वरित गति से करने के लिए किया गया है ताकि पक्षकार मध्यस्था का लाभ उठाकर अपने विवादों का तुरंत निपटारा कर अपना परिवारिक जीवन बिना किसी बाधा के आगे बढ़ा सके।

### एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला के प्रांगण में 46 झारखंड बटालियन द्वारा एनसीसी प्रशिक्षण कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें गुमला तथा सिमडेगा जिले के विभिन्न विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के छात्र - छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें छात्र कैडेरों की कुल संख्या 186 तथा छात्रा कैडेटों की कुल संख्या 213 ने भाग लिया है। सुबह 5 बजे से प्रारम्भ होने वाले तथा संध्या 6 बजे तक जारी रहने वाले प्रशिक्षण में छात्रों को अनुशासन, परेड, फायरिंग इत्यादि की पढ़ाई एवं प्रशिक्षण देकर तथा उन्हें कैडेट की परीक्षा लेग विभिन्न ग्रेड प्रदत्त किया जायेगा। संस्थान का वातावरण अनुशासन एवं देशभक्ति की छटा से भरा हुआ है। जिसका नेतृत्व कमीडिंग ऑफिसर कर्नल नवीन कुमार एवं कर्नल सुदीप सिन्हा के जिम्मे है।

### नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ के आठवें दिन 51 जोड़ो का कराया गया विवाह

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के सेहल बाजारटांड़ में आयोजित नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ के आठवें दिन सोमवार को हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान महायज्ञ समिति द्वारा 51 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इस क्रम में यज्ञ स्थल का हजारों की संख्या में लोग फेरी लगाकर मन्नते मांगी। इसके साथ ही भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया था। 51 जोड़ों का विवाह के उपरांत वर वधू द्वारा महायज्ञ स्थल का फेरी लगाया। मौके पर मुख्य अचार्य कल्याण बाबा ने कहा कि महायज्ञ के आठवें दिन लोगों की भीड़ उमड़ी है महायज्ञ समिति द्वारा 51 जोड़े वर वधू का विवाह कराया गया।

### प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य का रखें ध्यानः महेंद्र

**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर द्वारा सोमवार को घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर गांव में निकरा परियोजना अंतर्गत विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत ने की। मौके पर श्री महेंद्र भगत ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखने की आवश्यकता है। जिससे हमें आने वाले दिनों में फसल उत्पादन में कोई अड़चन न आये।

### रांची में आयोजित धरना कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रभारी नियुक्त

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल किसान मंच और अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा रांची द्वारा आयोजित 20 दिसंबर 2022 को रांची के राजभवन के समक्ष आयोजित विशाल धरना कार्यक्रम की तैयारी के लिए गुमला जिला में अनुमंडल वार प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। जिसमें गुमला अनुमंडल क्षेत्र में वरिष्ठ किसान नेता आदित्य सिंह के नेतृत्व में तैयारी की जाएगी। वहीं चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में फिलमोन कुजूर तथा बसिया अनुमंडल क्षेत्र में मनी उरांव के नेतृत्व में तैयारी का काम युद्ध स्तर पर की जाएगी। विदित हो कि धरना कार्यक्रम में जिले से एक हजार की संख्या में किसान व मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित करने का टास्क प्रदेश से गुमला जिला को दिया गया है।

### बिजली उपभोक्ता लगवायें मीटर तभी मिलेगा सौ यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ : अभियंता

**घाघरा।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता ने बिजली के उपभोक्ताओं का कनेक्शन बिना मीटर का है या फिर फिक्स किया हुआ है उनको मीटर लगवाने की बात कही। इस आशय की जानकारी देते हुए बिजली विभाग के जेई सूरज कुमार ने सोमवार को बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिना मीटर के बिजली का उपयोग हो रहा है उसे विभाग द्वारा अवैध माना जाएगा एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 यूनिट मुफ़्त बिजली का लाभ नहीं मिलेगी। वही सभी ग्रामीण, शहरी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि तीन महीने के अंदर मीटर लगवाना उपभोक्ता सुनिश्चित करें।

### एनीमिया पीड़ित बच्ची के जीवन रक्षा के लिए किया रक्तदान

**गुमला।** मिशन बदलाव के बसिया प्रखण्ड अध्यक्ष लखन गोप ने घाघरा प्रखंड के एनीमिया पीड़ित बच्ची के लिए सोमवार को ब्लड बैंक गुमला में रक्तदान किया। लखन गोप ने बताया कि भारतीय थल सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी मैं युवाओं को जगाने का कार्य कर रहा हूं। सभी युवाओं को अपने समाज एवं राज्य के प्रति ईमानदारी पुर्वक अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान करने से कोई भी कमजोरी महसूस नहीं होता है। ये सभी दकियानूसी सोच से बच कर हमेशा रक्तदान करना चाहिए।

### वार्ड सदस्य संघ को मजबूत बनाने के लिए दस रुपया जमा करने की सदस्यों से अपील

**रायडीह।** वार्ड सदस्य संघ रायडीह की मासिक बैठक सोमवार को मुख्यालय स्थित बनवारी लाल साहु राज्यकीय उत्क्रमित मीडिल स्कूल नवागढ़ पतराटोली सभाकक्ष मेंहुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष तस्लीम ने की। बैठक मे संघ की मजबूती पर जोर देते हुए प्रखण्ड के सभी सम्मानित वार्ड सदस्यो को बैठक में ससमय भाग लेने की बात कही गई। वहीं संघ की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए संघ के कोष में सभी सदस्यों से 10 रुपए जमा करने की अपील की गई। साथ ही वार्ड सदस्य संघ का विस्तारीकरण का निर्माण सर्वसम्मति से लिया गया। जिसमे सभी पंचायत में संघ का एक- एक उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके मे जगेश्वर सिंह भूषण उराँव संजय सिंह सुमन मुण्डा सुमित्रा देवी सरस्वती नगासिया कुन्ती देवी सुनीता देवी सरोज देवी मनीषा टेटे मीना तिर्की कुमुद खाखा सबीना खातुन अनीता देवी ग्लोरिया तिर्की अमृता सोनम आदि वार्ड सदस्य मौजूद थे।

# यूथ फेस्टिवल 2022 में चतरा कॉलेज के प्रतिभागियों ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** दिन सोमवार को चतरा कॉलेज में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करके की गई।अभिनंदन समारोह आयोजन युवा महोत्सव 2022 झूमर, विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जीते प्रतिभागियों के हौंसलों को बुलंद करने के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित कर बधाई दी गई।

इस प्रतिस्पर्धा में चतरा कॉलेज ने 6 पदक हासिल किए।यह कार्यक्रम का आयोजन चतरा कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा उनकी प्रतिस्पर्धा में विजेता बनने की खुशी में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा कॉलेज के प्राचार्य डॉ.आर.पी.राय किया। मंच का संचालन बी.एड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ.मनीष दयाल,डॉ. मुकेश झा, बी. एड विभाग के शिक्षकगण में प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो. संजय कुमार, प्रो.चंदन कुमार सिंह, प्रो. कंचन सोय मुर्मू आदि उपस्थित रहे। इस इंटर महाविद्यालय युवा महोत्सव में चतरा कॉलेज से टीम मैनेजर के रूप में बी. एड विभाग की प्रो.शोभा कुजुर प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो.अतुल अनुराग तिर्की का इस युवा महोत्सव 2022 झूमर में चतरा कॉलेज को पदक दिलाने में अतुल्य योगदान रहा। मंच संचालन कर रहे बी.एड विभागाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में संबोधित करते हुए कहा कि, एक छोटी सी उम्मीद ने सभी सपनों को साकार कर दिया और चतरा कॉलेज के विद्यार्थियों ने इस सपनों को साकार करने में अपनी भरपुर योगदान निभाई।

मंच पर मंचासीन सभी विद्वानों ने अपने अपने तरीके से सभी प्रतिभागियों और टीम मैनेजर को धन्यवाद दिया। टीम मैनेजर प्रो.शोभा कुजूर, प्रो.अमित कुमार सिंह और प्रो.अतुल अनुराग तिर्की ने अपने अनुभव साझा करते हुए और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया और अपने वक्तव्य में अनुभव साझा करते हुए बताया की, विद्यार्थियों के चयन से लेकर उनके पहनावे, ओढावे उनके खान-पान,उनके रिहर्सल आदि सभी को ध्यान में रखते हुए और अथक प्रयास करते हुए इस मुकाम तक पहुंचाया और छह पदक दिलवाए। पदक विजेता सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और अपने-अपने अनुभवो को सभी के साथ साझा किया। जीते सभी प्रतिभागियों को मंच पर माला पहना कर उन्हें बधाई दी गई। वेटलिफ्टिंग में उज्जवल और अर्पित, पोस्टर मेकिंग में फर्स्ट प्राइज प्रिंस जॉय खलखो, इंस्टॉलेशन में प्रियंका ग्रुप, रंगोली थर्ड प्राइज प्रियंका कुमारी, क्लासिकल सोलो सिमरन, क्ले मॉडलिंग प्रियंका कुमारी, माइंन द्वितीय स्थान अमिता ग्रुप और उज्जवल एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया गया एवं प्राचार्य महोदय एवं अन्य शिक्षकों ने टीम मैनेजर लोगों को भी माला पहना कर उन्हें धन्यवाद दिया गया। अंतिम वक्ता के रूप में चतरा कॉलेज के प्राचार्य महोदय ने सभी प्रतिभागियों एवं टीम मैनेजर को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चतरा कॉलेज के यूजी विभाग के विद्यार्थी, बी. एड संभाग के विद्यार्थी गन एवं अन्य विद्यार्थियों का भी अहम योगदान रहा। जिसमें आलोक, संदीप, लालू, मंटू आदि सभी का योगदान रहा।

# इंटर कॉलेज युवा महोत्सव झूमर झांकी में ग्रिजली को मिला प्रथम स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज युवा महोत्सव झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय झूमर महोत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के लगभग 22 कॉलेजों ने भाग लिया। वहीं कार्यक्रम के प्रथम दिन विनोबा भावे विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अनेकता में एकता एवं हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई भाईचारे को लेकर और झारखंड राज्य पारंपरिक कला संस्कृति का प्रदर्शन किया गया। महाविद्यालय के झांकी ने विश्वविद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत कर युवा महोत्सव में चार चांद लगा दिया एवं प्रथम पुरुस्कार विजेता बना। इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं के द्वारा अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने मेहंदी, रंगोली, डिबेट, प्रश्नोत्तरी,




फोटोग्राफी, क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता आदि में शानदार प्रदर्शन करते हुए रंगोली एवं क्ले मॉडलिंग में महाविद्यालय की प्रशिक्षु अंशिका कुमारी पुत्री ब्रज किशोर विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरांवित किया। इस सफलता पर महाविद्यालय के निदेशक मनीष कपसिमे एवं अविनाश सेठ, महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ.संजीता कुमारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. बीसी. स्वेन ने इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम समन्वयक अजय कुमार गुप्ता के साथ साथ महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं हर्ष व्यक्त किया। मौके पर अनुपम कुमार सिंह, दयानंद कुशवाह, पवन कुमार, कल्पना सिंह, महिमा कुमारी, विकास कुमार, भीम कुमार, कारू कुमार, पंचम कुमार, शाहनवाज खान, करुणा, तारामणि, अजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नौवीं की छात्रा ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**रंका।** प्रखंड के तमगेकला पंचायत के पिंडरा गांव निवासी बरतु राम की 14 वर्षीया पुत्री सेवंती कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सेवंती की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। गतरात्रि में अपने घर कंडी में वह फांसी लगा ली। जब सुबह उसकी मां की रोने की आवाज आयी तब आसपास के लोगों ने इसकी सूचना रंका थाना को दी। सब इंस्पेक्टर विकास कुमार अपने दल बल के साथ पहुंचकर सेवंती शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है।

## अधेड़ व्यक्ति का शव पुलिस ने किया बरामद

**टंडवा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के धनगड्डा घाटी स्थित द्वारपाल बाबा के पास लावारिस हालत में अधेड़ व्यक्ति का शव को पुलिस ने बरामद किया। जानकारी के अनुसार चतरा के बिंड मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रमोद भगत ने बीते रविवार शाम अपना घर से निकला था। जिसकी मानसिक हालत ठीक नही थी। वही सोमवार सुबह धनगड्डा घाटी स्थित द्वारपाल बाबा के पास लावारिस स्थिति में प्रमोद भगत की शव ग्रामीणों ने देखा एवं स्थानीय थाना को सूचना दिया। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचा, जहां शव को बरामद किया गया एवं अंतिम परीक्षण के लिए चतरा भेज दिया गया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतगर्त तिलैया बस्ती वार्ड 2 में एक युवक ने घरेलू विवाद को लेकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, घटना सोमवार शाम की बताई जाती है। मृतक की पहचान तिलैया बस्ती वार्ड 2 निवासी 31 वर्षीय पिंटू कुमार यादव पिता परमेश्वर यादव के रुप में हुई। बताया जाता है कि उक्त युवक घरेलू विवाद से तंग आकर गुस्से में अपने कमरे में फांसी लगा लिया।

### नेशनल लेवल जापान ऑन कैनवास प्रतियोगिता में

# सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन छात्रों का चयन



**कोडरमा।** एक्सपीरियंस जापान के तत्वावधान में आयोजित नेशनल लेवल जापान ऑन कैनवास प्रतियोगिता में सेक्रेड हार्ट स्कूल के तीन छात्रों का चयन हुआ है। वहीं कैटिगरी एक में अभिनव कुमार को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉर्मेंस का अवार्ड मिला, जबकि पुलकित सोनी को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी परफॉर्मेन्स अवार्ड कैटिगरी दो में मिला, वहीं कैटोगरी-1 में आयुषी कुमारी को आउट स्टैंडिंग परफॉर्मेंस का अवार्ड मिला। इस संबंध में सेक्रेड हार्ट स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि कैटोगरी वन में शकुरा चेरी ब्लाजेन माउंट फ्यूजी और कैटेगरी टू में जापान-इंडिया फ्रेंडशिप से रिलेटेड पेंटिंग्स बनाने थे। इन तीनों बच्चों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। 16 दिसंबर को दिल्ली में इनके द्वारा बनाए गए पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगेगी और बच्चों को सर्टिफिकेट देकर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा, इस संस्था के प्रेसिडेंट जितेंद्र मेहता हैं। बच्चों ने आर्ट टीचर कुंतल जेठवा के मार्गदर्शन में पेंटिंग बनाने की तैयारी की थी। बच्चों की सफलता पर प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों ने हर स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। सोमवार को बच्चों को स्कूल में सम्मानित किया गया। मौके पर डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, सीमा जैन, दीपक सर्राफ, अलका सिंह, आशुतोष गौतम, सुभय कुमार, किशोर कुणाल समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस का आयोजन

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस की इकाई एक तथा दो के सौजन्य से अंतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुलार हजाम ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में प्राचार्य ने एनएसएस के महत्व तथा उपयोगिता से विद्यार्थियों को अवगत कराया। कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर संदीप कुमार तथा बालेश्वर पासवान ने एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रोफेसर जानकी प्रसाद दांगी, ललित मोहन चौधरी, प्रोफेसर सकेंद्र मिस्त्री उपस्थित थे।

## लाभुकों से ठगी, नहीं मिला अनाज, हो गया बंदरबांट

**सिमरिया।** सिमरिया प्रखंड में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में साइबर क्राइम की तर्ज पर ठगी हुई है। डीलरों ने लाभुकों से ई-पोस मशीन में अंगूठा तो ले लिया। किंतु उन्हें अनाज नहीं दिया। यह ठगी इतनी सफाई से की गई है कि लाभुकों को पता तक नहीं चला। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रखंड प्रमुख रोहन साहू के नेतृत्व में गठित टीम ने 2 दर्जन से अधिक जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया और उनके कार्ड धारियों से बात की। इस क्रम में उन्हें भारी घोटाले का एहसास हुआ।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** खेलो झारखण्ड अन्तर्गत तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए। सर्वप्रथम उपायुक्त ने खेल ध्वज का झंडोत्तोलन किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त श्री इमरान ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिंता से मुक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि खेल एक ब्यक्ति के मनोवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार करता है।

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के एलेवेन स्टार फुटबॉल मैदान में सोमवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन प्रमुख रोहन साहू जिप सदस्य देवनंदन साहू, रोहिणी देवी उप प्रमुख दामोदर गोप और वीडियो नीतू सिंह दीप प्रज्वलित और फुटबॉल में किक मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। यह प्रतियोगिता प्रखंड स्तरीय है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम को जिला स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उद्घाटन मैच जिरवाखुर्द और जबड़ा के बीच खेला गया। मौके पर मुखिया अनीता देवी, पार्वती देवी, ईफ्फतेशाम प्रवीण, जागेश्वर कुशवाहा, नेमधारी महतो, भूपेंदर ठाकुर, इकरामुल हक, मलेश्वर साव सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# नारायण वर्णवाल बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष, यूथ कांग्रेस ने किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** न्यू अशोका होटल झुमरीतिलैया में यूथ कांग्रेस की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नारायण वर्णवाल का स्वागत किया गया। मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रभारी कुमार रोशन एवं सह प्रभारी गलीब इकबाद ने संयुक्त रूप से जिला यूथ कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष मो. अशरफ अली एवं यूथ कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी सद्दाम अली एवं सोशल मीडिया प्रभारी काशीफ रेयाज को मनोनीत किया। इस दौरान उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष नारायण वर्णवाल का यूथ कांग्रेस प्रभारी कुमार रोशन एवं सह प्रभारी व कांग्रेस जनों ने स्वागत किया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष नारायण वर्णवाल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है, उसके लिए सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग जरूरी है, वे संगठन को मजबूत करने और सभी तबके के लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता राम लखन पासवान, सईद नसीम, उमेश साहू, भागीरथ पासवान, मुकेश कुमार, प्रवीण कुमार, नीरज यादव सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीलर द्वारा तीन से चार माह के राशन घोटाले से आक्रोशित लाभुकों ने किया हंगामा

# राशन की रिकवरी एवं डीलर का लाइसेंस रद्द करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** करमडीह पंचायत के जोगीवीर गांव स्थित नेहा स्वयं सहायता समूह जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मुबारक अंसारी के द्वारा लगभग 200 लाभुकों का तीन से चार माह का राशन घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। इार सोमवार को जब लाभुकों ने जविप्र के दुकान पहुंच कर राशन का मांग करने लगे तो दुकानदार के घरवालों के द्वारा घर में नहीं है बोलकर दो दिन के बाद राशन देने की बात कही। जिससे नाराज आक्रोशित लाभुकों ने जमकर हंगामा किया।



हंगामा करते लाभुक।

**क्या कहा लाभुकों ने :** इार इस दौरान लाभुक इदरीस अंसारी, शकीला बीवी, संगीता देवी, सुमित्रा देवी, अलीमुद्दीन अंसारी, विनती देवी, आमना बीबी, जरीना बीबी, रसूला बीबी, सफिकन बीवी, नसीमा बीवी, रहीमन बीबी, आसमा बीबी, मरियम बीवी सहित लगभग 100 लाभुकों ने बताया कि दुकानदार मोबारक अंसारी ने अगस्त से लेकर नवंबर तक चार माह का रासन का घोटाला कर दिया है। जबकि हम सभी लाभुकों को विश्वास में लेकर राशन कार्ड के ऊपर राशन की मात्रा चढ़ा कर ठेपा भी लगवा लिया है। उसके बाद बोलता है कि अभी राशन का उठाव नहीं किए हैं, चार दिन के बाद राशन उठाव करेंगे तो देंगे। इसका यह प्रक्रिया पिछले चार महीना से निरंतर जारी है। कहा कि हम लाभुकों को दरकिनार करते हुए दुकानदार के द्वारा समूह के सदस्यों को रात्रि में राशन दिया गया है। इतना ही नही ‌‌मकी देते हुए कहता है कि जिसको जहां जाना हो जाओ। मेरा कोई भी कुछ नहीं कर पाएगा, प्रधानमंत्री भी नही। मैं सरकारी आदमी हूं, अगर राशन कार्ड पर रगड़ दूंगा तो तुम सबों का राशन कार्ड भी समाप्त हो जाएगा। जबकि इार गोदाम रिकार्ड के अनुसार अगस्त माह का सिंगल राशन का उठाव 23 अगस्त को, सितंबर माह का दोनों राशन 20 सितंबर को, अक्टूबर माह का दोनों राशन 11 एवं 23 अक्टूबर को और नवंबर माह का दोनों राशन 14 नवंबर को किया गया है। लाभुकों ने उपायुक्त रमेश घोलप से उपरोक्त डीलर से राशन की रिकवरी एवं लाइसेंस को रद्द करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर डीलर की प्रतिक्रिया जानने के लिए मोबाइल से संपर्क किया गया, पर उन्होंने रिसीव नहीं किया।

**क्या कहा प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने :** इधर इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी सह प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हम जनमानस के लिए हैं। अगर लाभुकों का आरोप सही पाया गया तो नेहा स्वयं सहायता समूह का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### जिला शिक्षा अधीक्षक ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार सोमवार को मध्य विद्यालय सीता सुखानी झुमरी तिलैया का औचक निरीक्षण किया। वहीं स्कूलों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी लेने के साथ साथ, पाठ्य योजना, छात्र एवं शिक्षकों की दैनिक उपस्थिति, मध्याह्न भोजन आदि की जानकारी ली, इस दौरान बच्चों की कम उपस्थिति देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को व्यवस्था में सुधार लाने, बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विस्तृत पाठ्य योजना तैयार कर, बच्चों को अच्छी शिक्षा देने, टोला विजिट कर अभिभावकों को जागरूक करने तथा बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएसई के अलवे लिपिक प्रमोद कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद थे।

### शैक्षणिक, राजनीतिक व सामाजिक उत्थान को लेकर चंद्रवंशी समाज ने की बैठक

**कोडरमा।** समाज के शैक्षणिक, राजनीतिक व सामाजिक उत्थान को लेकर चंद्रवंशी विकास मंच की बैठक रविवार को छोटकीबागी में दीपक कुमार नवीन के आवास पर समाज के वरिष्ठ सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता बिरेंद्र राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता एवं प्रवीण कुमार चंद्रा व उमेश राम चंद्रवंशी के संयुक्त संचालन में संपन्न हुई। बैठक में समाज के शैक्षणिक, राजनीतिक व सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सामाजिक मिलन समारोह, महाराज जरासंध की जयंती अन्य सामाजिक कार्य में बढ चढ कर भाग लेने पर जोर दिया गया। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से दीपक कुमार नवीन अध्यक्ष, रवि राम उपाध्यक्ष, चंद्रवंशी महेश भारती सचिव, संतोष चंद्रवंशी सह सचिव, राजेंद्र वर्मा कोषाध्यक्ष, प्रवीण चंद्रा, अरुण राम, मनोज कुमार, विजय प्रसाद आदि को कमिटी सदस्य के साथ ही जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, रामेश्वर राम चंद्रवंशी, महेंद्र राम को संरक्षक मंडल के सदस्य को लेकर नई कमिटी का गठन किया गया।

### तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थानीय कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से परामर्शी दीपेश कुमार उपस्थित थे। उन्होंने दृश्य श्रव्य सामग्री के द्वारा भैया बहनों को इसके दुष्परिणाम एवं तंबाकू सेवन से हो रही मौत के आंकड़े बताया। वहीं अंत में भैया बहनों के बीच स्लोगन लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें प्रथम स्थान बहन स्वास्तिका श्री को मिला। दूसरा स्थान पर भैया विशाल कुमार और तीसरा स्थान पर बहन सुकन्या शर्मा रही। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने सभी भैया बहनों को बधाई दी। मौके पर हिमांशु कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, नीरज कुमार, कुमारी रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा साहा आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण का प्रशिक्षण

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन के आदेशानुसार सोमवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण को लेकर प्रखंड के सहिया दीदीयों को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण में मलेरिया, फ्लेरिया, डेंगू चिकनगुनिया, कालाजार, इसेफेलाइटिस के रोकथाम हेतु प्रशिक्षक द्वारा विस्तार से जानकारी दिया गया। वहीं प्रशिक्षक के रूप में एमटीएस विवेकानंद, एमपीडब्ल्यू मुकेश कुमार, जावेद, बीटीटी बालमुकुंद आदि उपस्थित थे।

### बच्चों ने सड़क व सुरक्षा नियमों पर बनाया पोस्टर व बैनर

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस.पब्लिक स्कूल प्रांगण में सोमवार को सड़क व सुरक्षा नियम पर आधारित बच्चों के द्वारा पोस्टर व बैनर बनाकर रोड सेफ्टी रूल्स के बारे में बताया गया एवं नाट्य प्रस्तुत कर सबों को जागरूक किया। कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग अंदाज में सड़क सुरक्षा के नियमों के सभी बिंदुओं पर चर्चा किया। बच्चों ने सड़क सुरक्षा से जुड़ी बातों को भी साझा किया, जैसे वाहन चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग नहीं करना व हेड फोन नहीं लगाकर वाहन चलाने, वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनना, हेलमेट लगाना, शराब पीकर गाड़ी नही चलाने, यात्रा के दौरान सिगरेट या किसी प्रकार का नशा ना करने आदि शामिल हैं।

### चेकिंग के दौरान कई वाहन जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, रोड सेफ्टी मैनेजर हिमांषु कुमार ने मरकच्चो पुलिस जवानों के सहयोग से मरकच्चो थाना भवन के समीप मरकच्चो बरियारडीह मुख्यमार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर कई वाहनों के कागजातों का जांचकर रजिस्ट्रेशन फेल वाहनों को जब्त किया। इस दौरान जेएच12एफ/9202, डब्लूबी23/1395 एवं जेएच10बीजी/0524 को जब्त कर सुरक्षार्थ मरकच्चो थाना कैम्पस में रखा गया है एवं जेएच02एके/2572 वाहन को चलान देकर छोड़ा गया, इस दौरान कई वाहनों का कागजात सही पाये जाने के पश्चात उन्हें छोड दिया गया। मौके पर एएसआई दयाराम सिंह व कई पुलिस जवान मौजूद थे।

### दीपक मेडिकल हॉल का शुभारंभ

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत ढाब रोड बालिका उच्च विद्यालय के समीप दीपक मेडिकल हॉल का शुभारंभ पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर शालिनी गुप्ता ने कहा कि मेडिकल के साथ-साथ यहां पर अच्छे-अच्छे विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे, जिससे यहां के स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेगी। वहीं प्रोपराइटर विक्रम सोनू, अविनाश कुमार ने बताया कि हमारे यहां डॉ. फरहाना महफूज, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ.अजय कुमार रवि, डॉ.सुरभि एवं डॉ.टिकेश्वर नाथ अपनी सेवाएं देंगे।

### माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड दुकान का उद्घाटन

कोडरमा। झुमरीतिलैया शहर में माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड दुकान का उद्घाटन किया गया। जहां संचालक संजय प्रसाद ने कहा कि हमारे देश में आयुर्वेद को बढ़ावा देना है एवं आयुर्वेद को अपनाकर हम लोग अपने परिवार को स्वस्थ्य एवं खुशहाल रख सकते हैं, इसके द्वारा इनकम भी किया जा सकता है। मौके पर राजकुमार प्रसाद, राजीव कुमार, चंद्रशेखर थापा, मीना व अन्य लोग उपस्थित थे।

### मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित बैठक संपन्न

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 से संबंधित मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के साथ बैठक की गई। बैठक में छुटे हुए योग्य मतदाताओं को मतदाता सूची में शमिल करना, दावे एवं आपत्ति की अंतिम तिथि दिनांकः-08.12.2022 के बारे में बताया गया। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को मतदाता सूची में मार्किंग करना ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होने बताया कि विभाग द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांकः-05.01.2023 को किया जाना है।

### मृदा एवं जल संरक्षण दिवस पर किसान मेले का आयोजन

**चतरा।** प्रशासनिक भवन कृषि विज्ञान केंद्र चतरा परिसर में मृदा एवं जल संरक्षण विश्व दिवस के अवसर पर किसान मेले का आयोजन किया गया। किसान मेला में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) शामिल हुए। इस मौके पर जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी जी ने कहा कि कहा कि आज की खेती में जीवाश्म की कमी देखी जा रही है। खेतों में कार्बनिक खादों का प्रयोग लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि जैविक खादों के उपयोग से ही मृदा की उर्वरता को बढ़ाया जा सकता है।

## स्पीड न्यूज



### अपनी डायमंड जुबली मना रही है टीआरएफ

**जमशेदपुर।** टीआरएफ लिमिटेड (जिसे पहले टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने अपने निगमन के 60 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इसका जश्न मनाने के लिए कंपनी परिसर में 5 दिसंबर को एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें कंपनी के सभी कर्मचारियों, यूनियन के अधिकारियों और पूर्व कर्मचारियों ने भाग लिया। मौके पर टाटा स्टील लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट (टीक्यूएम और ईएंडपी) अवनीश गुप्ता ने टीआरएफ को 60 साल पूरा करने के उपलक्ष्य में बधाई दी। उन्होंने टीआरएफ इंजीनियरों के अभिनव कार्यों की सराहना की। मौके पर विशिष्ट अतिथि राकेश्वर पांडेय, अध्यक्ष, टाटा स्टील लेबर यूनियन ने कहा कि यह टीआरएफ के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने उच्चतम स्तर की गुणवत्ता और सुरक्षा से समझौता नहीं करने पर जोर दिया।

### मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर।** सोमवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कदमा स्थित आवासीय कार्यालय आकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मुलाकात की। मौके पर संगठन की वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

### जनचेतना समिति ने लगाया रक्तदान शिविर




**चांडिल।** तमोलिया के आस्था वैली में गैर राजनीतिक संस्था जनचेतना समिति ने 11वां रक्तदान शिविर लगाया। इसमें कुल 47 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर का शुभारंभ नीमडीह बीडीओ शंकराचार्य सामद एवं कपाली ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता ने किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं गिफ्ट दिया गया। बीडीओ ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता। युवा वर्ग इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा ले। उन्होंने ज्यादा रक्तदान करने के लिए लोगों का हौसला अफजाई की। मौके पर समिति के संयोजक अजय कुमार, समिति के अध्यक्ष एसएन पाठक, संतोष कुमार श्रीवास्तव, नवीन सिंह, पीएन मिश्रा, संतोष शर्मा, सुबीर सरकार, रासबिहारी मंडल, मधुसूदन राव, नागेश्वर शर्मा, पिंकी महतो भी थे।

### जिप सदस्य पिंकी लायक ने बांटे कंबल



**चांडिल।** बढ़ती ठंड को देखते हुए चिलगु पंचायत सचिवालय में चांडिल के जिप सदस्य श्रीमती पिंकी लायक ने गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। चांडिल के पूर्व जिला परिषद सह झामुमो नेता ओम प्रकाश लायक ने कहा गरीब एवं असहाय लोगों के बीच सेवा निरंतर जारी रहेगी। मौके पर जिला परिषद के कई समर्थक उपस्थित थे।

### जुगसलाई में अलाव के लिए लकड़ी देने की मांग

**जमशेदपुर।** जुगसलाई नप के कई क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों को अलाव हेतु लकड़ी देने की मांग जुगसलाई शनि मंदिर के पुजारी दमोदर शनि बाबा ने उपायुक्त से की है। डीसी को मांग पत्र में बाबा ने जुगसलाई नप के टाटानगर स्टेशन चौक, गौशाला चौक, नया बाजार, चौक बाजार, दु:खू मार्केट, रेलवे फाटक के पास खासकर जरूरतमंद असहाय लोगों को अलाव हेतु लकड़ी शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की गयी है।

# तृतीय राष्ट्रीय कराटे में झारखंड बना ओवरऑल चैंपियन, बंगाल उपविजेता



अतिथियों संग चैंपियनशिप के विजेता छात्र-छात्राएं।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** रविवार 4 दिसंबर 2022 को यहां आरडी टाटा टेक्निकल इंस्टीट्यूट के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय तृतीय राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप का समापन किया गया। इस टूर्नामेंट में ओवरऑल चैम्पियन झारखंड को एवं रनरअप बंगाल टीम को दिया गया। बेस्ट डिसीपिलिन का अवार्ड बंगाल के टीम को दिया गया, बेस्ट फाईटिंग गर्ल्स टीम झारखंड को दिया गया। इस टूर्नामेंट में मुख्य रूप से उड़ीसा, बंगाल, बिहार एवं झारखंड आदि राज्यों के करीब 125 कराटेकारों ने भाग लिया।

इस टूर्नामेंट का आयोजन सेन्सई जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा आरडी टाटा टेक्निकल इंस्टीट्यूट गोलमुरी जमशेदपुर में किया गया। इस टूर्नामेंट में रेफरी एवं जज राजेश कुमार गुप्ता, निरंजन मिस्त्रा, प्रवीण कुमार और आकाश रोहिला थे। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि इस टूर्नामेंट के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन विकास सिंह, खबर मन्त्र अखबार के जमशेदपुर हेड सत्येंद्र कुमार, लोयला स्कूल के एलुमनाई विवेक झा एवं नागरमल इंटरप्राइजेज के स्वामी राजेश कुमार जी थे, जिनके द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

# शहर के कुष्ठ पीड़ितों के समक्ष भुखमरी की स्थिति, दो माह से नहीं मिला राशन

- भाजपा नेता पवन अग्रवाल के नेतृत्व में कुष्ठ पीड़ितो ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन
- सात दिनों में पुरानी व्यवस्था बहाल नहीं होने पर डीसी ऑफिस के समक्ष करेंगे भिक्षाटनः पवन



डीसी को ज्ञापन सौंपने के बाद पवन अग्रवाल।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के करीब दो हजार कुष्ठ रोग पीड़ित परिवार को पिछले दो माह से राशन नही मिल रहा है। कुष्ठ पीड़ितों को राशन डीलर द्वारा बिना अंगूठा लगाए राशन नही देने की बात कही गयी है। झारखंड सरकार के इस निर्देश के बाद से शहर के देवनगर, बर्मामाइंस, बिस्टुपुर, पार्वती घाट के पास रहने वाले हजारों कुष्ठ रोग पीड़ित परिवार के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। कुष्ठ पीड़ितों की इन समस्याओं को लेकर भाजपा नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पवन अग्रवाल के नेतृत्व में कुष्ठ पीड़ितों ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की। इस दौरान भाजपा सीतारामडेरा मंडल के अध्यक्ष सुरेश शर्मा मौजूद थे।

जिला सभागार में जिला उपायुक्त ने नियुक्त पदाधिकारी डीएम लॉ एंड आर्डर, डीटीओ दिनेश रंजन, राशन विभाग के विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी के साथ सौरव सिन्हा एवं मार्केटिंग ऑफिसर की उपस्थिति में पवन अग्रवाल ने कुष्ठ रोगियों को राशन लेने में आ रही परेशानी बतायी। सरकार के नये आदेश के बाद से कुष्ठ आश्रम में निवास करने वाले हजारों कुष्ठ पीड़ित परिवार के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऑफलाईन सरकारी राशन प्राप्त होता था क्योंकि इनमें से अधिकांश लोग दिव्यांग है, जिनके हाथ और पैर भी सामान्य स्थिति में नहीं है।

# बालक वर्ग में डीएवी कथारा और बालिका वर्ग में सेंट्रल स्कूल जादूगोड़ा बने चैंपियन

**सीबीसीइ कलस्टर-3 बिहार- झारखंड वॉलीबॉल चैंपियनशिप**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-5 अंडर-19 बालक-बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप टूर्नामेंट में बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल कटहारा और बालिका वर्ग में एटोमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल जादूगोड़ा की टीम ने चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। इसी के साथ डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल की मेजबानी में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएससी थर्ड अंडर-9 बिहार एवं झारखंड वॉलीबल प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुखपाल सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विजेता विद्यालयों की टीम को पुरस्कृत किया एवं प्रतिभागी विद्यालय की टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी की ओर से जीत- हार दोनों में सकारात्मक भाव से स्वीकृति मिलनी चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने समापन समारोह की औपचारिक घोषणा भी की।

इस टूर्नामेंट में बालक वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल कटहारा ने जीत का परचम लहराया जबकि टूर्नामेंट के श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रियम कुमार सिंह को मिला जबकि सेंट स्टीफन हाई स्कूल हजारीबाग उप-विजेता रही वहीं बालिका वर्ग में एटमिक एनर्जी सेंट्रल स्कूल जादूगोड़ा की टीम विजेता रही। मानसी उरांव को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला, जबकि डीएवी स्वांग की लड़कियों की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में डीबीएमएस कदमा एडमिशन एवं मैनेजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, प्रेसिडेंट फायनांस बी चंद्रशेखर, सचिव श्रीमती उमा रमणी ,कोषाध्यक्ष श्रीमती भुवना कृष्णन, संयुक्त सचिव श्रीमती अनीता रामाकृष्णन प्राचार्य श्रीमती गुरप्रीत भामरा, उप प्राचार्य श्रीमती एस शिरिन, स्पोट्स कोअर्डिनेटर श्रीमती सुप्रभा पांडा, तकनीकी प्रतिनिधि राजेश कुमार सिन्हा, सीबीएसई पर्यवेक्षक धन रंजन शर्मा, नियाज खान, कृष्णा कुमार, रेणु मुंडा एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बागे बस्ती में इनरव्हील क्लब और बीएनएमएच ने लगाया कैंसर स्क्रीनिंग कैंप, लोगों ने करायी जांच




**जमशेदपुर।** कैंसर मुक्त समाज बनाने के लिए इनर व्हील क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने बस्ती की महिलाओं को कैंसर जागरूकता और स्क्रीनिंग सुविधाएं देने के लिए उत्क्रमित मवि बागे बस्ती कदमा में टीम ब्रह्मानंद नारायण मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल की मदद से दो दिवसीय स्तन कैंसर जांच और जागरूकता शिविर लगाया। आईबीई मशीन के माध्यम से 30 महिलाओं की ब्रेस्ट स्क्रीनिंग और उनकी प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच हुई। ब्रह्मानंद अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ अमित कुमार ने स्तन कैंसर पर जागरूकता वार्ता दी। 50 से अधिक बस्ती निवासियों से भरा हुआ था, जहां डॉ अमित ने ब्रेस्ट से जुड़े सभी मुद्दों के बारे में विस्तार से बताया और भीड़ के एक से एक सवालों के जवाब दिए। सर्वाइकल कैंसर के टीके और इसके प्रभावों के लिए बस्ती की किशोरियों के बीच सर्वाइकल कैंसर पर विशेष जागरूकता पैदा की गई। टीम ब्रह्मानंद, डॉ अमित कुमार, विद्यालय के प्राचार्य गोपेश्वर सर और कर्मचारी के सहयोग से शिविर का आयोजन सफल रहा। परियोजना समन्वयक पीपी इरा बंदोपाध्याय, अध्यक्ष अर्चना, वीपी संपा, सचिव मधुमिता, आईएसओ संचिता और पूनम उपस्थित थीं।

### आनंद बिहारी दुबे ने रामाश्रय प्रसाद से लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, गोलमुरी जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता रामाश्रय प्रसाद के आवास पर पहुंचकर शॉल और पुष्पगुच्छ देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री प्रसाद ने उन्हें तिरंगा अंग वस्त्र देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। वहां पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। जिन्होंने गर्मजोशी के साथ जिलाध्यक्ष को शॉल देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री प्रसाद ने कहा कि एक नौजवान जुझारू और जनप्रिय नेता जो सबको लेकर चलने का नेतृत्व करने की क्षमता वाले को बनाया है। इनसे संगठन काफी मजबूत होगा नरेश कुमार सिंह (अध्यक्ष पूर्वी सिंहभूम उद्योग एवं व्यापार विभाग) जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम दरस चौधरी, दिवेश कुमार राजा, सुरेश प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद, शिवबालक प्रसाद, नंदू सिंह, रामलाल प्रसाद, विनय यादव, मनोज कुमार, शैलेश कुमार, अभिषेक कुमार, जय कुमार महतो प्रमुख रूप से यह लोग उपस्थित थे।

### 17-18 को विजया गार्डेन में होगी मेगा प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** क्विज डांस स्टूडियो की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में राकेश बैरीक, विशाल कुमार प्रसाद, नवीन वर्मा एवं दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बारीडीह स्थित विजया गार्डेन क्लब हाउस ग्राउंड में 17-18 दिसम्बर 2022 को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों एवं किशोरों के लिए मेगा प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। इसमें डांस, फैशन, सिंगिंग, ड्राइंग एवं रंगोली प्रतियोगिता होगा, जिसमें राज्य स्तरीय प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसके प्रायोजक फोर्स मोटर्स एवं अन्य कई महत्वपूर्ण कम्पनियां हैं।

### आरएस फाउंडेशन ने सुमति की स्मृति में बांटी लेखन सामग्री



**जमशेदपुर।** सोमवार को स्मृति शेष सुमति लाल (जीवन संगिनी राम लाल) के परिनिर्वाण दिवस पर आर एस फाउंडेशन सोनारी ने स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्री नोट बुक और बिस्कुट का वितरण किया। सबसे पहले भारत के संविधान की उद्देशिका सभी लोग एक साथ पढ़े। आर एस फाउंडेशन के चेयरमैन राम लाल ने संविधान के महत्व को बच्चों को बताये। बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए विश्राम राम, पी चंद्र शेखर राव, गोपाल जी प्रसाद और वाई वी राज शेखर ने अपने विचार रखे। कक्षा केजी के छह बच्चों को एक कापी, कक्षा दो से कक्षा चार के 51 बच्चों को दो कापी, कक्षा पांच और छह के 37 बच्चों को तीन कापी,कक्षा सात एवं आठ के 35 बच्चों को चार कापी और सभी को एक बिस्कुट पैकेट दिया गया। कुल 129 बच्चे लाभान्वित हुए। यह सब स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती वीना कुमारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इनके अलावे अनिता लकड़ा, बाला सोरेन, ममता कुमारी, नसरीन साकिर, और कल्डुलना नीलमणि शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में माननीय राम लाल, गोपाल जी प्रसाद, पी चन्द्र शेखर राव, दिलीप कुमार गुप्ता, सुधाकर सिंह, बीपी कटारिया, वाईवी राजशेखर, कृष्ण कुमार लाल, विश्राम राम और चन्द्र शेखर रजक का विशेष योगदान दान रहा। आर एस फाउंडेशन दिन प्रतिदिन मजलूमों एवं निरीह लोगों को मदद करने में अग्रसर हो रहा है। बच्चे और शिक्षिकाए बहुत खुश थी।

### मस्तान बाबा का तीन दिवसीय उर्स शुरू



**जमशेदपुर।** इस्लामनगर कपाली स्थित अंजुमन शैदा ए मस्तान शाह बाबा के तत्वावधान में सूफी सैयद मो मुजफ्फर हुसैन मस्तान शाह बाबा र का तीन दिवसीय 23 वां वार्षिक उर्स के आज प्रथम दिन प्रात: 8 बजे दरगाह मे कुरानख्वानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 9 :30 बजे हल्का ए जिक्र कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिस का आगाज कारी फखरे आलम अशरफी ने कुरान के पाठ से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कारी फरीदुद्दीन सीवानी ने किया, जबकि संचालन कारी गुलाम नूरी ने किया। मौलाना गुलाम जीलानी व कारी शमीम रजा नूरी ने नातपाक का नजराना प्रस्तुत किया। कारी फरीदुद्दीन सीवानी अशरफी ने अपने वक्तव्य में कहा कि खानकाहों व दरगाहों से दूरी इमान की कमजोरी की निशानी है। नमाज, रोजा, हज, जकात सब कुछ है किंतु इमान (विश्वास) मजबूत नहीं।

# पूर्वी सिंहभूम जिला के अग्रवाल सम्मेलन की कार्यसमिति घोषित

➲ **अभिषेक बने महासचिव और सीए पीयूष गोयल कोषाध्यक्ष**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संदीप मुरारका ने अपनी कार्यसमिति की घोषणा की। साकची निवासी सक्रिय सामाजिक युवा कार्यकर्ता अभिषेक अग्रवाल गोल्डी को महासचिव एवं जुगसलाई निवासी सी ए पीयूष गोयल को कोषाध्यक्ष चुना गया।

**अन्य पदाधिकारी :** अजय अग्रवाल (भालोटिया), विजय खेमका, नरेश मोदी, लालचंद अग्रवाल, सन्नी संघी, डॉ छगन अग्रवाल एवं संगीता मित्तल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया,वहीं सचिव के रुप में ललित मित्तल, सीमांत अग्रवाल, बलराम अग्रवाल, अंकित मोदी, निर्मल पटवारी, रितेश अग्रवाल एवं अंकिता लोधा का चयन किया गया है। सौरभ अग्रवाल रामूका एवं हेमंत अग्रवाल प्रेस प्रभारी की भूमिका में होंगे। साथ ही जिला कार्यसमिति सदस्य के रुप में अरुण गुप्ता, प्रमोद सरायवाला, राजकुमार पटवारी, अनीस खीरवाल, अनंत मोहनका, देवेंद्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल गर्ग, देवेंद्र मूनका लाला, अनिल चौधरी अप्पु, रामु देबुका, अमित बंसल, आशीष चौधरी, सुशील कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल मुन्ना एवं अमित केजरीवाल हैं।

# अरका जैन विश्वविद्यालय में नर्सिंग की छात्राओं के लिए शुभारंभ -2022 संपन्न




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्कूल ऑफ नर्सिंग अरका जैन विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के पहले बैच का स्वागत करते हुए एजेयू कैंपस में बहुत उत्साह के साथ आरंभ 2022 मनाया। इन 6 दिनों के कार्यक्रम में छात्रों के समग्र विकास का समर्थन करने वाला कार्यक्रम शामिल था।

प्रो डॉ जयंत शेखर कुलसचिव कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा, डॉ संजीव आनंदए (समन्वयक कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा), डा प्रमिला कुमारी झारखंड सरकार के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डा मुकेश कुमार चिकित्सा अधीक्षक ब्रह्मानंद नारायण मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल-जमशेदपुर, श्रीमती रूपा माधुरी मिंज (नर्सिंग अधीक्षक, ब्रह्मानंद नारायण हॉस्पिटल), डा ओमप्रकाश कुमार (निदेशक, उमा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जमशेदपुर), मेडिट्रिना हॉस्पिटल आदित्यपुर के यूरोलोजिस्ट डा सुजीत कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। पूरा ओरिएंटेशन कम इंडक्शन प्रोग्राम 6 दिनों के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें भारत और ग्लोब में नर्सों के महत्व पर मुख्य अतिथियों द्वारा सत्र शामिल थे। नवागंतुकों ने नर्सिंग फैकल्टी द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए विवि के कुलपति डा सैयद सफदर रजी ने कहा कि ये नर्सिंग विभाग की तरफ से एक महत्तवपूर्ण पहल है।

# ब्राह्मण आयोग के गठन की मांग करेगा झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ

- ब्राह्मणों में एकता के अभाव में विरोधी ताकतें सक्रिय हो रहीं : डॉ पवन पांडेय



संवाददाता सम्मेलन में डॉ पवन पांडेय व श्रीमती विंध्यवासिनी पांडेय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को झारखंड ब्राह्मण शक्ति संघ के महिला ईकाई कि केन्द्रीय अध्यक्षा श्रीमती विजयवासनी पाण्डेय के आवासीय कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डाँ पवन पाण्डेय उपस्थित थे। वार्ता को संबोधित करते हुए डाँ पवन पाण्डेय ने कहा कि विगत कई वर्षों से एक आम धारणा बनी हुई है कि किसी को भी राजनीतिक क्षेत्र में सफल होने के लिए या अपनी पहचान बनाने के लिए ब्राह्मण समाज का विरोध करना सबसे आसान और सफल प्रयोग हैं। इसका ताजा उदाहरण है जेएनयू में ब्राह्मण विरोधी गतिविधियों का संचालन एवं दिवारों पर लिखना। ऐसे लोगों को पता है कि मूलतः कोई भी ब्राह्मण तत्काल इसका विरोध नहीं करेंगे। क्योंकि ब्राह्मण समाज संगठित नहीं है। इसलिए बडे ही आसानी से इनका विरोध किया जा सकता है।

# शराब का स्टॉक नहीं, होटल और बार संचालक सकते में

- व्हिस्की और बीयर पीने के शौकीनों को उनकी पसंद का ब्रांड नहीं मिल पा रहा
- जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने जतायी चिंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**जमशेदपुर।** मांग के अनुरूप शराब का स्टॉक नहीं उपलब्ध होने पर, होटल और बार संचालक सकते में हैं। स्थिति यह है कि होटल और बार संचालकों को उनकी जरुरत के अनुरूप स्टॉक नहीं मिल पा रहा है इससे उन्हें कई प्रकार की परेशानी झेलनी पढ़ रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए जमशेदपुर होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (जे एच आर ए) ने इस संबंध में आवाज बुलंद की है।

एसोसिएशन के अनुसार जमशेदपुर के सभी होटलों और बार में शराब के स्टॉक में कमी आयी है। हालत यह है कि दुकानों में व्हिस्की, वोदका के साथ साथ बीयर की भारी कमी है। कई बार भी बंद होने के कगार पर हैं। दुकानों और बार में व्हिस्की के कुछ ब्रांड तो मिल भी जा रहे हैं, लेकिन ठंड के इस मौसम में वाइन विस्की की भारी किल्लत ने दुकानदारों के साथ साथ बार संचालकों की जैसे कमर ही तोड़ दी है। इससे पूर्व कोविड की वजह से होटलों और बार मालिकों पहले भी मंदी की मार झेल चुके हैं। अब हालात सुधर रहे हैं।

# जलवायु परिवर्तन से निबटने में युवाओं की अहम भूमिका : संजीव पॉल

- सीआइआइ यंग इंडियंस के जमशेदपुर चैप्टर के नये अध्यक्ष होंगे प्रतीक अग्रवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कार्यक्रम को संबोधित करते संजीव पॉल।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के वीपी (सेफ्टी) और सीआईआई ईस्टर्न रीजनल काउंसिल के चेयरमैन संजीव पॉल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के अस्तित्व के लिए खतरा बना हुआ है। आज पूरी मानव जाति के सामने यह बहुत बड़ी चुनौती है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बोल रहा हूं, औद्योगीकरण के बाद हमारे वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा में घातकीय (एक्सपोनेंशियल) बढ़ोतरी हुई है।

पॉल गत शुक्रवार शाम को आदित्यपुर के एक होटल में आयोजित सीआईआई यंग इंडियंस के जमशेदपुर चैप्टर के सालाना समारोह को संबोधित कर रहे थे। पॉल ने आगे कहा कि औद्योगीकरण के पहले वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की जो मात्रा थी वह औद्योगीकरण के बाद तेजी से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए कोशिश जारी है, लेकिन इसमें युवाओं की अहम भूमिका हो सकती है।

**जलवायु परिवर्तन का असर दिखना शुरू :** मुख्य अतिथि ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव दुनिया पर दिखना शुरू हो गया है। हाल ही में पाकिस्तान में आई बाढ़ या फिर आस्ट्रेलिया और अन्य देशों के जंगलों में लगी आग इसका प्रमाण है। यही नहीं दुनिया के तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही है, जिससे समुद्र का स्तर बढ़ेगा और छोटे द्वीप और विभिन्न देशों के तटीय इलाकों के सामने समुद्र में समा जाने का खतरा उपस्थित हो गया है। जलवायु परिवर्तन के साथ ही जैव विविधता के खतरों की ओर भी उन्होंने इशारा किया और कहा कि कई प्रताजियां विलुप्त होने की स्थिति में है, जो हमारे लिए अच्छी नहीं है। उन्होंने जमशेदपुर चैप्टर द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की और कहा कि उन्हें पहली बार यहां आकर लगा कि जमशेदपुर के युवा भी समाज और देश को बदलने में कुछ कर रहे हैं।

**यंग इंडियंस को आंदोलन बनाने पर जोर :** सीआईआई यंग इंडियंस के नेशनल वाइस चेयरमैन दिलीप कृष्णा ने यंग इंडियंस को एक आंदोलन बनाने पर जोर दिया और कहा कि पिछले कुछ सालों में देश में इसका स्ट्रेन्थ बढ़ा है। यह सामाजिक बदलाव में अहम भूमिका निभा रहा है। रीजनल चेयरमैन ईस्ट तरंग खुराना ने इसे समाज से जोड़ने पर बल दिया। सीआईआई झारखंड काउंसिल के चेयरमैन तापस साहू ने कहा कि सीआईआई यंग इंडियंस के जमशेदपुर चैप्टर ने लंबा सफर तय किया है।

स्पीड न्यूज

## धुमलाल हांसदा के परिजनों को मिले मुआवजा

टुंडी। सोमवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने टुंडी प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर निवासी धुमलाल हांसदा का हाथी द्वारा कुचले जाने से हुई मौत की घटना पर परिजनों से बात कर गहरा दुख व्यक्त किया और हर संभव मदद करने की बात कही। श्री सिंह ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि टुंडी में लगातार पिछले कई वर्षों से हाथीयों के चपेट में आ कर ग्रामीणों की मौत हो रही है। इसके बाद भी टुंडी विधायक के द्वारा टुंडी की जनता को हाथीयों से बचाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई । टुंडी विधायक को टुंडी की जनता से कोई लेना-देना नहीं है । वो लुट-खसोट में लगे हुए हैं। जदयू सरकार से मांगा करती है कि जल्द से जल्द प्रभावित परिवार को मुआवजा भुगतान करे और टुंडी की जनता का जाल-माल की रक्षा करते हुए हाथीयों के लिए सुरक्षित हाथी कोरिडोर बनाई जाए।

## तमिलनाडु से युवतियों की वापसी के लिए सीएम को लिखा पत्र

बोकारो/कसमार। तमिलनाडु में फंसी कसमार एवं जरीडीह प्रखंड की आठ युवतियां को शीघ्र घर वापसी कराने को लेकर मंत्री योगेंद्र महतो ;दर्जा प्राप्तद्ध ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आग्रह किया है। बताया जाता है कि तमिलनाडु के ठेक्कालुर अविनासी स्थित एससीएम प्राइवेट गारमेंट्स लिमिटेड में युवतियों को सिलाई कढ़ाई के कार्य के लिए उक्त द्वारा कंपनी ले जायी गयी थी। लेकिन युवतियों से दूसरे कार्य कराये जा रहे हैं।एवज में बहुत कम मजदूरी दिया जा रहा है। तंग एवं परेशान होकर युवतियां वापस घर आना चाहती हैंए लेकिन इन्हें कंपनी द्वारा घर वापस नहीं भेजा जा रहा है और युवतियों को प्रताड़ित भी किया जाता है। कसमार प्रखंड के जरीडीह प्रखंड की तेतरियाडीह निवासी सीमा कुमारीए टांडमोहनपुर की धनश्री कुमारीए सरायविंधा की बिनू कुमारीए पोड़ाडीह बालीडीह की सुनीता कुमारी एवं कसमार प्रखंड के सोनपुरा निवासी कुंती कुमारीए रीना कुमारीए बेंदोटांड़ की बेबी कुमारी एवं चैनपुर की सबिता कुमारी शामिल है।

## बगैर फिल्टर हो रही पानी की सप्लाई ग्रामीणों में आक्रोश

लोयाबाद। लोयाबाद में नगर निगम की पेयजलापूर्ति सप्लाई से खाने का जायका बिगड़ गया है। आरोप है कि करीब बारह दिनों से पेयजल की जगह खाद का पानी सप्लाई किया जा रहा है।खाद पानी की वजह से लोगो को दाल चावल बनाने में दिक्कत हो रही है।ज्ञात हो कि लोयाबाद में निगम के जलमीनार से हजारों लोगों का पानी सप्लाई होता है।करीब 25 हजार आबादी इसी पर निर्भर है।दो दिन पर पेयजलापूर्ति होती है।पेयजलापूर्ति से लोगो को बड़ी राहत होती है।इससे पहले माडा का जलापूर्ति से लोग अपनी जरूरते पूरी करते थे,सप्ताह में सप्लाई होने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था,लेकिन जब से निगम की जलापूर्ति योजना चालू हुआ लोग को बड़ी राहत हुई है। सब खाद का पानी सप्लाई होने से लोग नराज हो रहे है।

## बोकारो में स्वदेशी मेला के कार्यालय का उद्घाटन

बोकारो। शहरवासियों में स्वदेशी का अलख जगाने हेतु स्वदेशी जागरण मंच बोकारो द्वारा आगामी 18 जनवरी से 25 जनवरी तक 19वां स्वदेशी मेला लगेगा। स्वदेशी मेला कार्यालय का उद्घाटन बोकारो विधायक बिरंची नारायण व बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संरक्षक संजय बैद द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय सेक्टर चार सिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप वर्मा ने किया। मंच के क्षेत्रीय संयोजक सचिन्द्र कुमार बरियार ने कहा कि बेरोजगार युवाओं को स्वावलंबन की दिशा में पहल करनी चाहिए। विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि मेला को सार्थक बनाने के लिए कृषि विभाग पशुपालन विभाग उद्योग विभाग सहित अन्य विभागीय को आमंत्रित कर युवाओं से सीधा संवाद करने की आवश्यकता है।

# पूर्वी टुंडी में पति-पत्नी की हत्या

### पड़ोसी अमीन पर हत्या का शक

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिला के पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र स्थित रुपन पंचायत के फुलपहाडी गांव में पति पत्नी की निर्मम हत्या कर दी गई है। जिनकी पहचान सुकोल मरांडी 51 वर्ष एवं पत्नी दखन मरांडी 41 वर्ष के रूप में की गई है। शुकुल मरांडी ओझा गुनी का काम करता था सुकुल मरांडी के पुत्र सुखलाल मरांडी के अनुसार गांव के ही अमीन मरांडी ने इस घटना को अंजाम दिया है। मृतक के पुत्र ने बताया कि गांव के ही अमीन मरांडी के साथ उसके पिता का कई बार विवाद हो चुका था। घटना के 1 दिन पूर्व भी सुकुल का बैल अमीन मरांडी के बागान में घुस गया था जिसके कारण भी विवाद हुआ था। इस हत्या को लेकर पुलिस द्वारा अमीन मरांडी एवं उसकी पत्नी तथा छोटे पुत्र को पूछताछ के लिए थाने लेकर गई है। पुलिस गहनता से मामले की छानबीन में जुट गई है।

### विधायक परिजनों से मिल कर दिये सांत्वना



## शिविर में 30 यूनिट रक्त का संग्रह

बेरमो। फुसरो स्थित बीकेबी कार्यालय में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन एचडीएफसी बैंक सेक्टर 4 तथा बीकेबी प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से लगाया गया इस शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल व भरत भूषण उर्फ बबलू भगत ने सयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में लगभग 30 रक्त दाताओं ने के एम मेमोरियल के डॉक्टर एच के सिंह ए राजेंद्र प्रसादए के नेतृत्व में अपना रक्तदान किया। शिविर में बैंक मैनेजर रमेश कुमार अग्रवाल मौजूद थे।

## झरिया में विहिप की बैठक में हिंदू हित चिंतक अभियान पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। विश्व हिंदू परिषद धमाल महानगर की बैठक शिव मंदिर सिंह नगर झरिया में जिला सह मंत्री लल्लू झा की अध्यक्षता में किया गया बैठक में हिंदू हित चिंतक अभियान का लेखा-जोखा लिया गया एवं धनबाद महानगर में सभी प्रखंडों में पूर्ण प्रखंड समिति के विस्तार हेतु अभियान चलाने का निर्णय लिए गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री श्री देवी सिंह जी मौजूद रहे उन्होंने आगामी कार्यक्रम शौर्य दिवस को लेकर कार्यकताओं के साथ में विशेष रूप से चर्चा किया और बताया कि शौर्य दिवस को गीता जयंती के रूप में हमें मनाना है। बैठक में मुख्यरूप से प्रांत गौ रक्षा प्रमुख कमलेश सिंह पूर्व विभाग संयोजक विकास बजरंगी जिला मंत्री धनबाद महानगर पप्पू यादव जिला संयोजक आनंद महतो विद्यार्थी प्रमुख सोनू सिंह झरिया प्रखंड मंत्री रंजीत पासवान संघ के स्वयंसेवक प्रेम कुमार धनबाद ग्रामीण जिला पालक राजेश दुबे के अलावे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## क्वार्टर में संदिग्ध अवस्था में मिला युवती का शव

### 17 वर्ष बाद भाई लौटा था जेल से, युवती घर में रहती थी अकेली

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। गांधीनगर थाना क्षेत्र के संडेबाजार नीचे क्वार्टर क्यू टाईप निवासी लगभग 45 वर्षीय बंटी शर्मा की अर्ध विक्षिप्त बहन रिंकू शर्मा अपने आवास में बेसुध व घायल अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हालांकि घटना के समय घर पर वह अकेली थी और उसका भाई उसी की दवा लाने सुबह ही रामगढ़ निकला था और जब रात को 10.30 बजे घर लौटा तो बहन की यह दशा देख अन्य लोगो की मदद से अपनी बहन को लेकर सीसीएल ढोरी रिजनल अस्पताल पहुचा, मगर डाक्टरों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### अर्द्धविक्षिप्त थी युवती, चल रहा था इलाज

घटना के संबंध में मृतिका के भाई बंटी शर्मा ने बताया कि लगभग 17 वर्षों तक जेल में सजा काट कर जब वह घर लौटा तो उसकी बहन अर्द्ध विक्षिप्त सी हो गई थी जिसका इलाज पिछले लगभग चार पांच माह से चल रहा था घटना के दिन भी वह बहन का दवा लाने ही रामगढ़ गया हुआ था लौटा तो घर में बहन की यह दशा देखी। उसके सर पर गहरे जख्म के अलावे नाक से खुन निकल रहा था। उसने कहा कि जिसे देख साफ लगता है कि कोई उसकी बहन के साथ गलत करने का प्रयास किया विरोध करने पर अज्ञात द्वारा उसकी यह दशा की गई है। कहा कि उसका पुरा परिवार प्रतिशोध मे किए एक अपराध की भेंट चढ़ गया। माता का देहांत हो गया बहन काफी समय से घर में अकेली समाज के लोगो के भरोसे रहती थी मगर समाज के ही कुछ प्रतिष्ठित लोगो ने उसकी बहन के इज्जत को तार तार कर उसे विक्षिप्त बना डाला। कहा हलांकि वह जेल से अपनी बहन की परवरिश के लिए पैसे भेजता था मगर हवस पुजारी भेड़ियों से अपना बहन को नही बचा सका।

## पीडीएस डीलर पर खाद्यान्न गबन का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत के कुरको गांव की पीडीएस डीलर जागृति महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा खाद्यान्न गबन किये जाने के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में पीडीएस लाभुक कसमार प्रखंड मुख्यालय पंहुचे। जहां दिनभर धरना पर बैठे रहे। लगभग 5 बजे शाम अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पंहुचे तो सभी लाभुकों ने एक स्वर में बताया कि पीडीएस डीलर द्वारा बायोमेट्रिक मशीन पर फिंगर प्रिंट ले लिया जाता है लेकिन खाद्यान्न नहीं देता है। वर्तमान में सितंबरए अक्टूबर व नवंबर का फिंगर प्रिंट लिया है पर अबतक खाद्यान्न नहीं दिया है। प्रिंटआउट रिसीविंग भी नहीं दिया जाता है। डीलर द्वारा लाभुकों के साथ की जानेवाली मनमानी व दुर्व्यवहार की शिकायत पर भी मामले को रफा दफा कर दिया जाता है। अब लाभुक आर या पार की लडाई के मूड में है।

### विरोध प्रदर्शन में थे शामिल

मौके पर जगदीश महतो नरेश महतो महानंद महतो महेश महतो उमेश महतो कन्हा राम महतो राजकुमार महतोए मालती देवी सरूबाला देवीए गीता देवीए बैसाखी देवीए किनो देवीए सावित्री देवीए यशोदा देवीए अचिंत चक्रवर्तीए गुड़िया देवीए भीखनी समेत सैकड़ों लाभुक शामिल थे।

## पेटरवार कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया मृदा दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




बेरमो/पेटरवार। पेटरवार स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया।इस मौके पर क्षेत्र के किसान व बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की छात्राएं मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ अनिल कुमार ने किसानों और छात्राओं को मृदा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि अधिक उपज पाने के लिए एवं खेती में उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए किसानों को समय. समय पर अपने खेतों की मृदा ; मिट्टीद्ध की जांच करानी चाहिए ताकि फसलों का उत्पादन अच्छी हो सके। उन्होंने खास कर छात्राओं से कहा कि बोकारो जिला के शहरी क्षेत्र को छोड़कर पूरा जिला कृषि प्रधान है जहां पर 80 फीसदी किसान खेती का कार्य करके अपनी जीविकोपार्जन करते है और मुख्यरूप से यही आय का मुख्य स्त्रोत है। लेकिन वर्षा के पानी से मिट्टी का कटाव हो जाने के कारण मृदा की उर्वरा शक्ति समाप्त हो जाती है जिसके कारण फसलों की पैदावार में कमी आ जाती है और इसी कमी को पाटने के लिए किसानों को मृदा की जांच कराने के लिए जागरूक होना होगा तभी पैदावार में बढ़ोतरी होगी।

## शिक्षा सचिव ने किया इंटर हाई स्कूल का निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

चिरकुंडा। चिरकुंडा झारखंड सरकार के अवर शिक्षा सचिव सरोजिनी सिंह ने सोमवार को जेकेआआर हिंदी प्लस इन्टर हाई स्कूल का निरीक्षण किया जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम स्कूल के सभी रजिस्टर की बारीकियों से जांच की। उसके बाद सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों के साथ सवाल जवाब किया।जब वह 12वीं कक्षा में पहुंची तो उन्होंने बच्चों से पूछा इंग्लिश में कुछ सवाल जवाब किया जिसमें बच्चे सही जवाब नहीं दे पाए जब उन्होंने दसवीं कक्षा में दसवीं में कक्षाओं में संस्कृत की पढ़ाई हो रही थी जिस पर उपस्थित होकर बच्चों से पूछा कि मैं घर जाता हूं कि संस्कृत में क्या कहा जाता है जिस पर कक्षा के छात्र कुछ भी जवाब नहीं दे पाए वहीं जब उन्होंने नौवीं कक्षा में गणित की बहूपद क्या है पूछा तो कोई भी बच्चे जवाब नहीं दे पाए । जिस पर उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि छात्राओं में शिक्षा की कमी नहीं दिखाई दे रही है कुछ नर्वस होकर अपनी बात नहीं कह पाए साथ ही उन्होंने कहा कि धनबाद जिले के प्रत्येक स्कूल का निरीक्षण करना है ताकि जो भी कमी हो उसको पूरा किया जा सके और पूरे झारखंड में धनबाद जिले को नंबर वन पर रहे।

## उपायुक्त की पत्नी ने दिव्यांग बच्चों को किया सम्मानित

### पहला कदम के दिव्यांगता सप्ताह में स्पोर्ट्स डे का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




धनबाद। सोमवार को जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम में दिव्यांगता सप्ताह के तहत पाँचवे दिन स्पोर्ट्स डे मनाया गया। जिसमें बच्चो का मनोबल बढ़ाने जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार तथा धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह की धर्मपत्नी शिवानी सिंह तथा बीसीसीएल सीएसआर से रुखसाना परवीन आये जिन्होंने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। यह पहला कदम स्कूल के बच्चों के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि दिव्यंका सप्ताह के पांचवें दिन खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार तथा उपायुक्त संदीप सिंह की धर्मपत्नी शिवानी सिंह के हाथों पुरस्कृत किया गया तथा कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास तथा खेल भावना का विकास होता है। खिलाड़ियो को हार से निराश नही होना चाहिए बल्कि नई ऊर्जा के साथ आगे कि तैयारी करनी चाहिए जिससे आगामी प्रयासों में सफलता मिल सके। शिवानी सिंह तथा जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार का सम्मान दुपट्टा ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सचिव अनिता अग्रवाल ने किया।दिलीप कुमार ने कहा कि वे अपने स्तर पर दिव्यांग बच्चों के खेल के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे।सभी बच्चो ने स्वादिष्ट अल्पाहार का लुत्फ लिया।आये हुए सभी अतिथियों का उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

### कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

मूक बधिर जूनियर फ्रॉग रेस में प्रथम देव मंडल, द्वितीय अयान अंसारी, तृतीय कृष्णा मंडल, मुक बधिर जूनियर 50 मीटर दौड़ प्रथम सागर, द्वितीय मोनू,तृतीय देव मंडल ,सी पी मिक्स जूनियर प्रथम पवन,द्वितीय उद्विती,तृतीय अंश राज, बौद्विक दिव्यांग 50 मीटर गर्ल्स प्रथम वर्षा द्वितीय दीपा तृतीय रिष्मा कुमारी एच सीनियर फ्रॉग रेस प्रथम आकिब, द्वितीय सुजीत, तृतीय रोनित, मूक बधिर सीनियर 100 मीटर रन प्रथम रोनित, द्वितीय आकिब, तृतीय सुमित, बौद्धिक दिव्यांग 50 मीटर सीनियर दौड़ में प्रथम राहुल द्वितीय कौशल अग्रवाल,तृतीय समीर उपाध्याय विजयी हुए।

# जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ बुलंद करें आवाज: शंकर

### छत्रुटांड़ बस्ती में जागरूकता रैली



खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के तहत आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट ने क्रिया एवं वोमेन गैनिंग ग्राउंड के सहयोग से हिंसा के खिलाफ हम सबकी आवाज पर जागरूकता रैली एवं हस्ताक्षर छत्रुटांड़ बस्ती में किया गया। रैली एवं हस्ताक्षर अभियान में छत्रुटांड़, मुरलीडीह, कुमारडीह, कदमटांड़ एवं आस पास के किशोरी मण्डल एवं महिला मण्डल के सदस्यों ने भाग लिया। रैली में चुप्पी तोड़ो, हिंसा रोको, लिंग आधारित भेद भाव बंद करो, हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। हस्ताक्षर अभियान की शुरूवात जिला परिषद के उपाध्यक्ष सरिता देवी एवं मुखिया संगीता देवी एवं मुखिया नंदनी कुमारी ने किया। जागरूकता रैली का भ्रमण छत्रुटांड़ बस्ती, मोड़ मुरलीडीह आदि स्थानों का भ्रमण करते हुए नुकड़ सभा में तब्दील हो गया। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के सचिव हलीमा एजाज ने कहा की हास्य पर महिलाओं एवं किशोरियों, विकलांग महिलाओ , ट्रांसजेंडर को लेकर हम सभी को संवेदनशील होना है एवं उनके हक अधिकार व शिक्षा को बढ़ाने के लिए एक साथ आवाज उठाने की आवश्यकता है आज क्षेत्र की महिलाएं समता मूलक समाज निर्माण के लिए संघर्ष कर रही है।

### सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं

मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा की सभ्य समाज में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, महिलाओ को अधिकार तो दिया गया है लेकिन पुरुष प्रधान समाज ही इन अधिकारों का हनन कर रहा है, महिलाएं आज जागरूक हुई है सभी क्षेत्रों मे उनका अहम योग्यदान है। रैली का नेतृत्व हलीमा एजाज एवं गुलनाज बानो ने किया। मुखिया संगीता घोषाल, मुखिया नंदिनी कुमारी,संपद घोषाल, दिनेश कुमार प्रमाणिक आदि मौजूद रहे।

एक नजर में

## रवींद्र उषा सिंह फाउंडेशन व समाजसेवी नरेश महतो ने कंबल का किया वितरण




बेरमो/ फुसरो। डॉ रवींद्र उषा सिंह फाउंडेशन के डॉक्टर उषा सिंह एवं समाजसेवी नरेश महतो ने बरमसिया में बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे जरूरतमंदए गरीब व असहायों के बीच कम्बल वितरण कियाए साथ ही गरीबों का मेडिकल चेकअप किया गयाए यहाँ उपस्थित ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए संस्था के लोगों की सराहना की वहीं डॉ उषासिंह ने कहा कि हम लोग जन सेवा के लिए यह कार्य कर रहे हैंए बताया कि अपनी ओर से चार स्थान पर नि:शुल्क ओपन विद्यालय चलाकर गरीब बच्चों को पढ़ाने का काम किया जा रहा हैए इसके अतिरिक्त जगह .जगह पर मेडिकल कैंप लगाने के साथ ही गरीबों के बीच सामग्री वितरण करने का काम किया जाता हैए मौके पर लक्ष्मण मिश्राए रंजन सिंहए जवाहर साहए रंजित कुमार आदि लोग मौजुद थे।

## स्वयं सहायता समूह ग्रामीण विकास के लिए सहकारिता का प्रवेश द्वार : एसएस सिंह



सिन्दरी। एसपीएम इंटर कॉलेज सिन्दरी में संस्थान के पैतृक संगठन सनातन शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में सोमवार को स्वयं सहायता समूहों का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेल चासनाला महाप्रबंधक (सीएसआर) एस एस सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) ग्रामीण विकास के लिए सहकारिता का प्रवेश द्वार है। उन्होंने कहा कि एसएचजी के विकास ने सरकारी कार्यक्रमों व कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को सुगम कर दिया है। मौके पर मौजूद टाटा स्टील फाउंडेशन के सीएसआर प्रमुख राजेश कुमार ने एसएचजी से जुड़ी महिलाओं के स्वावलंबन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सेल सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) अजय कुमार ने कहा कि संगठन से जुड़ना सेल के लिए सुअवसर होगा। कॉलेज प्राचार्य व सनातन शिक्षण संस्थान अध्यक्ष डॉ जे के बनर्जी ने आज की परिस्थिति में एसएचजी को व्यवस्था के लिए जरूरी और प्रासंगिक बताया। धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज उपप्राचार्य व संस्था सचिव प्रो वी पी सिंह व संचालन प्रो यू एल दास ने किया। मौके पर प्रो पिंकी सिंह, प्रो संजय कुमार, प्रो हबीब अंसारी, प्रो रमा पाठक, प्रो प्रियंका पाठक, प्रो शालिनी श्रीवास्तव, प्रो राकेश कुमार, मदन मोहन पाठक, सुकुमार चक्रवर्ती, मलय मंडल, शिवपूजन सिंह, रूपा चक्रवर्ती, गोपाल धीवर, राकेश महतो, बेबी देवी, जगदीश व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के एसएचजी की महिलाएँ उपस्थित थीं।

## पेज एक का शेष

### लालू प्रसाद यादव का...

जेल प्रबंधन ने पीएमएलए कोर्ट को लिखित जानकारी देते हुए कहा था कि रिम्स अधीक्षक को जेल प्रशासन ने अवगत कराया है कि सीआइपी में इलाज की व्यवस्था की जा रही है। पंकज मिश्रा को वहां शिफ्ट कराने पर आपके यहां से छुट्टी कर दी गयी है।

**नशे की आदत है पंकज मिश्रा को :** जानकारी के अनुसार, पंकज मिश्रा फोर्टविन के इंजेक्शन का लंबे समय से इस्तेमाल करते रहे हैं। पंकज हर रात सोने से पहले यह इंजेक्शन लेते हैं। इसका खुलासा रिम्स में भर्ती होने के बाद डॉक्टरों को खुद पंकज मिश्रा ने किया था। फोर्टविन दर्द निवारक और हल्की बेहोशी की दवा है। यह एक सिंथेटिक नारकोटिक दवा है, जिसका उपयोग डॉक्टर ऑपरेशन से पहले मरीज को हल्की बेहोशी के लिए करते हैं।

**कब क्या हुआ :** इडी ने 19 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया था। उनकी तबीयत खराब हुई, तो उन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया था। 26 नवंबर को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गयी। इडी ने 1000 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लांड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर चार जून को केस दर्ज किया था।

### ऑनलाइन सेब खरीदने...

इन के माध्यम से बाजार समितियों से जुड़े किसान घर बैठे कारोबार कर रहे हैं। ई-नैम के माध्यम से पहली बार अक्टूबर में धनबाद मंडी जम्मू-कश्मीर से सेब मंगाकर चर्चा में आयी थी। वहीं, रामगढ़ बाजार समिति के माध्यम से ओडिशा में शकरकंद भेजा गया था।

**डिजिल भुगतान में सम्मानित हो चुका है झारखंड :** इससे पहले हजारीबाग के चुरचू की फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन नारी ऊर्जा समिति महिला किसानों को फल व सब्जियों के व्यापार का मंच उपलब्ध करा सबसे ज्यादा डिजिटल भुगतान कर देश में पहले नंबर पर रही थी। इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया गया था। इस काम के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने झारखंड की प्रशंसा भी की थी।

# मोदी की मां हीराबा मतदान के लिए व्हीलचेयर से पोलिंग बूथ तक पहुंचीं



पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबा मतदान के लिए व्हीलचेयर से पोलिंग बूथ तक पहुंचीं। 80 वर्ष से ज्यादा और अस्वस्थ सीनियर सिटिजंस के लिए घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई थी। इसके बावजूद 100 की हो चुकीं हीराबा खुद बूथ तक पहुंचीं और मतदान कर उन लोगों को संदेश दिया, जो आलस के चलते मतदान करने नहीं जाते।

**बड़े भाई ने दी सलाह, थोड़ा आराम भी करो...**

वोटिंग के बीच पीएम नरेंद्र मोदी के भाई सोमाभाई ने भाजपा की जीत की उम्मीद जाहिर की है। पीएम मोदी से मुलाकात और बातचीत को लेकर सवाल के जवाब में सोमाभाई ने कहा, "उनको कहा कि आप बहुत कड़ी मेहनत करते हैं, रेस्ट करिए, थोड़ा आराम भी करो। परिश्रम करते हैं तो देखते हैं ना।" यह कहते हुए सोमाभाई भावुक हो गए। उनकी आंखें नम हो गईं और गला भर आया। बड़े भाई के रूप में छोटे भाई की चिंता करते हुए उन्होंने पीएम मोदी को काम के साथ आराम की सलाह दी। चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए पहुंचे पीएम मोदी ने बड़े भाई और मां का आशीर्वाद लिया।

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# जी20 की अध्यक्षता मिलना गौरव की बात

- **पीएम बोले, बॉर्डर के गांवों में रहने वालों से सीधा संपर्क बनायें**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए सोमवार से दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में दो दिवसीय बैठक शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना सभी नागरिकों के लिए गौरव की बात है और यह भारत, भारतीयता और भारतीय संस्कृति को विश्व में स्थापित करने का अवसर है। भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की दो दिवसीय बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बॉर्डर के गांवों में रहने वालों से सीधा संपर्क बनाना है।

उन गांवों को ऐसे स्थानों के रूप में डेवलप किया जाए, जहां टूरिस्ट आएं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने बताया कि बैठक में आगामी राज्य चुनावों पर भी चर्चा होगी। पार्टी नेता बूथों पर अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं। राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा भाजपा की राज्य इकाइयों के अध्यक्ष और महासचिव (संगठन) भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की बैठक का हिस्सा हैं।



### राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर की तैयारियां

पार्टी की आगे की रणनीति, राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर की तैयारियों पर बैठक में चर्चा की जाएगी। पार्टी की उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों सहित नेताओं के कई समूहों को भी शामिल किया गया है, खासकर उन जगहों पर जहां पार्टी 2019 के लोकसभा चुनावों में हार गई थी। वह 2024 में जीत पर नजर गड़ाए हुए हैं। वहीं त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ के अलावा कर्नाटक, एमपी और राजस्थान सहित कुछ चुनावी महत्वपूर्ण राज्यों में लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं।

### दुनिया में हो रही भारत की प्रशंसा

पीएम नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। मोदी ने कहा कि यूक्रेन जंग और कोविड महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच देश आर्थिक रूप से उभरकर आया है। इसकी दुनियाभर में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने वाराणसी में चल रहे काशी तमिल संगमम की भी सराहना की, जो दोनों स्थानों के बीच प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों का जश्न मना रहा है। उन्होंने कहा कि स्नेह मिलन एक विचार है जो उन्होंने पहली बार हैदराबाद में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के दौरान व्यक्त किया था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जैसा कि वाराणसी के प्राचीन नाम काशी में हमेशा देखा जाता है।

## भारत को समर्थन देने पर वैश्विक राजनेताओं का जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता के प्रति समर्थन देने के लिए फ्रांस और अमेरिका के राष्ट्रपतियों सहित वैश्विक नेताओं को धन्यवाद दिया है। मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के एक ट्वीट का जवाब देते हुए मोदी ने ट्वीट किया, 'धन्यवाद मेरे प्यारे दोस्त @एम्मानुएल मैक्रां! मैं भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान आपसे गहराई से परामर्श करने को उत्सुक हूं, क्योंकि हम व्यापक रूप से मानवता को समग्र रूप से प्रभावित करने वाले मुद्दों पर दुनिया का ध्यान केंद्रित करने के लिए काम करते हैं।' जापान के पीएम फुमियो किशिदा के बधाई ट्वीट के जवाब में मोदी ने कहा, 'आपका समर्थन महत्वपूर्ण है। जापान ने वैश्विक कल्याण में बहुत योगदान दिया है और मुझे विश्वास है कि विश्व विभिन्न मोर्चों पर जापान की सफलताओं से सीखता रहेगा।' जो बाइडेन को भी धन्यवाद करते हुए मोदी ने ट्विटर पर कहा, 'धन्यवाद अमेरिका के राष्ट्रपति आपका बहुमूल्य समर्थन भारत की जी-20 अध्यक्षता के लिए शक्ति का स्रोत होगा। यह महत्वपूर्ण है कि हम सब मिलकर एक बेहतर दुनिया का निर्माण करें।

### नवीनतम तकनीक का हो इस्तेमाल

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक अपराधियों का पता लगाने के लिए राजस्व अधिकारियों को नवीनतम तकनीक अपनाने पर जोर दिया है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के 65वें स्थापना दिवस के मौके पर अपने संदेश में मोदी ने कहा कि भगोड़े आर्थिक अपराधियों के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में भारत हमेशा 'अग्रणी' रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि संगठित अपराध और सिंडिकेट की खुफिया जानकारी के साथ जांच और अभियोग में भारत हमेशा सहयोग करता आया है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'जब समस्या वैश्विक है, तो समाधान भी वैश्विक होना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### खीरी केस: आशीष पर चलेगा मुकदमा

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों की हत्या के आरोप में अब उन पर मुकदमा चलेगा। उन पर आरोप है कि उन्होंने लखीमपुर खीरी में आंदोलन के वक्त किसानों पर एसयूवी चढ़ा दी थी।

### शेयर बाजार दबाव में

**मुंबई।** वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू स्तर अधिकांश समूहों में बिकवाली होने से शेयर बाजार सोमवार को दबाव में रहा। सेंसेक्स 33.90 अंकों की गिरावट लेकर 62834.80 अंक पर रहा, निफ्टी 4.95 अंक की मामूली बढ़त लेकर 18701.05 अंक पर रहा।

### सोनाली फोगाट मर्डर केस में सुनवाई टली

**चंडीगढ़।** टिकटॉक स्टार और भाजपा नेत्री सोनाली फोगाट के मर्डर मामले में गोवा की मापूसा कोर्ट में दोनों हत्यारे पेश नहीं किए गए। इस कारण मामले की सुनवाई कोर्ट ने टाल दी। साथ ही कोर्ट ने जेलर को नोटिस जारी कर मामले में स्पष्टीकरण मांग लिया है। अब 16 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। हत्या आरोपी फोगाट का पीए सुधीर सांगवान और उसके साथी सुखविंदर के वकीलों की ओर से जमानत के लिए याचिका नहीं लगाई गई।

### मशहूर फ्रेंच लेखक डोमिनिक का निधन

**पेरिस।** मशहूर फ्रेंच लेखक डोमिनिक लैपियर का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। पत्नी ने बताया लैपियर ने पेरिस में अंतिम सांस ली। डोमिनिक लैपियर भारत में भी उतने ही लोकप्रिय थे जितने फ्रांस और दुनिया के दूसरे देशों में। डोमिनिक का भारत से विशेष लगाव था और इसी लगाव के चलते भारत की आजादी पर उन्होंने 'फ्रीडम ऐट मिडनाइट' जैसी कालजयी कृति की रचना की। कोलकाता की रिक्शा चालक के जीवन पर आधारित उनके नॉवेल 'सिटी ऑफ जॉय' भी बहुत चर्चित उपन्यास है। उनकी इसी लोकप्रियता को देखते हुए भारत सरकार ने 2008 में डोमिनिक को 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था।

## भाजपा, मोदी के खिलाफ शिकायतों पर आयोग की चुप्पी चिंताजनक : कांग्रेस

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन दहाड़े लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं और चुनाव प्रचार के दौरान हो रही उनकी गतिविधियों की जानकारी तथ्यों के साथ आयोग को दी गई है लेकिन वह इस पर चुप्पी साधे हुए है।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुजरात में प्रधानमंत्री वोट देने निकलते हैं और इस दौरान वह ढाई घंटे तक रोडशो करते हैं जिसका सीधा प्रसारण होता है, लेकिन चुनाव आयोग इस पर चुप्पी साध लेता है। इससे पहले कांग्रेस प्रतिनिधियों ने आयोग को गुजरात में चुनाव के दौरान कई अनियमितताओं की जानकारी दी है, लेकिन लगता है कि जैसे आयोग दबाव में काम कर रहा है इसलिए वह चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने कहा कि आयोग हर बात को हवा में उड़ा रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस विधायक कांतिभाई खराड़े ने आयोग को सूचना दी थी कि उनको खतरा है इसलिए उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए, लेकिन आयोग इस पर भी चुप्पी साधे हुए है। खराड़े पर कल रात हमला हुआ तो जान बचाने के लिए जंगल में छिप गये, लेकिन इस शिकायत पर भी आयोग चुप है।

## योगी सरकार ने पेश किया 33 हजार 769 करोड़ का अनुपूरक बजट

**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 33 हजार 769.54 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। बजट में नई योजनाओं के लिए 14000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है। विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। बजट में शहरों के समुचित व समग्र विकास के लिए 4000 करोड़, निजी औद्योगिक पार्कों में अवस्थापना सुविधाएं विकसित करने को 300 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। स्टार्ट अप व इन्क्यूबेटर के लिए 100 करोड़ आवंटित किए गये।

## विदेश मंत्री बोले, रूस से ईयू का तेल आयात भारत से छह गुना

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की विदेश मंत्री दो एनालेना बेयरबॉक दिवसीय भारत दौर पर हैं। इस दौरान उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष डॉ. एस जयशंकर के साथ मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जयशंकर ने पिछले दो साल से जर्मन अधिकारियों के पास रह रही भारतीय बच्ची का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भी बात करते हुए कहा कि यूरोपीय संघ ने फरवरी से नवंबर तक रूस से दस देशों की तुलना में अधिक जीवाश्म ईंधन का आयात किया है। उन्होंने कहा, अरिहा शाह नाम की एक बच्ची से जुड़ा मामला है। हमें चिंता है कि वह अपने भाषाई, धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में होनी चाहिए। यह उसका अधिकार है। हमारा दूतावास जर्मन अधिकारियों के साथ इस पर काम कर रहा है। यह एक ऐसा विषय है जिसे मैंने मंत्रिस्तर पर भी उठाया था।



## एलन मस्क को जान का खतरा

**न्यूयॉर्क।** ट्विटर के नए मालिक और दुनिया के सबसे आमीर आदमी एलन मस्क को जान जाने का डर सता रहा है। मस्क ने शनिवार को दावा किया कि उनके साथ कुछ बुरा होने या यहां तक कि गोली मारने तक का जोखिम है। ट्विटर स्पेस पर दो घंटे की लंबी ऑडियो चैट में मस्क ने कहा कि वह निश्चित रूप से अब किसी भी कोई खुली कार में यात्रा नहीं करेंगे। मस्क ने कहा, 'सच कहूं तो मेरे साथ कुछ बुरा होने या यहां तक कि सचमुच गोली मारे जाने का बड़ा जोखिम है।' उन्होंने कहा यदि आप किसी को मारना चाहते हैं तो ऐसा करना कठिन नहीं है। उम्मीद है कि वे ऐसा नहीं करेंगे।

## यूपी उपचुनाव : मैनपुरी में पिछली बार से 7.3 प्रतिशत कम मतदान



**एजेंसी**

**मैनपुरी/रामपुर/खतौली।** यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट और रामपुर, खतौली विधानसभा सीट पर मतदान खत्म हो चुका है। मैनपुरी में 51.2 %, रामपुर में 31.22 % और खतौली में कुल 56.40 % तक मतदान हुआ। मैनपुरी में पिछली बार 58.5 % मतदान हुआ था। इस बार यह 7.3 % कम है। रामपुर में पिछली बार 56.4% मतदान हुआ था। इस बार यह 25.18 % कम है। इसी तरह खतौली में पिछली बार 69.7% मतदान हुआ। यह पिछली बार से 13.3 % कम है। वोटिंग के बीच अखिलेश यादव ने प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पुलिस लोगों को वोट डालने नहीं दे रही हैं।

## ललन सिंह फिर बने जदयू के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड ने सोमवार को बताया कि सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को पार्टी का फिर से तीन साल के लिए अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। उनका निर्वाचन निर्विरोध हुआ है और वह 2022-2025 के लिए निर्वाचित किए गए हैं। पार्टी के एक बयान में कहा गया कि जनता दल (यू) के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए रविवार को नामांकन की आखिरी तिथि थी और इस पद के लिए केवल एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ जो ललन सिंह का था। बयान में कहा गया कि सोमवार को नामांकन वापसी की तिथि अवधि समाप्त होने पर केवल ललन सिंह का पर्चा बचा था।

## मैंने भी मूनलाइटिंग की, रेडियो शो होस्ट किया : सीजेआइ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में मूनलाइटिंग को लेकर चल रही बहस के बीच उखक जस्टिस चंद्रचूड़ ने भी मूनलाइटिंग करने की बात स्वीकार की है।

गोवा में एक कार्यक्रम में देश के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि 20-22 साल की उम्र में वे मूनलाइटिंग करते थे। मैं उन दिनों वकील था और ऑल इंडिया रेडियो में भी कुछ शो होस्ट करता था। सीजेआइ ने बताया कि कम लोग ही जानते हैं कि करियर के शुरूआती दिनों में मैं नौकरी के साथ रेडियो में भी काम करता था।



वहां मैं प्ले इट कूल, डेट विद यू और संडे रिक्वेस्ट जैसे शो होस्ट करता था।

म्यूजिक को लेकर आज भी मेरा प्रेम बरकरार है। मैं जिस क्षेत्र में हूं, उसमें म्यूजिक सुन पाना काफी मुश्किल होता है। इसीलिए मैं जब भी घर पर होता हूं तो म्यूजिक सुनता हूं।

## पकडुआ बियाह में नेगेटिव किरदार में नजर आयेंगी अनारा गुप्ता



भोजपुरी अभिनेत्री भोजपुरी वेब सीरीज 'पकडुआ बियाह' में नेगेटिव किरदार में नजर आयेंगी। 'पकडुआ बियाह' वेबसीरीज का निर्माण अभय सिन्हा के यशी फिल्म्स द्वारा किया गया है।इसके निर्देशक विकास तिवारी हैं। इस वेबसीरीज में अंकुश राजा और रक्षा गुप्ता के साथ अनारा गुप्ता की अहम भूमिका है। अनारा गुप्ता 'पकडुआ बियाह' से वेबसीरीज में कदम रख रही हैं। इस वेबसीरीज में अनारा गुप्ता नेगेटिव किरदार में नजर आयेंगी। अनारा ने बताया कि उन्होंने अपने सिने करियर के दौरान कई तरह की भूमिका निभायी है लेकिन वह पहली बार पकडुआ बियाह के जरिये नेगेटिव किरदार में नजर आयेंगी। उन्होंने बताया कि 'पकडुआ बियाह' में उनके किरदार का नाम नंदिनी है। नंदिनी का किरदार निभाने के लिये उन्होंने कड़ी मेहनत की है। उम्मीद है कि 'पकडुआ बियाह' में उनका निभाया किरदार दर्शकों को बेहद पसंद आयेगा।




V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com

Contact - 6205574800

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल में लय हासिल करना चाहेंगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**एजेंसी**

**दोहा।** पुर्तगाल की टीम फीफा विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को जब स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीद अंतिम आठ में जगह पक्की करने के साथ स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो से बेहतर प्रदर्शन की होगी। मौजूदा विश्व कप में भाग ले रहे स्टार खिलाड़ियों में काइलियान एमबापे टूर्नामेंट के शीर्ष गोल स्कोरर बन गये हैं जबकि दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने ज्यादा गोल नहीं करने के बाद भी अपने खेल से प्रभावित किया है। इस मामले में रोनाल्डो अभी तक प्रतिभा से न्याय नहीं कर सके हैं। रोनाल्डो मौजूदा टूर्नामेंट के अपने शुरूआती मैच में गोल कर हालांकि पांच विश्व कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। लेकिन इसके बाद वह गेंद को नेट में डालने में सफल नहीं रहे। शायद उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नॉकआउट दौर के लिए बचा के रखा है। विश्व कप में उन्होंने कुल आठ गोल किए हैं लेकिन इसमें से कोई भी गोल नॉकआउट चरण में नहीं हुआ है। पांच बार फीफा के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो संभवतः अपना आखिरी विश्व कप खेल रहे हैं और वह इसमें खिताब से कम कुछ भी नहीं चाहेंगे। स्विट्जरलैंड की टीम 1954 के बाद पहली बार विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है लेकिन पुर्तगाल के लिए यह चुनौती आसान नहीं होगी। यह वही टीम है जिसने पिछले साल यूरोपीय चैंपियनशिप में फ्रांस को अंतिम 16 मैच में हराकर बाहर किया था। स्विट्जरलैंड पिछले कुछ समय से अपने महाद्वीप की सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है।




## पेरू पैरी-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय में भारत ने जीते छह स्वर्ण

**लिमा (पेरू)।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम की अगुवाई में भारत ने पेरू पैरा-बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय 2022 में छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर अपना अभियान समाप्त किया। कदम ने पुरुष एसएल4 श्रेणी के फाइनल में सिंगापुर के ची ह्योंग एंग को 21-14, 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि नेहल गुप्ता ने पुरुष एसएल3 फाइनल में फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से मात दी।

## अंडर-19 महिला विश्व कप में शेफाली करेंगी भारत की कप्तानी

**मुंबई।** भारत की 18 वर्षीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले पहले अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। शेफाली सितंबर 2019 में वरिष्ठ टीम की ओर से पदार्पण करने के बाद दो टेस्ट, 21 वनडे और 46 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं।

## 847 रन बनाये, फिर भी हारा पाक इंग्लैंड ने 74 रन से दी शिकस्त



**एजेंसी**

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी की जिस पिच को सपाट सड़क कहा जा रहा था। जिस पिच पर गेंदबाजों को कोई मदद नहीं थी, उसी 22 गज की पट्टी पर पाकिस्तान ने टेस्ट मैच गंवा दिया। इंग्लैंड की टीम ने मैच के आखिरी पाकिस्तान के 8 विकेट गिरा दिए। पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 268 रनों पर ढेर हो गई। पहली पारी में पाकिस्तान ने 579 रन बनाए थे लेकिन इसके बावजूद वो अपनी हार नहीं टाल पाया। इंग्लैंड ने 74 रनों से मैच जीता। इंग्लैंड ने पहली पारी में 657 रन बनाए। इस दौरान इंग्लिश टीम के चार बल्लेबाजों ने शतक जड़े। जवाब में पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 579 रन बनाए। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने सात विकेट पर 264 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। इस तरह इंग्लिश टीम को कुल 342 रन की बढ़त हासिल हुई और टीम ने पाकिस्तान के सामने 343 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में पाकिस्तान की टीम पांचवें दिन 268 रन पर सिमट गई।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII
- Class VIII Today (Combined) ₹ 250
- Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
- Mathematics Practical ₹ 60
- Science Practical ₹ 60
- S. Science Practical ₹ 60
- Hindi Vyakaran–I ₹ 60
- English Grammar–I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

Classes VI & VII
- Class VII Today (Combined) ₹ 240
- Class VI Today (Combined) ₹ 240
- Hindi Vyakaran–I ₹ 60
- English Grammar–I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran–I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!